सूर्योदय 5:28 सूर्यास्त 7:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.2 न्यू | 26.0 अधि |
| धर्मशाला | 18.8 न्यू | 31.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77,054 |
| निफ्टी | 24,052 |
| सोना | 1,42,000 |
| चांदी | 2,19,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 15 जुलाई 2026 | 31 आषाढ़, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 197, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: 8894521702

MODGIL DIAGNOSTIC LAB 24 घंटे सेवा
Sample Collection Service From Home
KANGRA (TANDA) CHAMBA PAPROLA
MODGIL DIAGNOSTIC LAB
CHAMBA, (Near Pt. JLN Govt. Medical College)
Contact No.: 01899-350129
62305-18484, 70189-50289
Email: modgildiagnosticlabchamba@gmail.com

## न्यूज शॉर्ट्स

### धार भोजशाला परिसर के पास हर शुक्रवार को होगी नमाज : सुप्रीम कोर्ट



**एजेंसी, धार।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को धार भोजशाला मंदिर के पास नमाज के लिए कोई खुला स्थान देने को कहा है। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हर शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज के लिए यह जगह दी जाए। अदालत ने यह भी कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) बिना कोर्ट की मंजूरी परिसर में किसी भी तरह का बदलाव न करे। सुप्रीम कोर्ट एमपी हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें परिसर को मंदिर करार दिया गया है। सुनवाई के बाद भोजशाला संयोजक गोपाल शर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार भोजशाला में नियमित पूजा-अर्चना जारी रहेगी। वहीं, तय जगह पर मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

### जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े पांच संदिग्ध हिरासत में

**एजेंसी, अहमदाबाद।** गुजरात एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से कथित संबंधों की जांच के तहत पाटन जिले के सिद्धपुर शहर से पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया है। सभी संदिग्धों को पूछताछ के लिए अहमदाबाद लाया गया है। एटीएस अधिकारियों के अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया सूचना के आधार पर की गई। इससे पहले गुजरात और मध्य प्रदेश एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आठ संदिग्धों को पकड़ा गया था। उसी जांच को आगे बढ़ाते हुए सिद्धपुर में यह कार्रवाई की गई। जांच एजेंसियां हिरासत में लिए गए लोगों के आतंकी नेटवर्क से संबंध, गतिविधियों और संभावित भूमिका की जांच कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि जांच पूरी होने के बाद ही आगे की जानकारी साझा की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### जून में थोक महंगाई बढ़कर 9.87 फीसदी पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली।** खाद्य व गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी के चलते जून में थोक महंगाई दर बढ़कर 9.87 फीसदी हो गई है। मई में यह दर 9.68 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई में खनिज तेल, खाद्य वस्तुओं, मूल धातुओं और रासायनिक उत्पादों की कीमतों का असर रहा। आंकड़ों के मुताबिक जून में खाद्य वस्तुओं की थोक महंगाई बढ़कर 5.49 फीसदी रही, जबकि मई में यह 3.60 फीसदी थी। ईंधन एवं बिजली श्रेणी में महंगाई 27.41 फीसदी दर्ज की गई। विनिर्मित उत्पादों की थोक महंगाई जून में 7.48 फीसदी पर स्थिर रही। वहीं, खुदरा महंगाई भी जून में बढ़कर 4.38 फीसदी पर पहुंच गई है। (अनंत ज्ञान)

### आसाराम ने सुप्रीम कोर्ट से लगाई जमानत की गुहार



**एजेंसी, नई दिल्ली।** नाबालिग से दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे आसाराम ने मेडिकल आधार पर जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उनकी याचिका पर 17 जुलाई को सुनवाई होगी। कोर्ट ने तत्काल सुनवाई की मांग स्वीकार करते हुए मामले को सूचीबद्ध कर दिया है। आसाराम के वकील डीएस नायडू ने बताया कि 8 जुलाई को उन्हें आंतरिक रक्तस्राव के बाद एम्स जोधपुर में भर्ती कराया गया था। उन्होंने अदालत को बताया कि आसाराम की हालत गंभीर है और उन्हें रक्त चढ़ाना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल केवल सुनवाई की तारीख तय की है। जमानत देने या याचिका के गुण-दोष पर फैसला सुनवाई के बाद होगा। (अनंत ज्ञान)

# पीएम की मौजूदगी में जल्द होगा किशाऊ प्रोजेक्ट का एमओयू : सीएम

## हिमाचल के अधिकार पूरी तरह रहेंगे सुरक्षित, 422 मेगावाट की रणनीतिक परियोजना पर बनी सहमति

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के लिए वर्षों से लंबित किशाऊ बहुउद्देश्यीय जलविद्युत परियोजना अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में भारत सरकार और साझेदार राज्यों के बीच परियोजना से संबंधित समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर शीघ्र हस्ताक्षर होने की संभावना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने परियोजना को आगे बढ़ाने से पहले हिमाचल के अधिकारों और दीर्घकालिक हितों को पूरी तरह सुरक्षित किया है। इसी उद्देश्य से उन्होंने एमओयू के प्रारूप की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 422 मेगावाट क्षमता वाली यह परियोजना हिमाचल की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगी। संशोधित व्यवस्था के तहत राज्य को परियोजना में किसी प्रकार का पूंजीगत निवेश नहीं करना पड़ेगा, जबकि इसके बदले प्रदेश को प्रतिवर्ष लगभग 600 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था राज्य के वित्तीय हितों की रक्षा करने के साथ-साथ भविष्य की आर्थिक मजबूती का भी आधार बनेगी।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार ने पूर्व में तैयार किए गए एमओयू के प्रारूप को स्वीकार करने के बजाय उसे प्रदेश के हितों के अनुरूप संशोधित कराया। सभी संबंधित पक्षों की सहमति से ऐसी शर्तें तय कराई गईं, जिनसे हिमाचल के जल, बिजली और अन्य वैध अधिकार पूरी तरह सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था के तहत सभी साझेदार राज्यों को उनका उचित हिस्सा मिलेगा। वहीं, हिमाचल प्रदेश को अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप जलाशय से पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य ने यमुना बेसिन में 378 मिलियन घन मीटर जल पर अपना अधिकार भी सुरक्षित रखा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकार ने परियोजना में हिमाचल की हिस्सेदारी के रूप में लगभग 800 करोड़ रुपए का वित्तीय योगदान देने पर सहमति जताई थी, लेकिन वर्तमान सरकार ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए इसका कड़ा विरोध किया। लगातार प्रयासों के बाद ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिसके तहत हिमाचल को बिना पूंजी निवेश के ही परियोजना के सभी वैध लाभ मिलेंगे।

### बीबीएमबी बकाया वसूली के प्रयास तेज

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर मजबूती से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) की परियोजनाओं से हिमाचल को मिलने वाली 13,066 मिलियन यूनिट बिजली के लंबित बकाये को प्राप्त करने के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद यह मामला करीब 15 वर्षों से लंबित है और राज्य सरकार इसे तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए केंद्र के समक्ष लगातार पैरवी कर रही है।

# ईरानी हमले में एक भारतीय की मौत, डिप्लोमेट तलब

**एजेंसी, तेहरान/वॉशिंगटन**

ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में सोमवार देर रात यूएई के दो तेल टैंकरों एमटी अल बहियाह और एमटी मोम्बासा पर क्रूज मिसाइलों से हमला किया। इसमें एक भारतीय की मौत हो गई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों जहाजों में 46 क्रू मेंबर्स थे, जिसमें कुल 30 भारतीय थे।

मंत्रालय के मुताबिक एमटी अल बहियाह पर सवार 12 भारतीयों में से एक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। वहीं, एमटी मोम्बासा पर मौजूद 18 भारतीयों में से 9 घायल हुए हैं। इनमें 2 की हालत गंभीर बताई गई है। भारत ने मंगलवार सुबह ईरान के उप राजदूत मोहम्मद जवाद हुसैनी समेत ईरानी डिप्लोमेट्स को तलब किया। विदेश मंत्रालय ने घटना पर गंभीर चिंता जताई और ईरानी मिशन से जवाब मांगा।

इधर, अमेरिका ने मंगलवार सुबह ईरान पर करीब पांच घंटे बमबारी की। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, बुशहर, चाबहार, जास्क, कोनार्क, अबू मूसा और बंदर अब्बास स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। होर्मुज में तनाव बढ़ने के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वैश्विक मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत बढ़कर 86 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) का भाव 80 डॉलर प्रति बैरल हो गया। दोनों ही एक महीने के सबसे ऊंचे स्तर पर हैं।



### ◆ अमेरिका की ईरान पर सैन्य कार्रवाई तेज; कच्चे तेल के बढ़े दाम, भारत ने बढ़ाई निगरानी

एक्सपर्ट्स के मुताबिक अगर हालात और बिगड़ते हैं तो ब्रेंट क्रूड की कीमत 95 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है। इसका असर पेट्रोल और डीजल समेत ईंधन की कीमतों पर पड़ सकता है। जून में ईंधन के दाम कुछ नरम पड़े थे, क्योंकि ईरान और अमेरिका के बीच समझौते के बाद तेल की कीमतें युद्ध-पूर्व स्तर पर लौट आई थीं। होर्मुज स्ट्रेट में बढ़ते तनाव के बीच भारत ने 24 घंटे निगरानी रखने के लिए कंट्रोल रूम एक्टिव कर दिया है। भारतीय नौसेना के साथ मिलकर हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। फिलहाल फारस की खाड़ी में भारत के झंडे वाले 7 जहाज संचालित हो रहे हैं, जिन पर 148 भारतीय नाविक सवार हैं। (अनंत ज्ञान)

# संभल में फिर चला बुलडोजर

## सरकारी जमीन पर बनी अवैध ईदगाह जमींदोज

**एजेंसी, संभल**

उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में सरकारी जमीन पर अवैध रूप से खड़े गए ढांचों को ध्वस्त करने का काम तेजी से जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव मढ़न में अवैध रूप से बनी ईदगाह पर बुलडोजर एक्शन करते हुए इस ध्वस्त किया गया। सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करने के अभियान के अंतर्गत राजस्व विभाग की टीम की उपस्थिति में यह कार्य किया गया। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तीन थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गयी थी।



मढ़न गांव में कब्रिस्तान की भूमि गाटा संख्या 208 रकवा हेक्टेयर व गाटा संख्या 210 रकवा 0. 128 पर हुए अवैध कब्जे को हटाने के लिए तहसीलदार न्यायालय ने बेदखली के आदेश दिए थे। इसके लिए तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने नायब तहसीलदार दीपक जुरैल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया जो मंगलवार को कार्रवाई करने के लिए मढ़न गांव में पहुंची। इसके बाद तहसीलदार आरएएफ और तीन थानों की पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध ईदगाह पर बुलडोजर एक्शन किया। (अनंत ज्ञान)

# चारा घोटाला : लालू यादव को 'सुप्रीम' राहत, जमानत रद्द करने से इनकार



**एजेंसी, पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को चारा घोटाले के देवघर कोषागार मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। अदालत ने फिलहाल उनकी जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने की सीबीआई की मांग भी स्वीकार नहीं की, जिसमें लालू यादव को जमानत दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि वर्तमान स्थिति में हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

सीबीआई ने जमानत रद्द करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान जांच एजेंसी ने तर्क दिया कि सजा निलंबित करने का आदेश उचित आधार पर नहीं दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट को लंबित अपील की सुनवाई जल्द पूरी करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि संभव हो तो छह महीने के भीतर मामले का निपटारा किया जाए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मामले से जुड़े कानूनी पहलुओं पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है और आगे की सुनवाई में इन पर विचार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# वांगचुक 17 दिन से अनशन पर, 8.5 किलो वजन घटा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का मंगलवार को 17वां दिन है। उनकी सेहत लगातार बिगड़ रही है। वजन 8.5 किग्रा कम हो गया है। अनशन शुरू होने पर वजन 67 किग्रा था। वांगचुक नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी के मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 28 जून से अनशन कर रहे हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा, एक्टर नसीरुद्दीन शाह, रत्ना पाठक शाह, राइटर अरुंधति रॉय समेत कई प्रमुख हस्तियों ने सोनम से अनशन खत्म करने की अपील की है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने कहा कि सरकार को वांगचुक की कोई चिंता नहीं है। सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि वांगचुक की जान को खतरा है। सरकार को मांगों पर ध्यान देना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### ◆ कॉकरोच जनता पार्टी बोली- केंद्र सरकार बेपरवाह



# राममंदिर ट्रस्ट कोषाध्यक्ष बोले- चढ़ावे से 3 करोड़ रुपए हुए चोरी

**एजेंसी, अयोध्या**



अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा कि जहां तक मेरा अनुमान है करीब 3 करोड़ रुपए की चोरी हुई होगी। 14 करोड़ रुपए के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी होने की बात गलत है। गोविंददेव गिरि ने पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने इस्तीफे की खबरों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने कोई इस्तीफा नहीं दिया है।

इधर, अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने चढ़ावा चोरी के आरोपी लवकुश मिश्रा के निर्माणाधीन मकान पर अंतिम नोटिस चस्पा कर दिया है। एडीए ने इससे पहले 3 जुलाई को नोटिस दी थी, लेकिन लवकुश की पत्नी सुप्रिया मिश्रा ने कोई जवाब नहीं दिया। अब प्राधिकरण ने 15 जुलाई तक का अंतिम अवसर दिया है।

एडीए ने चेतावनी दी है कि अगर जवाब नहीं मिला तो निर्माणाधीन मकान को सील कर दिया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की वेबसाइट से पूर्व महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र का नाम हटा दिया गया है। इससे पहले दोनों की वीआईपी पास आईडी भी ब्लॉक कर दी गई थी। ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव कृष्ण मोहन और ट्रस्टी महंत दिनेंद्र दास के नाम पर नई वीआईपी पास आईडी जारी की गई है। (अनंत ज्ञान)

# शाहरुख खान के बंगले मन्नत के रेनोवेशन पर रोक नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान के मुंबई स्थित बंगले 'मन्नत' के रेनोवेशन का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने मन्नत में दो नई मंजिलें बनाने पर रोक की मांग करने वाली याचिका खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने याचिकाकर्ता संतोष दौंडकर की नीयत पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि अगर कोई अपने निजी घर में बदलाव या निर्माण करना चाहता है तो यह उसकी मर्जी है, कानून का मोटे तौर पर पालन किया गया है।

याचिकाकर्ता की नीयत पर उठाए सवाल सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिका दायर करने वाले मुंबई के सामाजिक कार्यकर्ता संतोष दौंडकर की नीयत पर सवाल उठाए। बेंच ने कहा कि यह एक निजी घर है। अगर इसमें रहने वाले लोग अपने हिसाब से बदलाव करना चाहते हैं, तो यह उनकी पसंद है। कोर्ट ने कहा कि कानून का मोटे तौर पर पालन किया गया है, तो किसी पड़ोसी या किसी दूसरे व्यक्ति को इसमें दखल क्यों देना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में 18 से 20 जुलाई तक फिर बरसेंगे मेघ

## चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला में तेज बारिश, आंधी और बिजली गिरने की संभावना

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर मानसून रौद्र रूप दिखाने की तैयारी में है। भारत मौसम विज्ञान विभाग शिमला ने 17 जुलाई से प्रदेश में वर्षा गतिविधियों के तेज होने का पूर्वानुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार 18, 19 और 20 जुलाई के दौरान प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश, तेज हवाएं, गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की प्रबल संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों से अगले कुछ दिनों तक अतिरिक्त सतर्कता बरतने और मौसम संबंधी चेतावनियों पर लगातार नजर बनाए रखने की अपील की है।



मौसम विभाग के अनुसार चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों के कई क्षेत्रों में भारी वर्षा हो सकती है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, गर्जन के साथ बिजली चमकने और कुछ स्थानों पर अत्यधिक वर्षा की स्थिति बनने की आशंका है। लगातार बारिश के चलते पहाड़ी क्षेत्रों में भूस्खलन, चट्टानें गिरने, सड़कें बाधित होने और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी पैदा हो सकती है।

आईएमडी ने साफ किया है कि भारी बारिश के दौरान नदी-नालों और खड्डों का जलस्तर अचानक बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को नदी-नालों के किनारे जाने से बचने, अनावश्यक यात्रा नहीं करने और विशेष रूप से रात्रि के समय पहाड़ी मार्गों पर सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बीते 24 घंटों के दौरान भी प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। पंडोह में 17.4 मिलीमीटर, जबकि जोगिंदरनगर और सोलन में 3-3 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। न्यूनतम तापमान कुकुमसेरी में 10.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान ऊना में 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# पहलगाम आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**एजेंसी, श्रीनगर**

पहलगाम आतंकी हमले की चल रही जांच के सिलसिले में एक विशेष एनआईए अदालत ने पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। यह आदेश एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश ने 8 जुलाई को पारित किया। इससे दो दिन पहले ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकी हमले के मामले में सईद के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया था।

सईद को भारत और अमेरिका दोनों ने वैश्विक आतंकवादी घोषित कर रखा है। उसे 2008 के मुंबई आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड भी माना जाता है। जम्मू की विशेष एनआईए अदालत में दाखिल पूरक आरोपपत्र में सईद पर व्यक्तिगत तौर पर और लश्कर-ए-तैयबा व उसके सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट के प्रमुख के रूप में भी आरोप लगाए गए हैं। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

कोर्ट के आदेश के मुताबिक, एनआईए ने अदालत को बताया कि फरार आतंकी हाफिज सईद, जो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा का रहने वाला है, पहलगाम आतंकी हमले में आरोपी है और जान-बूझकर गिरफ्तारी से बच रहा है। एजेंसी ने उसके खिलाफ खुली तारीख वाला गैर-जमानती वारंट जारी करने की मांग की थी ताकि आगे की कार्रवाई शुरू की जा सके। (अनंत ज्ञान)

**सख्ती** 120 संपत्तियां अटैच, अब गैर-बंधक निजी संपत्ति भी हो सकेगी कुर्क

# बघाट बैंक के 70 करोड़ के बकायेदारों पर कड़ी कार्रवाई की तैयारी

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के डिफॉल्टरों पर अब पहले से कहीं अधिक सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैंक के प्रशासनिक बोर्ड ने रिकवरी अभियान को तेज करते हुए 120 नई संपत्तियों को अटैच करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जरूरत पड़ने पर डिफॉल्टरों की गिरफ्तारी और जेल भेजने की कार्रवाई भी की जा सकती है।





बघाट बैंक।

फैक्ट फाइंडिंग कमेटी की जांच में सामने आया है कि लापरवाही से स्वीकृत ऋणों के 59 बड़े डिफॉल्टर बैंक के करीब 70 करोड़ रुपए दबाए बैठे हैं। ऐसे मामलों में अब केवल मॉर्गेज (बंधक) संपत्ति ही नहीं, बल्कि कानूनी प्रक्रिया के तहत डिफॉल्टरों की गैर-बंधक निजी संपत्ति भी कुर्क की जा सकेगी।

प्रशासनिक बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में बैंक अधिकारियों या तत्कालीन बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की जिम्मेदारी तय होती है, तो नियमों के अनुसार उनकी संपत्तियों पर भी कार्रवाई का प्रावधान है। बैंक का मानना है कि सख्त रिकवरी अभियान से वित्तीय स्थिति मजबूत होगी और बैंक के पुनर्जीवन (रिवाइवल) में मदद मिलेगी।

रिकवरी के लिए सहायक पंजीयक सहकारी समितियां सोलन के माध्यम से आर्बिट्रेशन और एक्सेक्यूशन की कानूनी कार्रवाई तेज की जाएगी। बैंक का फोकस अब पूंजी (कैपिटल शेयर) बढ़ाने के साथ-साथ बकाया ऋणों की प्रभावी वसूली पर रहेगा, ताकि बैंक को रिवाइवल की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके।

### एनपीए की स्थिति चिंताजनक

**बघाट** बैंक में वर्तमान में 380 एनपीए (नॉन-परफॉर्मिंग एसेट) के मामले हैं, जिनमें करीब 118 करोड़ रुपए फंसे हुए हैं। बैंक प्रबंधन का मानना है कि प्रभावी रिकवरी से न केवल एनपीए कम होगा बल्कि बैंक की वित्तीय सेहत भी सुधरेगी।

### क्या कहते हैं बैंक के प्रशासक



**बैंक** के प्रशासक नीरज सूद ने कहा कि यदि शेयर कैपिटल बढ़ाने के साथ रिकवरी में भी सुधार होता है तो बैंक का रिवाइवल पूरी तरह संभव है। इसी उद्देश्य से ठोस रणनीति बनाकर गंभीरता से काम शुरू कर दिया गया है।

# पहली से खुलेगा शिपकिला–चीन व्यापार मार्ग

## सीमा पर कारोबार को मिली नई रफ्तार, 30 नवंबर तक चलेगा वस्तु विनिमय व्यापार, प्रशासन ने तैयारियां की तेज

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** किन्नौर जिले के ऐतिहासिक शिपकिला–चीन सीमा व्यापार को लेकर प्रशासन ने तैयारियां अंतिम चरण में पहुंचा दी हैं। उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया है कि शिपकिला के रास्ते भारत–चीन वस्तु विनिमय व्यापार 1 अगस्त 2026 से शुरू होकर 30 नवंबर 2026 तक संचालित होगा। सीमा व्यापार को सुचारु, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना के तहत तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्णय उपायुक्त कार्यालय रिकांगपिओ में आयोजित समीक्षा बैठक में लिया गया।



समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त डॉ. अमित कुमार शर्मा। अनंत ज्ञान

उपायुक्त ने बैठक में कहा कि व्यापार शुरू होने से पहले सभी व्यापारियों के यात्रा और व्यापार संबंधी दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराए जाएं। इसके लिए तहसीलदार पूह भीम सिंह नेगी, जिन्हें ट्रेड अधिकारी नियुक्त किया गया है, को स्थानीय व्यापारियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी को औपचारिकताओं के कारण परेशानी नहीं होनी चाहिए और सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी की जाएं।

बैठक में उपायुक्त ने छुप्पन ट्रेड मार्ट के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड मार्ट सीमा पार होने वाले वस्तु विनिमय व्यापार को अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाएगा। इसके माध्यम से निर्यात और आयात की निर्धारित वस्तुओं के संचालन में तेजी आएगी तथा व्यापारियों को आवश्यक आधारभूत सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

### सभी एजेंसियों के बेहतर समन्वय पर रहेगा जोर

**उपायुक्त** ने अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी पूह रविंद्र सिंह ठाकुर को विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय, सेना, कस्टम विभाग तथा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल सहित सभी संबंधित एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों के कार्यों में तालमेल बनाए रखना आवश्यक है ताकि व्यापार संचालन के दौरान किसी प्रकार की प्रशासनिक बाधा उत्पन्न न हो।

### बैठक में ये रहे मौजूद

**बैठक** में आईबी, राज्य पुलिस, कस्टम विभाग व भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल को भी अपने-अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक का संचालन अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी पूह रविंद्र सिंह ने किया तथा सीमा व्यापार की तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

# मेल–मातलु सड़क की मरम्मत जल्द, माता कोट काली मंदिर परिसर में किया जाए छत निर्माण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत रतनाडी और बाघी की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सचिवालय में प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मिला। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बाघी, रतनाडी क्षेत्र के बीडीसी सदस्य शिशुपाल शर्मा व ग्राम पंचायत रतनाडी के प्रधान सुनील ठाकुर ने किया।



रतनाडी–बाघी की समस्याएं लेकर शिक्षा मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल।

प्रतिनिधिमंडल ने विशेष रूप से मेल–मातलु सड़क, जोकि बखराला होकर गुजरती है, की जर्जर स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि सड़क पर जगह–जगह बड़े गड्ढे बन चुके हैं, जिससे वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आगामी सेब सीजन को देखते हुए इस सड़क की तत्काल मरम्मत और पैचवर्क करवाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि बागवानों को अपनी फसल मंडियों तक सुरक्षित और सुगमता से पहुंचाने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। प्रतिनिधिमंडल ने बखराला स्थित माता महाकाली मंदिर परिसर में धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों की सुविधा के लिए ग्राउंड के ऊपर छत निर्माण हेतु तीन लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने का भी आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में वर्षभर भंडारे, देवकार्य और अन्य धार्मिक आयोजन होते रहते हैं, लेकिन छत के अभाव में श्रद्धालुओं को धूप, बारिश और अन्य मौसम संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त सुंदरनगर क्षेत्र में पेयजल सुविधा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक जल भंडारण टैंक के निर्माण की मांग भी मंत्री के समक्ष रखी गई। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रतिनिधिमंडल की सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा जनहित से जुड़े कार्यों को शीघ्र आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

### शिक्षा मंत्री ने मांगों को पूरा करने का दिया अश्वासन

# सब्जी मंडी मार्ग बहाली को लेकर भाजपा ने नगर निगम को सौंपा ज्ञापन

## भूस्खलन से बंद रास्ते को जल्द खोलने की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के लोअर बाजार स्थित सब्जी मंडी को कार्ट रोड से जोड़ने वाले भूस्खलन प्रभावित मार्ग की शीघ्र बहाली की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने मंगलवार को नगर निगम आयुक्त सचिन कंवल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि हालिया भारी बारिश और भूस्खलन के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त होने से किसानों, आढ़तियों, व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कृषि उत्पाद समय पर मंडी तक नहीं पहुंच पाने से किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है, वहीं इसका असर सब्जियों की उपलब्धता और कीमतों पर भी दिखाई देने लगा है।

कर्ण नंदा ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए इस मार्ग की युद्धस्तर पर मरम्मत कर जल्द यातायात बहाल किया जाना आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि सड़क पूरी तरह ठीक होने तक किसानों और व्यापारियों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग तथा कृषि उत्पादों की ढुलाई की अस्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और जिला प्रशासन के समन्वय से कार्य में तेजी लाने तथा भविष्य में ऐसे



संवेदनशील स्थलों पर रिटेनिंग वॉल, बेहतर ड्रेनेज और ढलान संरक्षण जैसे स्थायी सुरक्षा उपाय करने की भी मांग उठाई।

नगर निगम आयुक्त सचिन कंवल ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनहित में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। इस अवसर पर कर्ण नंदा ने कहा कि भाजपा किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठाती रहेगी तथा प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत दिलाने के लिए प्रशासन से प्रभावी कार्रवाई की अपेक्षा रखती है।

# फनेवटी में भूस्खलन से मकानों को खतरा

## डंगा गिरने से बढ़ी चिंता, जिप सदस्य खुश विक्रम सेन ने लिया मौके का जायजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** लगातार हो रही बारिश के बीच डुबलू–जुन्गा सड़क पर फनेवटी गांव के समीप हुए भूस्खलन ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पहाड़ी से डंगा गिरने के कारण सड़क किनारे स्थित मकानों पर खतरा मंडराने लगा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला परिषद सदस्य चमियाना वार्ड खुश विक्रम सेन ने ग्राम पंचायत जनेडघाट की प्रधान सुचिता आनंद, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों तथा स्थानीय ग्रामीणों के साथ प्रभावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूस्खलन से प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेते हुए अधिकारियों को तत्काल सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने और भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए स्थायी समाधान की दिशा में शीघ्र कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने भी अपनी समस्याओं और आशंकाओं से उन्हें अवगत कराया।

खुश विक्रम सेन ने कहा कि डुबलू–जुन्गा सड़क क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों, मरीजों और हजारों ग्रामीणों के लिए



भूस्खलन प्रभावित स्थल का निरीक्षण करते विक्रम सेन। अनंत ज्ञान

जीवनरेखा है। पिछले वर्ष भी भारी वर्षा के कारण यह मार्ग कई दिनों तक बाधित रहा था, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था।

उन्होंने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के अनेक गांवों को राजधानी शिमला से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है, इसलिए इसकी सुरक्षा और यातायात की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रभावित परिवारों की सुरक्षा और सड़क के स्थायी संरक्षण के लिए वह सरकार और लोक निर्माण विभाग के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए हैं तथा आवश्यक कार्यों को जल्द शुरू करवाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्होंने सरकार और विभाग से शीघ्र प्रभावी कार्रवाई कर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान करने की मांग की।

# विकास और सुशासन का सशक्त मॉडल बनकर उभरा उत्तर प्रदेश: अनुराग ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट कर विकास, सुशासन और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को उत्तर प्रदेश सरकार ने आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के रूप में प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज डबल इंजन सरकार के सफल मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है, जहाँ निर्णायक नेतृत्व, प्रभावी क्रियान्वयन और जनकल्याणकारी नीतियों ने विकास को नई गति दी है।

अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य आज सुरक्षित, समृद्ध, निवेश–अनुकूल और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में



उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रहा है।

अनुराग ने कहा कि उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति अत्यंत प्रभावशाली रही है। वर्ष 2016–17 में राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 13.30 लाख करोड़ था, जो वर्ष 2024–25 में बढ़कर 30.25 लाख करोड़ हो गया है। वर्ष 2025–26 में इसके 36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। इस अवधि में राज्य की औसत वार्षिक विकास दर 10.8 प्रतिशत रही है। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी भी 8.6 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 9.1 प्रतिशत हो गई है।

# राम मंदिर मामले में जांच की मांग को लेकर सड़क पर उतरी ऊना कांग्रेस



राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ऊना ने मंगलवार को जिला मुख्यालय में पदयात्रा निकाली। पदयात्रा का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष देसराज गौतम ने किया। इस दौरान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, विधायक सुदर्शन बबलू, विधायक विवेक शर्मा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मंदिर चढ़ावे से जुड़े मामले पर केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करवाने की मांग की तथा सभी तथ्यों को सार्वजनिक करने की बात कही।

वहीं भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें निराधार और राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताया। भाजपा नेताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई है और कांग्रेस जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है।

# चंदा चोरी के विरोध में कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

## जिला कांग्रेस बैठक के बाद मंडी शहर में किया प्रदर्शन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** जिला कांग्रेस कमेटी मंडी की बैठक जिला अध्यक्ष चंपा ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला प्रभारी बंबर ठाकुर, पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री ठाकुर कौल सिंह, पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर तथा एपीएमसी अध्यक्ष संजीव गुलेरिया सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया।

बैठक के उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राम मंदिर में हुई चंदा चोरी की घटना के विरोध में मंडी शहर में पदयात्रा निकाली, जिसका समापन राम मंदिर में भजन–कीर्तन के साथ हुआ। प्रदेश हाईकमान के निर्देशानुसार जिला स्तर पर चंदा चोरी के विरोध में पैदल यात्रा और भजन–कीर्तन का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि राम मंदिर में चंदा चोरी की घटना बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मामले की निष्पक्ष




चंदा चोरी के विरोध में कांग्रेस ने पदयात्रा निकाली। अनंत ज्ञान

जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

इस अवसर पर मंडी जिला के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, अग्रणी संगठनों के प्रमुख, जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी तथा अनिल सेन, भूप सिंह, प्रकाश कश्यप, प्रदीप शर्मा, नरेश चौहान, दीप कुमार, जगदीश रेड्डी, अरुण ठाकुर, संजय शर्मा, अजय ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, जोगिंदर गुलेरिया, जागृति राणा, रिंकू चंदेल, नगीना ठाकुर, नंदा देवी, रेखा शर्मा, नर्मदा मोहन, रजनी चंद्रा, भावना, रिया, अमरजीत, संतराम, हेम सिंह ठाकुर, चंद्र शेखर, रंजन शर्मा, जसवंत सिंह, कानव, भीम ठाकुर, प्रेमलाल गुड्डू, राजेंद्र मोहन, योगराज सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गरीबों और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध सरकार: जगत सिंह नेगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** किन्नौर के निचार उपमंडल स्थित निगुलसरी विश्राम गृह सभागार में मंगलवार को राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने जलग्रहण क्षेत्र उपचार योजना के तहत 45 बीपीएल परिवारों को इंडक्शन हीटर और प्लास्टिक बाल्टियां वितरित कीं। लाभार्थियों में तरांडा पंचायत के 30 तथा चौरा पंचायत के 15 परिवार शामिल रहे।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार समावेशी विकास और व्यवस्था परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण प्रदेश आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। साथ ही मनरेगा कानून में किए गए बदलावों को गरीब विरोधी बताते हुए केंद्र सरकार से हिमाचल को मिलने वाले राजस्व घाटा अनुदान को राज्य का संवैधानिक अधिकार बताया।

उन्होंने इस अनुदान को समाप्त करने के निर्णय पर प्रदेश के भाजपा सांसदों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। कार्यक्रम के दौरान राजस्व मंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में उपमंडलाधिकारी निचार नेहा नेगी, डीएफओ किन्नौर अरविंद कुमार, राज्य सेवादल की उपाध्यक्ष तारा मुयान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सकारात्मक छात्र सक्रियता से ही होगा राष्ट्र निर्माण: संजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में एबीवीपी के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर स्टूडेंट्स फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट ऑफ ह्यूमैनिटी (शोध) फाउंडेशन की ओर से व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं युवा कार्यक्रम निदेशक तथा एबीवीपी के शिमला विभाग प्रमुख प्रो. संजय शर्मा ने कहा कि राष्ट्रवाद, नेतृत्व क्षमता और उत्तरदायी नागरिकों के निर्माण में सकारात्मक छात्र सक्रियता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ–साथ सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्वों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। प्रो. शर्मा ने कहा कि एबीवीपी आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसके देशभर में 60 लाख से अधिक और हिमाचल प्रदेश में एक लाख से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने संगठन की 78 वर्षों की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि एबीवीपी शिक्षा सुधार, छात्र हित, नेतृत्व विकास और राष्ट्र सेवा के लिए लगातार कार्य कर रही है।

# फीस वृद्धि और भर्ती मामलों को लेकर एसएफआई पहुंची राज्यपाल के दरबार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** एसएफआई ने मंगलवार को राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कविंद्र गुप्ता को विभिन्न छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा। संगठन ने विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव तत्काल बहाल करने, हाल ही में बढ़ाई गई फीस वापस लेने, प्रो–वाइस चांसलर का पद समाप्त करने, पूर्व कुलपति डॉ. सिकंदर कुमार के कार्यकाल में हुई प्रोफेसरों की भर्तियों की न्यायिक जांच कराने तथा गैर–शिक्षण कर्मचारियों की रिक्तियां शीघ्र भरने की मांग उठाई। एसएफआई का कहना है कि इन मुद्दों का सीधा असर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, वित्तीय पारदर्शिता और छात्र हितों पर पड़ रहा है।

एसएफआई प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में कहा कि विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव नियमित, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से



राज्यपाल को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए। अनंत ज्ञान

कराए जाएं। संगठन ने आरोप लगाया कि प्रो–वाइस चांसलर का पद सृजित होने के बाद विश्वविद्यालय के बजट पर अनावश्यक वित्तीय बोझ बढ़ा है, इसलिए इस पद को समाप्त कर संसाधनों का उपयोग शैक्षणिक और आधारभूत ढांचे के विकास पर किया जाना चाहिए। इसके साथ ही संगठन ने पूर्व कुलपति डॉ. सिकंदर कुमार के कार्यकाल में हुई प्रोफेसरों की भर्तियों में अनियमितताओं के आरोपों और कैग रिपोर्ट में उठाकर न्यायिक जांच कराने की मांग दोहराई। एसएफआई ने कहा कि विवि में गैर–शिक्षण कर्मचारियों की कमी से प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्तियां की जाएं। संगठन ने हाल में लागू की गई फीस वृद्धि को आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों पर अतिरिक्त बोझ बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से सभी मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

# बैठक

## विश्वविद्यालयों को नवाचार, शोध और कौशल आधारित शिक्षा का बनना होगा केंद्र

# आत्मनिर्भर भारत के लिए उच्च शिक्षा बनेगी सबसे बड़ी ताकत: राज्यपाल

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** उच्च शिक्षा को आत्मनिर्भर भारत की सबसे मजबूत आधारशिला बताते हुए राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कविंद्र गुप्ता ने विश्वविद्यालयों से नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शोध, कौशल विकास और रोजगारपरक शिक्षा को नई दिशा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक दौर में विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित नहीं रह सकती, बल्कि उन्हें ऐसे सक्षम, नवाचारी और जिम्मेदार युवाओं को तैयार करना होगा जो राष्ट्र निर्माण में प्रभावी योगदान दे सकें।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय कोर्ट की 36वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को शिक्षा की गुणवत्ता और अनुसंधान को और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डेटा साइंस, साइबर सुरक्षा, हरित प्रौद्योगिकी तथा डिजिटल शिक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में नए पाठ्यक्रम और शोध गतिविधियों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। इससे पहले उन्होंने विश्वविद्यालय के डिजिटल एवं मॉक रिकॉर्डिंग स्टूडियो का उद्घाटन भी किया।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए कि कोर्ट की बैठक प्रत्येक तीन माह में नियमित रूप से आयोजित की जाए तथा वर्षों से लंबित ऑडिट पैरा का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिक्षकों से सामाजिक दायित्व निभाने का आह्वान करते हुए प्रत्येक शिक्षक को एक गांव गोद लेने, वहां पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और आत्मनिर्भरता के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप विश्वविद्यालयों को नैतिक शिक्षा, भारतीय संस्कृति, उद्यमिता, स्टार्टअप, उद्योग–अकादमिक साझेदारी और इंटर्नशिप आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही ऑनलाइन शिक्षा, वर्चुअल कक्षाएं, डिजिटल पुस्तकालय और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना समय की आवश्यकता है।



प्रदेश विश्वविद्यालय कोर्ट की 36वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल। अनंत ज्ञान

### कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियां का ब्यौरा किया प्रस्तुत

**विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. महावीर सिंह ने बैठक में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए बताया कि हरित ऊर्जा एवं नैनोटेक्नोलॉजी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, पहाड़ी संस्कृति एवं धरोहर, हिमालयी आपदा जोखिम न्यूनीकरण तथा भारतीय ज्ञान परंपरा और गणित से जुड़े नए केंद्र विश्वविद्यालय को शोध और नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिला रहे हैं। बैठक में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई तथा विधायक सुरेश कुमार को सर्वसम्मति से कार्यकारी परिषद का सदस्य चुना गया।

## न्यूज ब्रीफ

### चौधरी फाउंडेशन ने महासभा अध्यक्ष से की मुलाकात



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** चौधरी फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष विशाल साक्का के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय क्षत्रिय घृत-बाहती चाहंग महासभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त न्यायाधीश राकेश चौधरी से मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। बैठक में समाजहित, संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक एकता और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा हुई। फाउंडेशन ने विश्वास जताया कि राकेश चौधरी का अनुभव महासभा को नई दिशा देगा तथा समाज के विकास और एकजुटता को मजबूती मिलेगी।

### कोटला सहित दर्जनों गांवों में नहीं हो रही गैस सप्लाई

**अनंत ज्ञान, कोटला।** उपतहसील कोटला और आसपास के गांवों में इंडियन गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का आरोप है कि बुकिंग के कई दिन बाद भी सिलेंडर नहीं मिल रहे, जिससे कई परिवार लकड़ी के चूल्हों का सहारा लेने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने नियमित गैस डिलीवरी की मांग की है। इस संबंध में शाहपुर गैस एजेंसी के मैनेजर दिवेश चौधरी ने बताया कि कोटला क्षेत्र में गैस सिलेंडर की डिलीवरी गाड़ी 20 जुलाई को पहुंचेगी।

### ददरोली और छतड़ी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल शाहपुर के सहायक अभियंता विक्रम शर्मा ने बताया है कि 15 जुलाई को सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक 11 केवी कोटला फीडर की मुरम्मत और उचित रखरखाव हेतु ददरोली, सरकारी डिग्री कॉलेज, छतड़ी, सिहूआं, जलोड़ी, भरनौली, घटनालु चमडेरा, लोअर सिहूआं, केंद्रीय विश्वविद्यालय व साथ लगते गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### भट्टू समूला में जलभराव से लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल लोकहित जनकल्याण संस्था के महामंत्री तुलसी राम डोगरा ने सुलह विधानसभा क्षेत्र के भट्टू समूला वार्ड-1 में पट्टनुहल कूहल के साथ लगते पगडंडीनुमा रास्ते के बरसात में जलमग्न होने पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कूहल का पानी रुकने से रास्ता नाले में बदल जाता है, जिससे लोगों का आवागमन जोखिम भरा हो जाता है। संस्था ने समस्या के स्थायी समाधान के लिए मुख्यमंत्री और जल शक्ति विभाग से कूहल को कवर करने की मांग उठाई है। डोगरा ने बताया कि उपायुक्त कांगड़ा को भी समस्या से अवगत करवाया गया है।

### लंबित मामलों को निपटाने के लिए 31 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण कांगड़ा के सचिव आर. मिहुल शर्मा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों को आपसी सुलह और मध्यस्थता से निपटाने के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। इच्छुक पक्षकार गूगल फार्म के माध्यम से अपने मामले को समाधान समारोह 2026 में शामिल करवा सकते हैं। सहायता के लिए सर्वोच्च न्यायालय के वन स्टॉप सेंटर से संपर्क किया जा सकता है।

### थुरल खास पंचायत को नशा मुक्त बनाने का संकल्प

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** विकास खंड सुलह की ग्राम पंचायत थुरल खास की ग्राम सभा बैठक प्रधान मोनिका राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उपप्रधान अतर सिंह, वार्ड पंच, जिला परिषद सदस्य सरिता राणा और बीडीसी सदस्य मोनू परिहार मौजूद रहे। सभा में किन्नरों को बधाई राशि 1100 और 2100 रुपये निर्धारित करने, बिना अनुमति फेरी लगाने पर रोक, पंचायत घर स्थानांतरण, पेयजल टैंक को एनओसी देने सहित पंचायत को नशामुक्त और स्वच्छ बनाने के प्रस्ताव पारित किए गए।

### बीपीएल उपभोक्ता तीन दिन में जमा करें दस्तावेज

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल भवारना ने बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं से राज्य सरकार की 300 यूनिट निशुल्क बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज शीघ्र जमा करवाने की अपील की है। सहायक अभियंता इंजीनियर मयंक शर्मा ने बताया कि पात्र उपभोक्ता तीन दिनों के भीतर बीपीएल प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और आधार कार्ड की छायाप्रति कार्यालय में जमा करवाएं। निर्धारित समय पर दस्तावेज जमा न करने वाले उपभोक्ता योजना के लाभ से वंचित रह सकते हैं।

### आईटीआई शाहपुर में भर्ती अभियान आज

**अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर।** आईटीआई शाहपुर में 15 जुलाई को वर्धमान अपैरल्स लिमिटेड, लुधियाना द्वारा महिला अभ्यर्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया जाएगा। प्रधानाचार्य रवि कुमार ने बताया कि 10वीं, 12वीं व आईटीआई उत्तीर्ण महिलाएं ट्रेनी, सिलाई मशीन ऑपरेटर, क्वालिटी, कटिंग, एम्ब्रॉयडरी और फिनिशिंग पदों के लिए भाग ले सकती हैं। चयनित अभ्यर्थियों को हॉस्टल, परिवहन, ईएसआई, पीएफ, कैंटीन व अन्य सुविधाएं मिलेंगी। उम्मीदवार प्रमाण-पत्रों सहित साक्षात्कार में शामिल हों।

### टांडा फायरिंग रेज में फायरिंग अभ्यास 24 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त कांगड़ा ने बताया कि भारतीय सेना द्वारा टांडा फायरिंग रेंज में 24 जुलाई को सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत उन्होंने फायरिंग रेंज के निकटवर्ती कोहाला, कच्छयारी, खोली तथा घुरकड़ी गांवों के लोगों से आग्रह किया है कि वे 24 जुलाई को निर्धारित फायरिंग प्रशिक्षण के समय फायरिंग रेंज के आसपास के क्षेत्रों में जाने से बचें और अपने पालतू जानवरों को भी दूर रखें।

### सार्थक एनजीओ ने सम्मानित किए शिक्षाविद्

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** शाहपुर क्षेत्र की अग्रणी एनजीओ सार्थक ने हाल ही में विभिन्न क्षेत्रों से सेवानिवृत्त हुए शिक्षाविदों को सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य वीरेंद्र गुलेरिया, प्रवक्ता असीम अग्रवाल, प्रशिक्षित स्नातक अध्यापिका कला तृप्ता जम्वाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एनजीओ के सदस्य लोकेश नंदन, महेश शर्मा, शिव कुमार, निर्मल रियालच, सुनील कुमार, उमेश कुमार, शिवेंद्र कुमार, उमेश कपूर, वीरेंद्र रनोट, नवीन, पंकज, रवि व तरसेम सहित अन्य मौजूद रहे।

### जिप कांगड़ा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव 20 को संभावित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला परिषद कांगड़ा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के चुनाव 20 जुलाई को होने की संभावना है। प्रशासन ने इसके लिए बैठक बुलाई है। 54 सदस्यीय जिला परिषद में चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के लिए कम से कम 36 सदस्यों की उपस्थिति जरूरी होगी। अध्यक्ष पद ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है। भाजपा और कांग्रेस दोनों बहुमत का दावा करते हुए समर्थन जुटाने में लगे हैं। चुनाव तिथि घोषित होने से नए नेतृत्व की उम्मीद बढ़ी है।

# अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## धर्मशाला में जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाली पदयात्रा, श्री हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन

◆ कांग्रेस नेताओं ने उठाई निष्पक्ष जांच व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अयोध्या राम मंदिर के चढ़ावे में कथित गबन के आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को धर्मशाला में विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पदयात्रा निकाली गई, भजन-कीर्तन किया गया और मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई गई।

इस दौरान कांग्रेसजनों ने डाकघर से लेकर कचहरी स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर तक पदयात्रा निकालने के बाद मंदिर के बाहर प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री यादविंदर गोमा, राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा सहित कांग्रेस के विधायक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**गोमा बोले- सुप्रीमकोर्ट की निगरानी में हो जांच :** आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा कि भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के लिए देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के साथ चंदा दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि चढ़ावे में गड़बड़ी हुई है तो यह करोड़ों लोगों की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जांच कराने और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग भी उठाई।




धर्मशाला में पदयात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन करती जिला कांग्रेस कमेटी। अनंत ज्ञान

### दोषी कोई भी हो सख्त कार्रवाई की जाए : अनुराग

राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का यह कार्यक्रम धार्मिक आस्था के सम्मान और कथित वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में आयोजित किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि राम मंदिर के चढ़ावे में किसी प्रकार का गबन हुआ है तो यह हिंदू समाज की आस्था पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरे प्रदेश में मंदिरों में पूजा-अर्चन और जनजागरण अभियान चलाकर लोगों तक अपना संदेश पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराई जानी चाहिए, ताकि पूरे प्रकरण की सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा कि दोषी चाहे कोई भी हो, उसके खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से धार्मिक आस्था के सम्मान का संदेश देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को दंडित करने की मांग दोहराई।

### विधायक कमलेश ने 42 पौंग बांध विस्थापित परिवारों को सौंपे भूमि आवंटन के पट्टे

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा।** देहरा विधानसभा क्षेत्र के भटोली फकोरियां में आयोजित कार्यक्रम में 42 पात्र पौंग बांध विस्थापित परिवारों को भूमि आवंटन के पट्टे वितरित किए गए। विधायक कमलेश ठाकुर ने लाभार्थियों को पट्टे प्रदान करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार विस्थापित परिवारों के लंबित मामलों के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि इससे पहले हरिपुर में 89 परिवारों को पट्टे दिए गए थे और अब 42 अन्य परिवारों को लाभ मिला है। विधायक ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर पात्र विस्थापित परिवार को उसका अधिकार दिलाना है। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं और लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और विधायक कमलेश ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

# शादी में बैंड नहीं पहुंचा तो उपभोक्ता आयोग सख्त

## संचालक को 39 हजार रुपए चुकाने का आदेश

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** बेटे की शादी में तय समय पर बैंड नहीं पहुंचाने वाले बैंड संचालक को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग कांगड़ा ने सेवा में गंभीर कमी का दोषी ठहराया है। आयोग ने बैंड संचालक को शिकायतकर्ता को कुल 39 हजार रुपए, ब्याज और वाद खर्च का भुगतान करने के आदेश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया है।

आयोग के समक्ष दायर शिकायत के अनुसार, नगरोटा बगवां क्षेत्र के चमन लाल ने अपने पुत्र अभिषेक कुमार के विवाह के लिए पालमपुर के जय मां चामुंडा ब्रास बैंड के संचालक पवन कुमार से 5 फरवरी 2026 के लिए बैंड बुक कराया था। बुकिंग के समय 4,000 रुपए अग्रिम और 200 रुपए शगुन के रूप में दिए गए थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि विवाह वाले दिन तय समय पर बैंड नहीं पहुंचा। फोन करने पर पहले संचालक ने जल्द पहुंचने का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में फोन उठाना बंद कर दिया और मोबाइल बंद कर लिया। बारात को रवाना करने के लिए मजबूरन दूसरे बैंड की तत्काल व्यवस्था करनी पड़ी, जिसके लिए 10 हजार रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़े। मामले की सुनवाई के दौरान प्रतिवादी आयोग के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ, जिसके बाद उसे एकतरफा घोषित कर दिया गया।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा तथा सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की पीठ ने माना कि विवाह जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर तय सेवा उपलब्ध न कराना सेवा में गंभीर कमी और अनुचित व्यापारिक व्यवहार है। आयोग ने प्रतिवादी को शिकायतकर्ता को 14 हजार रुपए 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करने, मानसिक पीड़ा के लिए 15 हजार रुपये मुआवजा तथा 10 हजार रुपए वाद खर्च देने के आदेश दिए हैं।

# सीएम की घोषणा के बावजूद रिटायर कर्मियों के एरियर की अधिसूचना अटकी : भंडारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट ने एक जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त पेंशनर्स और पारिवारिक पेंशनर्स के संशोधित पेंशन के लंबित शत-प्रतिशत एरियर का भुगतान जुलाई 2026 में करने संबंधी सरकार की अधिसूचना का स्वागत किया है। वहीं, फ्रंट ने जनवरी 2016 से दिसंबर 2019 के बीच सेवानिवृत्त हुए 65 से 68 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनर्स के बकाया एरियर भुगतान की अधिसूचना जारी न होने पर रोष जताया है।



फ्रंट के प्रदेशाध्यक्ष आत्मा राम शर्मा, राज्य संयोजक हरीश शर्मा और महासचिव हुक्म सिंह ठाकुर की ओर से जारी संयुक्त बयान में राज्य प्रवक्ता कल्याण भंडारी ने कहा कि सरकारी घोषणाएं केवल सुर्खियों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें समय पर लागू किया जाना चाहिए। वित्त विभाग द्वारा 22 जून 2026 को जारी अधिसूचना यह दर्शाती है कि इच्छाशक्ति होने पर बुजुर्ग पेंशनर्स का हक दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्री-2016 पेंशनर्स के एरियर भुगतान का निर्णय सराहनीय है, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा 65 से 68 वर्ष आयु वर्ग के पेंशनर्स के एरियर भुगतान को लेकर की गई घोषणा को भी शीघ्र अमलीजामा पहनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से 2019 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी लंबे समय से अपने बकाया एरियर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जुलाई माह आधा बीतने के बावजूद अधिसूचना जारी न होने से उनमें चिंता बढ़ रही है। संगठन ने सरकार से मांग की है कि संबंधित पेंशनर्स के एरियर भुगतान के आदेश तुरंत जारी किए जाएं और जुलाई माह में ही भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप कर वित्त विभाग को आवश्यक निर्देश देने की अपील की गई है।

### वियतनाम की युवती बनी हिमाचल की बहू



**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा के जवाली क्षेत्र के अमलेला निवासी रजत और वियतनाम की युवती ने फतेहपुर के ठाकरां स्थित श्री नृसिंह मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया। दोनों की पहचान सोशल मीडिया से हुई थी, जो धीरे-धीरे प्रेम में बदल गई। परिवारों की सहमति से दोनों ने सात फेरे लेकर जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। यह विवाह दो देशों, संस्कृतियों और परिवारों के मिलन की मिसाल बन गया।

### कांगड़ा बार के दो अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता दर्जा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने राज्य के 15 अधिवक्ताओं को वरिष्ठ अधिवक्ता का दर्जा प्रदान किया है, जिनमें जिला बार एसोसिएशन कांगड़ा के अखिल सेन चोपड़ा और राहुल गुप्ता भी शामिल हैं। दोनों निचली अदालतों में प्रैक्टिस करने वाले पहले अधिवक्ता बने हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है। उनकी उपलब्धि को जिला बार के लिए ऐतिहासिक बताते हुए अधिवक्ताओं ने बधाई दी है।

### कैंसर से पिता की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** फतेहपुर की ग्राम पंचायत समकड़ के धमेटा गांव में कैंसर से 40 वर्षीय मोहिंदर सिंह का निधन हो गया। बीमारी में परिवार की जमा-पूंजी खत्म हो गई और अंतिम संस्कार के लिए भी ग्रामीणों को मदद करनी पड़ी। पत्नी, वृद्ध मां और पांच बच्चों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पंचायत प्रधान संजीव मिंटू ने प्रशासन व समाजसेवियों से परिवार की सहायता की अपील की है। संपर्क: 9805614170 (बालकृष्ण, मृतक के भाई)

### कांगड़ा को टीबी मुक्त बनाने की कार्ययोजना की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कांगड़ा की अध्यक्षता में टीबी डेथ ऑडिट समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 2026 की दूसरी तिमाही के 14 टीबी मृत्यु मामलों की समीक्षा की गई। अधिकांश मौतें सह-रोगों व अन्य गंभीर बीमारियों से जुड़ी पाई गईं। उपायुक्त ने अस्पतालों में टीबी उपचार सुविधाएं मजबूत करने, होम विजिट प्रभावी बनाने और टीबी रोग भार का विस्तृत अध्ययन करवाने के निर्देश दिए।

### पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह 26 को

**अनंत ज्ञान पिंकी डाडा सीबा।** भाजपा मंडल परागपुर और जसवां की ओर से कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में 26 जुलाई को होटल ग्रीन वैली में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। मंडल महामंत्री सुदेश कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम में वीर चक्र अलंकृत अमोल कालिया के पिता सतपाल कालिया और कीर्ति चक्र अलंकृत हवलदार रक्षपाल सिंह की पत्नी सुदर्शना कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। विधायक बिक्रम सिंह पूर्व सैनिकों को सम्मानित करेंगे।

### परौर पॉलिटेक्निक भवन की बदहाली पर गरजे परमार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने परौर स्थित निर्माणाधीन राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थिति पर प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि करोड़ों की परियोजना कांग्रेस सरकार की लापरवाही से अधर में लटकी है और भवन की सामग्री चोरी हो रही है। परमार ने सुरक्षा व्यवस्था, चोरी की जांच और शेष निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कर कॉलेज शुरू करने की मांग की।

### बिनवा नदी क्षेत्र से कूड़ा हटाने का विशेष अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम ने बिनवा नदी क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए उतराला रोड के नीचे स्थित ढांक में जमा कूड़े की सफाई का विशेष अभियान शुरू करवाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य केवल कूड़ा हटाना नहीं, बल्कि स्थायी स्वच्छता व्यवस्था और जनजागरूकता बढ़ाना है। नदी, नालों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने वालों पर जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जमानाबाद में 27 को होगा मिंजर मेले का आगाज

**अनंत ज्ञान, आशीष दमीर, कांगड़ा।** कांगड़ा उपमंडल की ग्राम पंचायत जमानाबाद में मिंजर मेले को लेकर मेला कमेटी की बैठक अध्यक्ष अशोक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सात दिवसीय मेले के आयोजन का निर्णय लिया गया। मेले का शुभारंभ 27 जुलाई को पूजा-अर्चना के साथ मिंजर बांधकर किया जाएगा, जबकि 2 अगस्त को शिव मंदिर में पूजा के बाद मिंजर जलेब निकाली जाएगी और मनूनी खड्ड में विसर्जन के साथ समापन होगा। मेला अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि मेले में कबड्डी, हॉकी, फुटबाल, इंटर पंचायत वॉलीबाल, 500 मीटर दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। महिला वर्ग में मटका फोड़ और म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। महासचिव विपन पाल ने बताया कि यह मेला वर्षों पुरानी परंपरा का प्रतीक है, जिसे गांव की खुशहाली और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। मेले में स्टार नाइट और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# नगरोटा बगवां की नई एसडीएम पूजा अधिकारी ने संभाला कार्यभार



पुराने एसडीएम मनीष शर्मा को विदाई तथा नई एसडीएम पूजा अधिकारी का स्वागत करते तहसीलदार, पत्रकार व अन्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** पूर्व एसडीएम मुनीष शर्मा के शिमला में स्थानांतरित होने के बाद मंगलवार को नई उपमंडल अधिकारी नागरिक पूजा अधिकारी ने अपना कार्यभार संभाल लिया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगरोटा बगवां उपमंडल में सरकार की ओर से चलाए जा रहे विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इससे पहले बड़ोह में खंड विकास अधिकारी कार्यरत रही हैं तथा कांगड़ा में तहसीलदार भी रही हैं। उन्होंने बताया कि बरसात का मौसम जोरों पर है तथा आपदा प्रबंधन के लिए अधिकारियों के साथ बैठक कर इस बारे में आपदा कमेटियां बनाकर उपमंडल में नजर रखी जाएगी तथा लोगों से पूरी जानकारी ली जाएगी। लोगों से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में नदी-नालों में न जाएं तथा अपने मवेशियों को भी सुरक्षित स्थानों पर रखें।

### राजनैतिक दलों के भविष्य का निर्णय भी करते हैं पंचायतीराज चुनाव : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में पंचायती राज चुनावों का विशेष महत्व होता है और ये चुनाव राजनीतिक दलों के भविष्य की दिशा भी तय करते हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में शांतिपूर्ण तरीके से पंचायत चुनाव संपन्न होने पर जनता और सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेशभर में भारतीय जनता पार्टी के अधिक सदस्य पंचायती राज संस्थाओं में चुने गए हैं, जिन सभी को उन्होंने शुभकामनाएं दीं। शांता ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्रों में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनता की सेवा करें। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने भी अपना सफर गढ़ जमूला पंचायत में पंच बनने से शुरू किया था। इसके बाद वे पंचायत समिति, जिला परिषद, विधानसभा और लोकसभा तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि पंचायतें जनसेवा और नेतृत्व की पहली पाठशाला होती हैं।

### प्रेई पंचायत की ग्राम सभा में लिए अहम फैसले

# विवाह व पुत्र जन्म पर ट्रांसजेंडर को मिलेगी 2100 शगुन राशि



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** विकास खंड शाहपुर की प्रेई पंचायत में पंचायत प्रधान सरोज चौधरी की अध्यक्षता में ग्राम सभा आयोजित की गई। सभा में ग्रामीणों ने विकास कार्यों, जनसमस्याओं और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कई समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया, जबकि अन्य मामलों को जल्द निपटाने का आश्वासन दिया गया। सभा में जिला परिषद सदस्य सुरिंदर सिंह (कांजो) विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पंचायत क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था मजबूत करने के लिए जरूरत वाले स्थानों पर हैंडपंप स्थापित करवाने का आश्वासन दिया। पंचायत प्रधान ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सभा में सर्वसम्मति से कई जनहित प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें पंचायत क्षेत्र में विवाह समारोहों और पुत्र जन्म के अवसर पर ट्रांसजेंडर समुदाय को 2100 रुपए की शगुन राशि देने का निर्णय प्रमुख रहा। ग्रामीणों ने इसे सामाजिक समरसता और सम्मान बढ़ाने वाली पहल बताया। पंचायत प्रधान सरोज चौधरी ने कहा कि पंचायत के संतुलित विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी और सभी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

### सीएम का बड़ा भंगाल दौरा ऐतिहासिक पहल, राजनीति नहीं जनसेवा का प्रयास : अनुराग शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बड़ा भंगाल दौरे को ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि यह दौरा राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि दुर्गम क्षेत्र के लोगों की समस्याएं समझने और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होंने कहा कि बड़ा भंगाल प्रदेश की सबसे कठिन पहुंच वाली पंचायतों में शामिल है, जहां पहुंचने में दो से तीन दिन का पैदल सफर करना पड़ता है। आजादी के बाद पहली बार किसी मुख्यमंत्री ने वहां रात्रि प्रवास कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बड़ा भंगाल के विकास के लिए 10 करोड़ रुपए की सड़क परियोजना, बिजली व्यवस्था मजबूत करने के लिए जनरेटर, ऑर्गेनिक राजमा की समर्थन मूल्य पर खरीद, बच्चों के लिए आदर्श विद्यालय व छात्रावास जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। अनुराग शर्मा ने कहा कि भारी कठिनाइयों के बावजूद बड़ा भंगाल के लोग प्रदेश का अभिन्न हिस्सा हैं और सरकार उनका समान विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार को मिली रफ्तार माझी खड्ड पुल पर जल्द होगा फैसला

◆ एयरपोर्ट परिसर में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डे के बहुप्रतीक्षित विस्तार कार्य को गति देने के लिए मंगलवार को एयरपोर्ट परिसर में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रस्तावित मांझी खड्ड पुल निर्माण सहित एयरपोर्ट विस्तार से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने संकेत दिए कि पुल निर्माण के प्रस्ताव को जल्द अंतिम रूप देकर आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता एयरपोर्ट निदेशक अमित सकलानी ने की। इसमें सहायक महाप्रबंधक शैलेश कुमार सिंह, एसडीएम कांगड़ा डॉ. अंजली गर्ग, एसडीएम शाहपुर डॉ. गणेश ठाकुर, पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक रोबिन, जिला पर्यटन विकास अधिकारी विनय धीमान, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता विकास सूद, जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता दीपक गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और विशेषज्ञ मौजूद रहे। बैठक में मांझी खड्ड पर बनने वाले प्रस्तावित पुल की लंबाई, चौड़ाई, ऊंचाई, संरचना और अन्य तकनीकी मानकों पर मंथन किया गया। विशेषज्ञों ने आवश्यक सुझाव दिए और सभी औपचारिकताएं पूरी कर प्रस्ताव को शीघ्र अंतिम रूप देने पर सहमति बनी। इसके बाद संयुक्त टीम ने एयरपोर्ट संचालन क्षेत्र, मांझी खड्ड, प्रस्तावित पुल स्थल, सराह रोड और इच्छी क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने संबंधित विभागों और कंसल्टेंट टीम को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार जल्द ही इस संबंध में एक और उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। परियोजना पूरी होने से कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार के साथ पर्यटन और हवाई संपर्क को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

### कृषि विश्वविद्यालय में जल्द हो उपकुलपति की नियुक्ति : बलदेव सूद

**अनंत ज्ञान, अजय पाल, पालमपुर।** स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव राज सूद ने पत्रकार वार्ता में कहा कि 1978 में स्थापित हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर पिछले तीन वर्षों से नियमित उपकुलपति के बिना संचालित हो रहा है, जिससे प्रशासनिक कार्य, अनुसंधान, विस्तार गतिविधियां और हजारों विद्यार्थियों के हित प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य केंद्र में भी पिछले तीन माह से चिकित्सक का पद रिक्त है। सूद ने कहा कि संस्थान पर हर वर्ष करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2025 में विधानसभा संशोधन के बाद उपकुलपति की नियुक्ति का अधिकार प्रदेश सरकार को मिल चुका है, फिर भी नियुक्ति लंबित है। उन्होंने प्रदेश सरकार से शीघ्र उपकुलपति नियुक्त करने और विश्वविद्यालय को उसके मूल उद्देश्यों के अनुरूप सशक्त बनाने की मांग की। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री रमेश भाऊ, कोषाध्यक्ष राजा जगजीत कटोच, कमांडर हेमराज शर्मा, डॉ. एसडी सांख्यान और डॉ. एसएस भाटिया सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चक्की दरिया खनन मामले में हाईकोर्ट सख्त, डीसी पठानकोट से रिपोर्ट तलब

अनंत ज्ञान



**अशोक ठाकुर, पठानकोट।** हिमाचल-पंजाब सीमा स्थित चक्की दरिया में डी-सिल्टिंग और बाढ़ सुरक्षा के नाम पर बड़े पैमाने पर अवैध खनन के आरोपों पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। स्थानीय निवासियों और पूर्व पार्षद द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पठानकोट के डिप्टी कमिश्नर को मौके की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी के सचिव को भी स्थल का निरीक्षण कर तथ्यात्मक रिपोर्ट देने को कहा गया है। मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि चक्की दरिया से जेसीबी मशीनों के जरिए बड़े स्तर पर रेत, बजरी और मिट्टी निकालकर दिल्ली-कटरा एक्सप्रेस-वे का निर्माण कर रही कंपनी को बेची जा रही है। उनका कहना है कि इस व्यावसायिक खनन के लिए आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरी नहीं ली गई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि प्रतिदिन करीब 100 ट्रक सामग्री निकाली जा रही थी और रिकॉर्ड भी सरकारी रजिस्टर के बजाय साधारण कॉपी में दर्ज किया जा रहा था। ग्रामीणों ने 2013 के हाईकोर्ट हलफनामे, चक्की पुल क्षेत्र में खुदाई पर प्रतिबंध तथा एनजीटी के आदेशों का हवाला देते हुए खनन पर तत्काल रोक, स्वतंत्र जांच, सुरक्षा कार्यों का आकलन और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### बीपीएल उपभोक्ता 7 दिन में जमा करें प्रमाणपत्र

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विद्युत उपमंडल सुजानपुर ने बीपीएल श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं से अगले सात दिनों के भीतर बीपीएल प्रमाणपत्र की प्रति, बिजली बिल की फोटो कॉपी या उपभोक्ता आईडी कार्यालय में जमा कराने की अपील की है। सहायक अभियंता ई. चंद्रकांत ठाकुर ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक प्रमाणपत्र जमा नहीं किया है, वे एरिया बिलिंग डिस्ट्रीब्यूटर या कनिष्ठ अभियंता के माध्यम से दस्तावेज उपलब्ध करवाएं, ताकि 300 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

### सबसे बड़े क्लस्टर के बागवानों को बांटे 6536 पौधे

**अनंत ज्ञान भोरंज।** उद्यान विभाग की एचपीशिवा परियोजना के तहत भोरंज के 23 हेक्टेयर में विकसित समकरी क्लस्टर, जो जिला हमीरपुर का सबसे बड़ा क्लस्टर है, में लाभार्थी बागवानों को रेड डायमंड और श्वेता किस्म के 6536 अमरूद के पौधे वितरित किए गए। अधिकारियों ने वैज्ञानिक तरीके से पौधारोपण, देखभाल और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की जानकारी दी। परियोजना से उच्च गुणवत्ता वाले फल उत्पादन और बागवानों की आय बढ़ने की उम्मीद जताई गई।

### मुंडखर-नैली जमली-मनोह सड़क 23 तक बंद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज में मुंडखर-नैली जमली-मनोह सड़क की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 23 जुलाई तक बंद किया गया है। एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा ने बताया कि मुंडखर-नैली जमली-मनोह सड़क के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण के कार्य को सुचारु रूप जारी रखने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 23 जुलाई तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक जाहू-पट्टा मुख्य मार्ग से आवाजाही कर सकते हैं।

### टीसीपी एक्ट के उल्लंघन पर व्यक्ति को नोटिस

**अनंत ज्ञान, नादौन।** तहसील नादौन के राजस्व मुहाल जलाड़ी सौंखला में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) अधिनियम का उल्लंघन करते हुए निर्माण करने पर एक व्यक्ति को टीसीपी विभाग ने नोटिस जारी किया है। विभाग के नियोजन अधिकारी की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 की उपधारा-1 के तहत जारी इस नोटिस में निर्माण कार्यों को तुरंत बंद करने तथा साइट पर पूर्व की स्थिति बहाल के निर्देश दिए गए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### बुजुर्ग को घर पहुंचकर दी स्वास्थ्य सहायता

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** निस्वार्थ भाव सेवा संगठन ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए टिकरी गांव, जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा निवासी 73 वर्षीय सुख राम को स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध करवाई। सुखराम की मदद की अपील पर संगठन के डॉ. सुरिंद सिंह डोगरा ने हमीरपुर इकाई के जिला कार्यकारिणी सदस्य पंकज धीमान के साथ उनके घर पहुंचकर स्वास्थ्य जांच की। डॉ. डोगरा ने उपचार के साथ एक माह की आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क उपलब्ध करवाईं और भविष्य में भी हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि संगठन की सेवा किसी क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं है और जरूरतमंद तक पहुंचना मानवता के प्रति कर्तव्य है।

### जय भारती कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर के सौजन्य से जय भारती कॉलेज लोहारी में विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के बीच भाषण प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें बढ़ती जनसंख्या से उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। जिला शिक्षा एवं संप्रेषण अधिकारी सुनील कुमार रांगड़ा ने स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और संसाधनों पर बढ़ते दबाव के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में सविता कुमारी प्रथम, निशा द्वितीय और चंद्रकांता तृतीय रहीं।

### धमरोल में पौष्टिक आहार, स्तनपान का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** विकास खंड भोरंज के आंगनबाड़ी केंद्र धमरोल में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व, संतुलित पोषण, नियमित स्वास्थ्य जांच और नवजात शिशु की देखभाल संबंधी जानकारी दी गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को आयरन, कैल्शियम, पौष्टिक आहार, टीकाकरण और स्तनपान के महत्व से अवगत करवाया। विभाग ने स्वस्थ मातृत्व के लिए जागरुकता कार्यक्रमों को जरूरी बताया।

# नए ट्रेड की डिमांड, प्रपोजल सरकार के पाले में

## बिल्डिंग में दो फ्लोर के निर्माण की अभी जरूरत और हमीरपुर की सबसे पुरानी आईटीआई में पांच ट्रेड

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** कहने को तो हमीरपुर स्थित आईटीआई बहुत पुरानी यानी 1963 की है, लेकिन सुख सुविधाओं के लिहाज से इसका जितना विस्तार होना चाहिए था, उतना हो नहीं पाया। अलबत्ता भवन तो इसका अपना है, लेकिन उस भवन में भी अब नए ट्रेड शुरू करने के लिए जगह की कमी दिख रही है।

नई बिल्डिंग के ऊपर यदि दो फ्लोर और बन जाएं, तो बात बन जाएगी। नहीं तो जिला मुख्यालय की इस आईटीआई का उतना फायदा स्टूडेंट्स नहीं उठा पाएंगे, जितना हेडक्वार्टर पर उठाया जा सकता है।

'अनंत ज्ञान' ने यहां के प्रिंसिपल सुभाष चंद्र शर्मा से कई मुद्दों पर लंबी बातचीत की, क्योंकि दाखिले शुरू हो चुके हैं, ऑनलाइन इन दाखिलों का दौर 19 जुलाई तक रहेगा और उसके बाद



-सुभाष चंद्र शर्मा, प्रिंसिपल आईटीआई हमीरपुर।

अनंत ज्ञान मुलाकात जो बदले हालात

फर्स्ट फेज में दाखिले होंगे। फिर सेकंड राउंड चलेगा और थर्ड राउंड तक सारी स्थिति क्लीयर हो जाएगी। प्रिंसिपल सुभाष चंद्र शर्मा का कहना है कि ऑनलाइन दाखिला स्टूडेंट निश्चित रूप में भरें। घर बैठे यह काम हो सकता है, लेकिन फॉर्म गलत न भरें।

**138 बच्चे, इंटरनेशनल स्तर पर भी बनाई पहचान**

तकनीकी कारणों से अगर ऐसा होता है, तो स्टूडेंट गलती कर सकते हैं। इसलिए संस्थान के पास आकर यदि ऑनलाइन इस व्यवस्था को बना लेंगे, तो बढ़िया रहेगा।

उनका कहना है कि यह आईटीआई 1963 की है और 1995 में इसे इस नए भवन में शिफ्ट किया गया था। फिर इसे को-एजुकेशन में तब्दील कर दिया गया और अब पांच ट्रेड यहां चल रहे हैं, जिनमें 138 बच्चे हैं। एक्सपोजर विजिट के लिए स्टूडेंट को बाहर भी भेजा जाता है। उनके साथ उनके अभिभावक भी रहते हैं कि इंडस्ट्रीज का दौरा करवाया जाता है, ताकि उनकी हिचकिचाहट और बाहर निकलकर काम करने का उनका हौसला और बेहतर हो सके। शर्मा ने बताया कि नए ट्रेड के रूप में कंप्यूटर का ट्रेड शुरू करने की जरूरत है और इस पर सरकार को लिखा गया है दिक्कत अभी थोड़ी यहां है की बिल्डिंग में स्पेस कम है जिसमें ऑफिस चल रहा है, वह बिल्डिंग नई है। कुछ साल पहले इसका निर्माण हुआ था। मगर इसके दो ही फ्लोर हैं, यदि ऊपर के दो फ्लोर बन जाएं, तो नए ट्रेड चलाने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

एक सवाल के जवाब में उनका कहना था कि 15 से 25000 रुपए तक फिलहाल कंपनियां सीधे रूप से यहां से पास आउट होने वाले स्टूडेंट्स को वेतन देती हैं। दो स्टूडेंट्स ऐसे भी हैं जिन्होंने पिछले साल इंटरनेशनल लेवल पर अपना नाम कमाया है। उससे पहले भी कई स्टूडेंट्स बाहर गए हैं, लेकिन यह ताजा उदाहरण है।

**हॉस्टल की व्यवस्था नहीं**

जिला मुख्यालय स्थित आईटीआई में विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल सुविधा उपलब्ध नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संस्थान में न तो छात्रावास की व्यवस्था है और न ही छात्राओं के लिए अलग हॉस्टल है। इसके कारण विद्यार्थियों को निजी क्वार्टर लेकर रहना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि हॉस्टल सुविधा उपलब्ध हो जाए तो दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा। संस्थान प्रबंधन के अनुसार हॉस्टल निर्माण के लिए जमीन तलाशने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि कुछ आवश्यक पदों को भरने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। इन पदों के भरने से संस्थान की कार्यप्रणाली और बेहतर होगी तथा विद्यार्थियों को अधिक सुविधाएं मिल सकेंगी।

### सीएम आज करेंगे नगर निगम के कार्यालय भवन का शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बुधवार को हमीरपुर का दौरा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री सुबह करीब 11 बजे हमीरपुर पहुंचेंगे। थोड़ी देर के लिए सर्किट हाउस में रुकने के बाद वह करीब 11:45 बजे बस स्टैंड के सामने रानी झांसी पार्क के पास नगर निगम की 11 दुकानों का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह टाउन हॉल के परिसर में नगर निगम के कार्यालय भवन का शिलान्यास भी करेंगे। शिलान्यास के बाद वह टाउन हॉल में जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री शिमला लौट जाएंगे। डीसी गंधर्वा राठौड़ ने नगर निगम के अधिकारियों को उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को भी मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## भकरेड़ी व बिझड़ी में खेतों का रास्ता बंद करने पर ग्रामीणों ने किया विरोध



अनंत ज्ञान

**बड़सर।** विधानसभा बड़सर के भकरेड़ी में खेतों को जाने वाला रास्ता बंद किए जाने के विरोध में ग्रामीणों ने तहसीलदार बड़सर को ज्ञापन सौंपकर जल्द समाधान की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि दीवार लगाकर रास्ता बंद कर दिया गया है, जिससे किसानों को खेतों तक पहुंचने में दिक्कत आ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले को लेकर पहले भी प्रशासन को दो बार ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं और राजस्व विभाग द्वारा निशानदेही भी करवाई गई थी, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ज्ञापन देने वालों में मुलतान सिंह, सुरेश कुमार, विजय कुमार, अशोक कुमार, अनिल कुमार सहित कई ग्रामीण शामिल रहे। पंचायत के पूर्व उपप्रधान परविंद्र बन्याल उर्फ लवली ने प्रशासन को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि दीवार नहीं हटाई गई तो एससी बस्ती को जाने वाला रास्ता बंद करने का निर्णय लिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि रास्ता बंद होने से करीब 800 कनाल कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। वहीं, बिझड़ी पंचायत में भी इसी तरह का मामला सामने आया है, जहां रास्ता बंद होने से करीब 600 कनाल भूमि पर खेती प्रभावित होने का खतरा है। ग्रामीणों ने पंचायत और पुलिस को शिकायत देने के बाद अब आगामी रणनीति बनाने की बात कही है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर किसानों को राहत देने की मांग की है।

# राम मंदिर चंदा घोटाले का विरोध, कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

## भजन-कीर्तन कर उठाई निष्पक्ष जांच की मांग, कहा- भक्तों के विश्वास से खिलवाड़ नहीं होगा सहन

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर में कथित चंदा गड़बड़ी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर के नेतृत्व में मंगलवार को शहर में पदयात्रा निकाली गई।

पदयात्रा गांधी चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार से होते हुए सत्यनारायण मंदिर पहुंची, जहां कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रभु श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष भजन-कीर्तन कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई।

पदयात्रा में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा 'बिट्टू', पूर्व विधायक अनीता वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करते हुए




गांधी चौक से सत्यनारायण मंदिर तक निकाली पदयात्रा। अनंत ज्ञान

शांतिपूर्ण ढंग से अपना विरोध दर्ज कराया। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा 'बिट्टू' ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं और उनके नाम पर एकत्रित प्रत्येक रुपये का हिसाब देश की जनता को मिलना चाहिए। यदि चंदे के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं तो सरकार और संबंधित संस्थाओं का दायित्व है कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए। कांग्रेस का विरोध किसी धर्म या आस्था के खिलाफ नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी के खिलाफ है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा भगवान श्रीराम और देश की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करती रही है। लेकिन यदि श्रद्धालुओं के विश्वास से खिलवाड़ हुआ है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जनता द्वारा श्रद्धा से दिए गए चंदे का एक-एक पैसा सार्वजनिक होना चाहिए। इसी मांग को लेकर कांग्रेस ने शांतिपूर्ण पदयात्रा और भजन-कीर्तन के माध्यम से अपनी बात रखी है।

पूर्व विधायक अनीता वर्मा ने भी कहा कि धार्मिक आस्था के नाम पर किसी भी प्रकार की अनियमितता स्वीकार नहीं की जा सकती और पूरे मामले में सत्य जनता के सामने आना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि भगवान श्रीराम के नाम पर श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चंदे के संबंध में उठे सवालों पर पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाए, ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास कायम रहे। इसके पहला कांग्रेस गांधी चौक पर इकट्ठे हुए और उनके बाकायदा रजिस्टर पर हस्ताक्षर भी करवाए गए।

### तकनीकी विवि बीटेक अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम किया घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने बीटेक अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। बीटेक अंतिम सेमेस्टर के सीबीसीएस के तहत सिविल इंजीनियरिंग में 426 में से 425 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में सभी 113, ईसीई में 182 में 181, ईईई में सभी 42, ईई में 300 में से 299, टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में सभी 66 परीक्षार्थी उतीर्ण हुए हैं। वहीं, बीटेक सीएसई में 364 में से 361 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। इसके अलावा बीटेक(एनईपी) के बीटेक (सीएस एंड ई) में सभी 45 और बीटेक (एआई-एमएल) में भी सभी 80 परीक्षा पास हुए हैं। तकनीकी विवि के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक अनुपम कुमार ठाकुर ने कहा कि मई-जून में बीटेक अंतिम सेमेस्टर की नियमित परीक्षार्थियों की परीक्षाएं आयोजित की गई थी, जिसके परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षार्थी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

# बिझड़ी में बचत निधि कार्यालय बंद, लाखों की जमा राशि को लेकर जमाकर्ता परेशान

**◆ दुकानदारों ने प्रशासन से मामले की जांच कराने और पैसा जल्द वापस दिलाने की उठाई मांग**

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा के अंतर्गत पढ़ने वाले कस्बा बिझड़ी में करीब एक वर्ष पहले 'सामूहिक बचत निधि लिमिटेड' के नाम से खुले कार्यालय में स्थानीय दुकानदारों और लोगों ने लाखों रुपये जमा कराए थे। अब कई जमाकर्ताओं का आरोप है कि परिपक्व राशि या जमा धन वापस मांगने पर उन्हें टालमटोल किया जा रहा है।

जमाकर्ताओं राजीव कुमार रवि कुमार ध्यानचंद भाग सिंह रवि कुमार विपिन कुार कुलदीप सिंह बबीता कुमारी देशराज आदि का यह भी कहना है कि आज कार्यालय बंद मिला, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई। पीड़ित दुकानदारों ने



बंद कार्यालय के बाहर खड़े पैसा जमा करवाने वाले लोग। अनंत ज्ञान

अपनी व्यथा सुनाते हुए प्रशासन से मामले की जांच कराने और उनका पैसा जल्द वापस दिलाने की मांग की है।

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि ऐसी कंपनियां जो उपभोक्ता के साथ धोखाधड़ी करती हैं उन्हें पैसा जमा करवाने एफडी जमा करवाने की परमिशन नहीं मिलनी चाहिए, ताकि लोगों ने जो पैसा मेहनत मजदूरी करके कमाया होता है। वह ऐसे ही चिट फंड कंपनियों किलर से बच सके कोई भी आदमी बचत इसलिए करता है उसका पैसा इकट्ठा हो सके और जब मेच्योरिटी के समय सर पैसा एक साथ मिलने से गरीब आदमी कोई ना कोई अपना घरेलू काम करवा सकता है परंतु अगर ऐसा ही चला रहा तो फिर लोगों का इन चित फंड कंपनियों से विश्वास उठ जाएगा। इस संबंध में सामूहिक बचत निधि लिमिटेड के एमडी जीतराम से कई बार मोबाइल पर संपर्क साधने की कोशिश की गई उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

### डीसी ने बमसन की पंचायतों में विकास कार्यों का लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने मंगलवार को विकास खंड बमसन (टौणी देवी) की विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से जल संरक्षण से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और पंचायत प्रतिनिधियों तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्रों और महिला मंडल भवनों का भी निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत बारीं के आंगनवाड़ी केंद्रों में उन्होंने रिकॉर्ड जांचा और कार्यकर्ताओं से विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने गांव चाहड़ और बारीं में महिला मंडल सदस्यों से संवाद कर सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर फीडबैक लिया। उपायुक्त ने महिलाओं से नशा निवारण और स्वच्छता अभियानों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने बारीं गांव के पुराने कुएं की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया।

### एनआईटी में आयोजित एनसीसी की एयर विंग का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# मंडी कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) के परिसर में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की एयर विंग का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (एटीसी-223) मंगलवार को संपन्न हो गया। शिविर के कमांडेंट एवं 1एचपी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी, कुल्लू के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर कुणाल शर्मा ने विभिन्न स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

महाविद्यालयों के वर्ग में वल्लभ राजकीय कॉलेज मंडी को समग्र चैंपियन घोषित किया गया। इस संस्थान ने कुल 18 स्वर्ण एवं 9 रजत पदक जीते। ड्रिल और अनुशासन की ट्रॉफी भी इसी संस्थान के नाम रही। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन इस संस्थान का नेतृत्व किया। फ्लाइंग ऑफिसर निश्चल शर्मा के नेतृत्व में 11 स्वर्ण और 16 रजत पदकों के साथ डिग्री कालेज कुल्लू ने दूसरा स्थान हासिल किया।



स्कूल वर्ग में डीएवी मंडी विजेता और पनारसा स्कूल उपविजेता बना।

विद्यालयों के वर्ग में डीएवी स्कूल मंडी ने 4 स्वर्ण और 8 रजत पदकों के साथ समग्र चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनारसा 4 स्वर्ण एवं 4 रजत पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। सीनियर वर्ग में कुल्लू कॉलेज के अभिषेक और वंशिका को अपने-अपने वर्गों में बेस्ट कैडेट घोषित किया गया। जूनियर वर्ग में पनारसा स्कूल के तरुण और जरी स्कूल की प्रिया गुरुंग बेस्ट कैडेट रहीं। मंडी कालेज के मनीष बेस्ट एथलीट बने। ड्रिल प्रतियोगिता में मंडी कॉलेज और डीएवी मंडी अपने-अपने वर्गों में अव्वल रहे। सीनियर वर्ग की .22 राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में मंडी कालेज के शिवम ठाकुर और आईआईटी मंडी की भाग्यश्री प्रथम रहीं। स्कीट शूटिंग प्रतियोगिता में मंडी कॉलेज के यतिंद्र और दीपिका अव्वल रहीं। विंग कमांडर कुनाल शर्मा ने सभी विजेताओं को बधाई दी। समापन अवसर पर कैडेटों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, लघु नाटिका और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से खूब समां बांधा। शिविर के समापन की पूर्व संध्या पर प्रतिभागी कैडेटों के अलावा हिमाचल प्रदेश के मशहूर कलाकारों व म्यूजिकल बैंड ने भी खूब मनोरंजन किया।

## बिजली के अघोषित कट ने बढ़ाई ढटवाल के उपभोक्ताओं की परेशानी

अनंत ज्ञान

**बड़सर।** भीषण गर्मी के बीच ढटवाल क्षेत्र में मंगलवार को लगे अघोषित बिजली कट ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दीं। सुबह करीब 10 बजे बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली आपूर्ति बंद हो गई, जो दोपहर लगभग 1:30 बजे बहाल हो पाई। तीन घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रहने से घरेलू और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

स्थानीय दुकानदारों विक्रम सिंह ढटवलिया, सतीश, संजय ठाकुर, बांका राम शर्मा, जगदीश चंद, मदन सहित अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि यदि विभाग पहले से कट की सूचना दे देता तो वे आवश्यक प्रबंध कर लेते। अचानक बिजली बंद होने के कारण फ्रिज में रखा सामान खराब हो गया, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, घरेलू उपभोक्ता भी गर्मी में बिना बिजली के परेशान रहे और कई लोग हाथों में पंखे झलते नजर आए। उपभोक्ताओं का कहना है कि पहले विभाग द्वारा बिजली कट की जानकारी समाचार पत्रों या अन्य माध्यमों से पहले ही दे दी जाती थी, लेकिन अब बिना सूचना के कट लगने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि 133 केवी लाइन की टेस्टिंग के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई थी। कनिष्ठ अभियंता विद्युत विभाग अक्षय धीमान ने कहा कि टेस्टिंग के दौरान कट लगाया गया था और दोपहर बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कट स्थानीय डिवीजन के नियंत्रण में नहीं था।


**मीटिंग** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीसी गंधर्वा राठौड़ ने दिए निर्देश

# हर चौराहे पर होगी मार्किंग, चेतावनी बोर्ड भी लगेंगे

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** डीसी गंधर्वा राठौड़ ने पीडब्ल्यूडी, नेशनल हाईवे, पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात के नियमों की सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए सभी मुख्य सड़कों, चौक-चौराहों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सड़कों की सही मार्किंग सुनिश्चित करें।

वाहन चालकों एवं राहगीरों के सही मार्गदर्शन और उन्हें अलर्ट करने के लिए उपयुक्त स्थानों पर बोर्ड भी लगाएं। सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में नेशनल हाईवे और अन्य महत्वपूर्ण सड़कों से जुड़ने वाले ग्रामीण संपर्क मार्गों के जंक्शनों, क्रॉसिंग्स तथा अन्य चौक-चौराहों पर सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इन



हमीरपुर में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करतीं डीसी गंधर्वा राठौड़। अनंत ज्ञान

दुर्घटनाओं का मुख्य कारण ओवर स्पीड या गलत दिशा में ड्राइविंग ही होता है। इसलिए, इन स्थानों पर उपयुक्त स्पीड ब्रेकर्स एवं बैरीकेडिंग के साथ-साथ सड़क की सही मार्किंग भी होनी चाहिए तथा वाहन चालकों और राहगीरों के मार्गदर्शन एवं उन्हें अलर्ट करने के लिए चेतावनी बोर्ड या दिशासूचक बोर्ड भी लगाए जाने चाहिए। सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की तत्काल मदद करके उन्हें अस्पताल तक पहुंचाने वाले नेक व्यक्तियों को राहवीर योजना के तहत 'गुड सेमेरिटन' पुरस्कार दिया जाता है। सड़क दुर्घटनाओं के शिकार लोगों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी सरकारी अस्पतालों और अन्य सूचीबद्ध अस्पतालों में डेढ लाख रुपए तक के मुफ्त एवं कैशलैस इलाज की सुविधा का प्रावधान भी किया गया है। सड़क दुर्घटना के बाद 24 घंटे के भीतर अस्पताल में दाखिल होने पर यह सुविधा मिलेगी और घायल व्यक्ति का अधिकतम सात दिन तक कैशलैस इलाज किया जा सकता है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए। जिला में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर एसपी बलवीर सिंह, नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा, एसडीएम संजीत सिंह, एसी टू डीसी चिराग शर्मा, जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव एवं पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल ने भी महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

# राजस्व रिकॉर्ड की गलती से वर्षों से दफ्तरों के चक्कर काट रहा बुजुर्ग

अनंत ज्ञान

**जाहू।** जाहू पटवार सर्किल में भूमि अभिलेखों से जुड़ा मामला सामने आया है, जहां राजस्व रिकॉर्ड में कथित त्रुटि के चलते 75 वर्षीय प्रकाश चंद को वर्षों से कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम भोरंज शशिपाल शर्मा को शिकायत सौंपकर रिकॉर्ड में सुधार और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

विभागीय जांच में भी रिकॉर्ड दर्ज करने के दौरान गलती होने की बात सामने आई है। प्रकाश चंद निवासी जाहू ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2003 में गायत्री देवी से चार मरले भूमि खरीदी थी। 9 जुलाई 2003 को इंतकाल संख्या 2493 के माध्यम से यह भूमि उनके नाम दर्ज हो गई थी। इसके बाद उन्होंने बैंक से ऋण लेकर उस पर मकान का निर्माण भी कर लिया। लेकिन वर्ष 2022 में भूमि की तकसीम के दौरान उन्हें पता चला कि संबंधित भूमि के रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज ही नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि खानगी तकसीम के दौरान भी कई अनियमितताएं हुईं, जिसके चलते उन्हें तीन से चार मरले भूमि कम मिली। उनका कहना है कि रिकॉर्ड दुरुस्त करवाने के लिए उन्होंने कई बार तहसील कार्यालय में आवेदन दिए और पटवारी ने मौके का निरीक्षण भी किया, लेकिन अभी तक आवश्यक सुधार नहीं हो पाया है। प्रकाश चंद ने आरोप लगाया कि एक ही खसरा नंबर की भूमि दो बार बेची गई। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011-12 में पूनम देवी ने छह मरले भूमि किसी व्यक्ति को बेची थी, जबकि वर्ष 2021-22 में उसी भूमि का इंतकाल और रजिस्ट्री उनकी पत्नी स्वर्गीय गीता देवी के नाम कर दी गई। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। एसडीएम भोरंज के आदेश पर हुई जांच में पाया गया कि गायत्री देवी को पूर्व खानगी तकसीम में कम भूमि मिली थी, जिसकी भरपाई अगली तकसीम में प्रस्तावित थी, लेकिन सभी हिस्सेदारों की सहमति नहीं बन पाई। नायब तहसीलदार जाहू कश्मीर खान ने बताया कि इंतकाल संख्या 3721 के विरुद्ध अपील की जा सकती है। एसडीएम भोरंज ने कहा कि संबंधित व्यक्ति को नियमानुसार अपील का अधिकार है।

# साहब! छोटा टैंक नहीं बुझा पा रहा प्यास

## पानी की समस्या से निजात दिलाने को एक्सईएन जल शक्ति से मिला गुम्हू पंचायत का प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान

◆ कलखर वार्ड के 70 परिवार झेल रहे परेशानी

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** ग्राम पंचायत गुम्हू (आम्बलालू) की प्रधान निशा देवी की अगुवाई में पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल पेयजल संकट के स्थायी समाधान की मांग को लेकर जलशक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता (एक्सईएन) सरकाघाट से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने एक्सईएन को बताया कि पंचायत के कलखर वार्ड में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व में रोपड़े क्षेत्र में बने छोटे भंडारण टैंक से कलखर वार्ड को नियमित पेयजल आपूर्ति होती थी, लेकिन लगभग 10 हजार लीटर क्षमता वाला यह टैंक वर्तमान जरूरतों के अनुरूप पर्याप्त नहीं है।

इसके कारण ढर्डरनाल, भलेटी और पन्याली क्षेत्र तक ही पानी की आपूर्ति हो पा रही है, जबकि कलखर, ठाठी और हरिजन बस्ती के करीब 70 परिवार लंबे समय से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रभावित परिवारों को काण्डापतन उठाऊ पेयजल योजना से भी पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान निशा देवी ने अधिशाषी अभियंता से मांग की कि रोपड़े क्षेत्र में कम से कम 50 हजार से एक लाख लीटर क्षमता का नया भंडारण टैंक बनाया जाए, ताकि कलखर वार्ड सहित सभी प्रभावित क्षेत्रों में सुचारु एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

अधिशाषी अभियंता एलआर शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को मामले का उचित परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि विभाग शीघ्र सकारात्मक कदम उठाएगा, जिससे लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान हो सके।


पानी की समस्या से निजात दिलाने को एक्सईएन जल शक्ति से मिला गुम्हू पंचायत का प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

## कांग्रेस सरकार युवाओं को रोजगार के मुद्दे पर जवाब दे: अजय राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के युवाओं ने कांग्रेस सरकार पर भरोसा कर रोजगार और बेहतर भविष्य की उम्मीद की थी, लेकिन ढाई वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी युवा अपने चुनावी वादों का जवाब मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वयं प्रदेश सरकार के एक मंत्री का सार्वजनिक बयान सामने आया है कि उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के लगभग 600-700 लोगों को आउटसोर्स के माध्यम से रोजगार दिलाया। यदि यह बयान सही है, तो सरकार को पूरी पारदर्शिता के साथ बताना चाहिए कि यह प्रक्रिया क्या थी, किन नियमों के तहत नियुक्तियां हुई और क्या प्रदेश के सभी युवाओं को समान अवसर उपलब्ध कराए गए।

अजय राणा ने स्पष्ट किया कि भाजपा किसी भी युवा के रोजगार के खिलाफ नहीं है। जिसने भी नियमों के अनुसार नौकरी प्राप्त की है, उसका सम्मान होना चाहिए। लेकिन भाजपा का प्रश्न पूरी भर्ती व्यवस्था और पारदर्शिता को लेकर है। हिमाचल प्रदेश केवल किसी एक विधानसभा क्षेत्र का नहीं है। मंडी, कांगड़ा, कुल्लू, चंबा, सिरमौर, किन्नौर, शिमला, सोलन, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और लाहौल-स्पीति सहित पूरे प्रदेश का प्रत्येक युवा समान अवसर का हकदार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन इस तरह के बयान दे रहे हैं, यह चिंताजनक है।


## बरसात में भी पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे घोरी गांव के लोग

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** सुंदरनगर उपमंडल की डुगराई पंचायत के घोरी गांव में बरसात के मौसम के बावजूद पेयजल संकट गहराया हुआ है। गांव से महज 500 मीटर की दूरी पर पेयजल टैंक होने के बावजूद ग्रामीणों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। हालात ऐसे हैं कि एक बाल्टी पानी भरने में भी कई घंटे लग रहे हैं, जिससे लोगों की दैनिक दिनचर्या प्रभावित हो रही है।

ग्रामीण टिकम चंद, देसराज, राजकुमार और पवन कुमार ने बताया कि इस समस्या से संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। उनका कहना है कि शिकायतों के बावजूद जलापूर्ति व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है और लोगों को लगातार परेशानी झेलनी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और जल शक्ति विभाग से मांग की है कि पेयजल पाइपलाइन की विस्तृत जांच



◆ 500 मीटर दूर जल भंडारण टैंक होने के बावजूद नहीं मिल रही नियमित सप्लाई

कर संभावित लीकेज का पता लगाया जाए। साथ ही, पुरानी और जंग लगी पाइपों को बदलकर नए पाइप बिछाई जाएं, ताकि घोरी गांव के लोगों को नियमित और सुचारु पेयजल आपूर्ति मिल सके।

# संधोल में 12वीं पास युवती लापता पिता की शिकायत पर मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

◆ निजी काम से घर से निकली थी पायल

◆ मोबाइल बंद होने के बाद पुलिस ने शुरू की तलाश

**सरकाघाट।** उपमंडल संधोल के तहत एक 12वीं पास युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता मदन लाल पुत्र स्वर्गीय कांशी राम निवासी गांव कून, डाकघर टौरखोला, तहसील संधोल, जिला मंडी (हि.प्र.) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उसके दो बच्चे हैं—एक बेटा, जो भारतीय सेना में भर्ती हो चुका है, और एक बेटी पायल कौण्डल, जिसने हाल ही में 10+2 की परीक्षा पास की है। शिकायत के अनुसार, 10 जुलाई को पायल ने अपने परिवार को बताया कि वह किसी निजी कार्य से संधोल जा रही है और सुबह करीब 9 बजे सरकारी बस से घर से निकल गई। उसी दिन दोपहर करीब 2 बजे पायल ने अपनी मां ज्योति के मोबाइल फोन पर कॉल कर कहा कि वह घर नहीं आएगी और कहीं जा रही है। इसके बाद उसने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया।

परिवार ने 11 और 12 जुलाई को रिश्तेदारों और आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। इसके बाद पिता ने पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है और लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी को युवती के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना को सूचित करें।

# एक सप्ताह से बंद हमीरपुर-संधोल बस सेवा, छात्र व राहगीर परेशान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** दशकों से संचालित हो रही हमीरपुर डिपो की अवाह देवी-संधोल-हमीरपुर बस सेवा पिछले लगभग एक सप्ताह से बंद पड़ी है, जिससे क्षेत्र के दर्जनों कॉलेज छात्र-छात्राओं और अन्य यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार यह बस प्रतिदिन सुबह करीब 9 बजे सन्धोल से सुजानपुर के लिए रवाना होती थी। इस बस में सफर करने वाले अधिकांश छात्र रोजाना कॉलेज आने-जाने के लिए इसी सेवा पर निर्भर थे। बस में यात्रियों की संख्या इतनी अधिक रहती थी कि सीट मिलना भी मुश्किल हो जाता था। वापसी के समय भी बस पूरी तरह भरी रहती थी। बस सेवा बंद होने के कारण छात्र-छात्राएं समय पर कॉलेज नहीं पहुंच पा रहे हैं। कई विद्यार्थियों को निजी वाहनों या अन्य साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे आर्थिक बोझ भी बढ़ गया है। अभिभावकों ने भी इस स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा है कि बस सेवा ठप रहने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।



बताया जा रहा है कि इस बस का रूट सन्धोल से आवादेवी वाया बक्कर खड्ड होकर गुजरता है। बरसात के दौरान बक्कर खड्ड में जलस्तर बढ़ने के कारण यह मार्ग कई बार बंद हो जाता है। ऐसे में स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने हमीरपुर डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक से मांग की है कि बरसात के दिनों में इस बस को वैकल्पिक रूप से सन्धोल-हमीरपुर के बीच नियमित रूप से संचालित किया जाए, ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो और आम यात्रियों को भी राहत मिल सके।

उधर, डीएम हमीरपुर राज कुमार ने बताया कि टायर की कमी के चलते समस्या उत्पन्न हुई है हफ्ते भर में टायर आ जाएंगे उसके बाद बस को फिर से बहाल कर दिया जाएगा।

## पंचायत समिति करसोग के इशरा मेहता अध्यक्ष व कली चौहान उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, करसोग।** पंचायत समिति करसोग के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पीठासीन अधिकारी एवं एसडीएम करसोग गौरव महाजन द्वारा संपन्न करवाई गई। निर्वाचन प्रक्रिया में इशरा मेहता को अध्यक्ष तथा कली चौहान को उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। एसडीएम ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर राज्य अनुसूचित जाति जनजाति विकास निगम के अध्यक्ष लाल सिंह कौशल, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी महेश राज, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष एवं प्रधान ग्राम पंचायत बखरोट गोपाल ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# कारगिल दिवस से पहले शहीद राजेश चौहान की प्रतिमा का हो सौंदर्यीकरण

अनंत ज्ञान

**महेंद्र सिंह राणा, भौर।** विकास खंड धनोटू के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-21 से सटे कारगिल शहीद राजेश कुमार चौहान चौक स्थित शहीद राजेश कुमार चौहान की प्रतिमा के सौंदर्यीकरण और परिसर की साफ-सफाई की मांग स्थानीय लोगों ने उठाई है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिमा के सामने लगा बोर्ड इसकी स्पष्ट दृश्यता में बाधा बन रहा है। उनका मानना है कि शहीद की प्रतिमा दूर से ही सम्मानपूर्वक दिखाई देनी चाहिए। इसके अलावा प्रतिमा के पीछे का रंग-रोगन भी खराब हो चुका है तथा आसपास नालियों और किनारों पर गंदगी जमा रहती है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और पंचायत से मांग की है कि 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस से पहले प्रतिमा का रंग-रोगन कराया जाए, सामने लगा बोर्ड हटाया जाए तथा पूरे परिसर की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। सेना में कार्यरत



तारा सिंह ठाकुर ने कहा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद के सम्मान में यहां सरकारी स्तर पर देशभक्ति और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, जिनमें स्थानीय पंचायत, कलाकारों और क्षेत्र के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि शहीदों के सम्मान से जुड़े इस स्थल का संरक्षण और रखरखाव प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए।

## अब पधर कैंटीन की नीलामी 21 को

**अनंत ज्ञान, पधर।** उपमंडलाधिकारी (ना.) पधर सुरजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मिनी सचिवालय पधर स्थित कैंटीन को एक वर्ष के लिए खुली बोली के माध्यम से ठेके पर देने के लिए पूर्व में 08 जुलाई तथा बाद में 13 जुलाई, 2026 को दोपहर 12:30 बजे नीलामी निर्धारित की गई थी। हालांकि दोनों अवसरों पर निर्धारित समय तक केवल एक ही बोलीदाता का आवेदन प्राप्त हुआ, जो नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया के लिए पर्याप्त नहीं था। उन्होंने बताया कि अब कैंटीन की नीलामी के लिए एक सप्ताह का समय बढ़ाते हुए नई तिथि 21 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक व्यक्ति 21 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे तक अपना आवेदन पत्र तथा 3,000 रुपये की धरोहर राशि उपमंडलाधिकारी (ना.) कार्यालय, पधर में जमा करवाना सुनिश्चित करें, ताकि कैंटीन को नियमानुसार किराए पर दिया जा सके। एसडीएम सुरजीत सिंह ने बताया कि नीलामी की सभी शर्तें पूर्व में जारी नोटिस के अनुसार ही यथावत रहेंगी। उन्होंने अधिक से अधिक पात्र एवं इच्छुक व्यक्तियों से निर्धारित तिथि पर नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने का आग्रह किया।

# निगम और बोर्ड के 6500 सेवानिवृत्त कर्मियों ने मांगी लंबित पेंशन बहाली

अनंत ज्ञान

◆ पूर्व उपाध्यक्ष हेम सिंह रावत बोले- 1999 की पेंशन अधिसूचना दोबारा लागू कर कर्मचारियों को मिले न्याय

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के विभिन्न निगमों एवं बोर्डों के लगभग 6,500 सेवानिवृत्त कर्मियों तथा उनके आश्रितों की पेंशन वर्षों से लंबित है जिससे प्रभावित परिवार आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। यह बात वन निगम कर्मचारी महासंघ के पूर्व उपाध्यक्ष हेम सिंह रावत ने कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 1999 में तत्कालीन सरकार द्वारा निगम एवं बोर्ड कर्मचारियों के लिए पेंशन संबंधी अधिसूचना जारी की गई थी। इसके आधार पर 1999 से 2004 के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को आज भी पेंशन का लाभ मिल रहा है। वहीं विद्युत बोर्ड, परिवहन निगम, हाउसिंग बोर्ड तथा शिक्षा बोर्ड जैसे अनेक संस्थानों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी नियमित रूप से पेंशन प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 के बाद सेवानिवृत्त हुए लगभग 6,500 कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को पेंशन से वंचित कर दिया गया। बताया जाता है कि बाद में सरकार द्वारा पेंशन संबंधी अधिसूचना को निरस्त कर दिया गया, जिससे इन कर्मचारियों के साथ अन्याय हुआ। सबसे बड़ा विरोधाभास तो यह है कि 2004 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन मिल रही है, जबकि 2004 से पहले नियुक्त होकर 2004 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को इस अधिकार से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह समानता एवं न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है।

उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों का कहना है कि उन्होंने वर्षों तक निगमों एवं बोर्डों में अपनी थसेवाएं देकर संस्थानों की प्रगति और सरकार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे में उनके साथ इस प्रकार का भेदभाव उचित नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की कि जिस प्रकार उन्होंने ओपीएस बहाल कर लगभग लाखों कर्मचारियों का विश्वास जीता है उसी प्रकार वर्ष 1999 की पेंशन अधिसूचना को पुनः लागू कर निगम एवं बोर्डों के लगभग 6,500 कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को भी पेंशन का लाभ प्रदान किया जाए। उन्होंने सभी कर्मचारी संगठनों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की गई है कि वे केवल सोशल मीडिया तक सीमित न रहें, बल्कि इस मुद्दे को जन-जन तक पहुंचाएं तथा अपने-अपने क्षेत्र के विधायक, मंत्री और संबंधित जनप्रतिनिधियों के समक्ष इसे प्रभावी ढंग से उठाएं।

## संधोल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की मांग तेज, 17वें दिन भी जारी रहा जनआंदोलन

# 85 वर्षीय यशोदा का संकल्प बना आंदोलन की ताकत

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** नागरिक अस्पताल संधोल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर चल रहा जनआंदोलन मंगलवार को 17 वें दिन भी पूरे जोश के साथ जारी रहा। आंदोलन के 17 वें दिन मनीष धलारिया, पंकज, बीपला देवी, ममता, माया, शुक्ला, शारदा, भोजा देवी और 85 वर्षीय यशोदा देवी क्रमिक अनशन पर बैठे।

धरना स्थल पर क्षेत्र के विभिन्न गांवों और पंचायतों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और आंदोलनकारियों का उत्साह बढ़ाया। आंदोलन की सबसे भावुक तस्वीर उस समय देखने को मिली जब 85 वर्षीय यशोदा देवी भी अपने क्षेत्र के बेहतर स्वास्थ्य अधिकारों की लड़ाई में क्रमिक अनशन पर बैठ गई।


संधोल स्वास्थ्य आंदोलन 17वें दिन भी जारी, 85 वर्षीय यशोदा देवी ने संभाली अनशन की कमान।

उनकी मौजूदगी ने धरना स्थल पर मौजूद लोगों को भावुक कर दिया।

युवाशक्ति के अध्यक्ष अविनाश भनवाल ने कहा कि यह प्रदेश के जनप्रतिनिधियों और सरकार के लिए बेहद शर्म की बात है कि मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर 85 वर्ष की वयोवृद्ध दादी को भी अनशन पर बैठना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति का संघर्ष नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की पीड़ा का प्रतीक है।

अविनाश भनवाल ने दोहराया कि युवाशक्ति का आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है, लेकिन जब तक नागरिक अस्पताल संधोल में सभी विशेषज्ञ चिकित्सक कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेते और अस्पताल में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो जातीं, तब तक उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा।

# प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार: दलीप ठाकुर

अनंत ज्ञान

◆ बोले, गारंटियों और आर्थिक मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही कांग्रेस

**ब्यूरो, मंडी।** सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए धार्मिक मुद्दों को उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को राम मंदिर पर बयानबाजी करने के बजाय प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र जारी कर जनता को वास्तविक स्थिति बतानी चाहिए। दलीप ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपनी दस चुनावी गारंटियों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को प्रतिमाह सहायता राशि, युवाओं को रोजगार, कर्मचारियों, पेंशनरों, किसानों और बागवानों से किए गए कई वादे अब तक अधूरे हैं। उन्होंने प्रदेश पर बढ़ते कर्ज और आर्थिक बदहाली के लिए भी सरकार को जिम्मेदार ठहराया।



विधायक ने कहा कि कांग्रेस को भ्रष्टाचार पर बोलने से पहले अपने शासनकाल में सामने आए विभिन्न चर्चित घोटालों पर भी जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के प्रतीक हैं और उनके नाम का राजनीतिक लाभ के लिए उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। दलीप ठाकुर ने सरकार से प्रदेश की वित्तीय स्थिति, बढ़ते कर्ज और चुनावी गारंटियों की प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग करते हुए कहा कि जनता इन मुद्दों पर जवाब चाहती है।

## आस्था | साढ़े तीन शताब्दियों से हिमाचल में जीवंत है भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की परंपरा

# सुंदरनगर में आज भी जीवित है पुरी की प्राचीन रथयात्रा की परंपरा

अनंत ज्ञान

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर।** देवभूमि हिमाचल की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत में मंडी जिले के सुंदरनगर के हंडेटी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर एक विशिष्ट स्थान रखता है। यह मंदिर केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि हिमाचल और ओडिशा की सांस्कृतिक परंपराओं को जोड़ने वाला एक ऐतिहासिक धरोहर स्थल भी है। वर्ष 1927 में प्रकाशित 'गजेटियर ऑफ द सुकेत स्टेट' में उल्लेख है कि उस समय भी इस मंदिर और इसकी परंपरा को लगभग 250 वर्ष पुराना माना जाता था। इस आधार पर आज वर्ष 2026 में भगवान जगन्नाथ की यह परंपरा लगभग साढ़े तीन शताब्दियों पुरानी मानी जाती है।

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया को जब ओडिशा के पुरी में विश्वविख्यात भगवान जगन्नाथ रथयात्रा आरंभ होती है, उसी दिन सुंदरनगर में भी भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता लक्ष्मी की भव्य रथयात्रा निकाली जाती है। सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी पूरे उत्साह, श्रद्धा और धार्मिक गरिमा के साथ निभाई जा रही है।



सुकेत रियासत के गजेटियर के अनुसार लगभग 17वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में एक बैरागी फकीर ओडिशा के जगन्नाथ धाम से चंदन की लकड़ी से निर्मित भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा लेकर सुंदरनगर पहुंचा। उसका उद्देश्य प्रतिमा को कुल्लू के राजा को एक हजार रुपए में बेचना था। जब इसकी जानकारी तत्कालीन सुकेत दरबार को मिली तो प्रतिमा खरीदने के लिए 500 रुपए का प्रस्ताव रखा गया, लेकिन बैरागी ने यह प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। वह कुल्लू जाने की तैयारी कर ही रहा था कि उसका निधन हो गया। इसके बाद तत्कालीन सुकेत नरेश के आदेश पर भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को तत्कालीन सुकेत रियासत सम्मानपूर्वक स्थापित किया गया। बैरागी का अंतिम संस्कार राजकीय व्यय पर कराया गया, मंदिर के निर्माण की व्यवस्था की गई तथा मंदिर के रख-रखाव और पूजा-अर्चना के लिए भूमि भी प्रदान की गई। यहीं से सुंदरनगर के पुराना नगर के हंडेटी में भगवान जगन्नाथ की आराधना की परंपरा का विधिवत प्रारंभ हुआ।

गजेटियर के अनुसार हंडेटी मंदिर में स्थापित भगवान जगन्नाथ की मुख्य प्रतिमा चंदन की लकड़ी से निर्मित है। लगभग एक हाथ ऊंची इस प्रतिमा में भगवान के नेत्र, मुख और बिना उंगलियों वाले हाथ दिखाई देते हैं, जो जगन्नाथ परंपरा की विशिष्ट शैली मानी जाती है। भगवान के दाहिनी ओर भगवान बलभद्र तथा बाईं ओर माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं स्थापित हैं। मंदिर में शालिग्राम सहित अन्य देवी-देवताओं के विग्रह आज भी विराजमान हैं।

सुंदरनगर की रथयात्रा केवल धार्मिक शोभायात्रा नहीं, बल्कि लोक आस्था से जुड़ी एक जीवंत परंपरा है। गजेटियर में वर्णित विवरण के अनुसार भगवान जगन्नाथ माता लक्ष्मी से रुष्ट होकर पुराना नगर के हंडेटी स्थित अपने मंदिर से लगभग एक मील दूर स्थित जंगम बाग के लिए प्रस्थान करते हैं। भगवान की प्रतिमा को पालकी में विराजमान कर श्रद्धालु भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ वहां तक ले जाते हैं। जंगम बाग में भगवान एक दिन विश्राम करते हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की जाती है। लोकमान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ से लक्ष्मी का पुनर्मिलन होता है। इसके बाद भगवान एक बार फिर अपने मंदिर लौटते हैं, जहां विशेष आरती और पूजा-अर्चना संपन्न होती है।

### आज भी उसी श्रद्धा से निभाई जा रही है परंपरा

**हंडेटी** स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के पुजारी रूपेश शर्मा बताते हैं कि आज भी आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता लक्ष्मी की रथयात्रा हंडेटी से जंगम बाग तक निकाली जाती है। इस वर्ष 16 जुलाई वीरवार को भगवान जंगम बाग के लिए बलीभद्र और माता लक्ष्मी के साथ रथ में सवार होकर प्रस्थान करने जा रहे हैं। एक दिन जंगमबाग की तपोस्थली पर विश्राम कर शनिवार को विशाल भंडारे के बाद एक बार फिर वापिस अपने मंदिर लौटेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक एवं पावन रथयात्रा में भाग लेकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# फाल आर्मी वर्म से मक्की की फसल बचाने के लिए फसल चक्र अपनाएं किसान: कृषि विभाग

अनंत ज्ञान

**मनोज सोनी, नेरचौक।** मंडी जिले में मक्की की फसल पर फाल आर्मी वर्म के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों को सतर्क रहने और फसल चक्र अपनाने की सलाह दी है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण यह कीट तेजी से फैल रहा है। हालांकि, मानसून की लगातार बारिश होने पर इसके प्रकोप में स्वाभाविक कमी आने की संभावना है।

किसानों की शिकायतें मिलने के बाद विभाग ने प्रभावित क्षेत्रों में टीमें भेजकर कीट नियंत्रण अभियान तेज कर दिया है। विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जा रही अनुदानयुक्त कीटनाशक दवा का छिड़काव प्रभावित क्षेत्रों में कराया जा रहा है, जिससे कई स्थानों पर कीट पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया है। बल्ह, सुंदरनगर, मलोह, डैहर और भंतरेहड़ सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृषि विभाग की टीमों ने खेतों का निरीक्षण कर किसानों को खेतों और मेड़ों की साफ-सफाई बनाए रखने, समय पर दवा का छिड़काव करने तथा राख और चूने का मिश्रण मक्की के पौधों में कीट प्रभावित स्थानों पर लगाने की सलाह दी। विषय विशेषज्ञ विजय कुमार और समशेर सिंह ने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर अनुशंसित दानेदार कीटनाशक का भी प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से बार-बार मक्की की खेती करने के बजाय फसल चक्र अपनाने और अगली फसल में दलहनी फसलों को शामिल करने का आग्रह किया। कृषि विभाग ने किसानों से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नजदीकी कृषि कार्यालय या कृषि विशेषज्ञों से संपर्क कर वैज्ञानिक सलाह लेने की अपील की है।


कीट नियंत्रण और बचाव की जानकारी दी जा रही है। अनंत ज्ञान

**जिसके** जीने से बहुत से लोग जीवित रहें, वहीं इस संसार में वास्तव में जीता है।

-विष्णु शर्मा

## संपादकीय

# मानसून में दूषित पानी का संकट

हिमाचल प्रदेश में मानसून का आगमन जहां गर्मी से राहत लेकर आता है, वहीं अपने साथ अनेक चुनौतियां भी खड़ी कर देता है। हर वर्ष बरसात के मौसम में भूस्खलन, बादल फटना, बाढ़ और सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं सामान्य हो जाती हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होता है और करोड़ों रुपए की सरकारी तथा निजी संपत्ति का नुकसान होता है। सबसे दुखद पहलू यह है कि कई बार लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ती है, लेकिन इन सबके बीच एक ऐसी समस्या भी है, जो दिखाई कम देती है, परंतु लोगों के स्वास्थ्य पर सबसे गंभीर असर डालती है। यह समस्या है दूषित पेयजल और उससे फैलने वाले जल जनित रोगों की।

मानसून के दौरान जल स्रोतों में गंदगी, मिट्टी और सीवरेज का पानी मिल जाने से पेयजल की गुणवत्ता प्रभावित हो जाती है। यदि समय रहते जल स्रोतों की निगरानी और उचित उपचार नहीं किया जाए तो यही पानी हैजा, पीलिया, टाइफाइड, डायरिया और उल्टी-दस्त का कारण बन जाता है। दुर्भाग्य से इस वर्ष भी हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में यही स्थिति देखने को मिल रही है। कुछ समय पहले मंडी जिले में उल्टी-दस्त के अनेक मामले सामने आए थे। अब कांगड़ा जिले के पालमपुर उपमंडल के भवारना क्षेत्र में पीलिया तेजी से फैल रहा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। परिवार के परिवार इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं और लोगों में भय का माहौल है। चिंता की बात यह है कि बीमारी फैलने के शुरुआती संकेत मिलने के बावजूद संबंधित विभागों ने समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए। जब स्थिति नियंत्रण से बाहर होने लगी और जनदबाव बढ़ा, तब जाकर स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ। यह पहली बार नहीं है कि मानसून के दौरान जल जनित रोगों ने प्रदेश में दस्तक दी हो।

लगभग हर वर्ष ऐसी घटनाएं सामने आती हैं। इसलिए यह सवाल स्वाभाविक है कि जब समस्या की प्रकृति और समय दोनों पहले से ज्ञात हैं, तो संबंधित विभाग पहले से तैयारी क्यों नहीं करते? केवल बीमारी फैलने के बाद कार्रवाई करना किसी भी दृष्टि से प्रभावी व्यवस्था नहीं माना जा सकता। आवश्यकता इस बात की है कि स्वास्थ्य विभाग और जल शक्ति विभाग मानसून शुरू होने से पहले ही व्यापक कार्ययोजना तैयार करें और उसे धरातल पर लागू करें।

स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी केवल मरीजों का इलाज करना नहीं है, बल्कि बीमारियों की रोकथाम भी उसकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। मानसून शुरू होने से पहले संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, नियमित स्वास्थ्य निगरानी, दवाओं का पर्याप्त भंडारण, जांच सुविधाओं की उपलब्धता और डॉक्टरों व स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को पर्याप्त संसाधन मिलेंगे तो शुरुआती स्तर पर ही बीमारी को नियंत्रित किया जा सकेगा। इसके साथ-साथ लोगों को भी जागरूक करना आवश्यक है। अधिकांश जल जनित रोग केवल सावधानी बरतने से रोके जा सकते हैं। लोगों को उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी पीने, भोजन को ढककर रखने, हाथों की स्वच्छता बनाए रखने तथा बीमारी के शुरुआती लक्षण दिखाई देने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। गांव-गांव और शहर-शहर विशेष जागरूकता अभियान चलाना समय की आवश्यकता है।

दूसरी ओर जल शक्ति विभाग की जिम्मेदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। प्रदेश के लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना उसकी मूल जिम्मेदारी है। मानसून के दौरान सभी पेयजल योजनाओं की नियमित जांच होनी चाहिए। जल स्रोतों से लेकर वितरण प्रणाली तक पानी की गुणवत्ता की लगातार निगरानी आवश्यक है। जहां भी पानी की शुद्धता पर संदेह हो, वहां तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए। विशेषज्ञों का भी मानना है कि बरसात के मौसम में जलाशयों और स्टोरेज टैंकों में क्लोरीन की मात्रा निर्धारित मानकों के अनुसार बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं का नाश हो सके। इसके अलावा सभी पेयजल टैंकों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि हर पंद्रह दिन में जल भंडारण टैंकों की सफाई और पानी की गुणवत्ता की जांच अनिवार्य रूप से हो, तो संक्रमण फैलने की आशंका काफी हद तक कम की जा सकती है।

यदि जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाए तो लोग खुद भी आसपास के जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करेंगे। बीमारी से लड़ने का सबसे प्रभावी तरीका यही है कि सरकार और समाज मिलकर काम करें। स्वास्थ्य विभाग, जल शक्ति विभाग और स्थानीय प्रशासन को मिलकर ऐसी स्थायी व्यवस्था विकसित करनी होगी कि हर मानसून में जल जनित रोग संकट का रूप न लें। मानसून की चुनौतियों को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन बेहतर तैयारी, समय पर निगरानी से उनके प्रभाव को निश्चित रूप से कम किया जा सकता है।

## आज की प्रमुख हस्ती

### गुजरात के मुख्यमंत्री

**भूपेंद्र रजनीकांत पटेल** गुजरात के प्रमुख भाजपा नेता और वर्तमान मुख्यमंत्री हैं। उन्हें भाजपा विधायक दल की सर्वसम्मति से नेता चुना गया, जिसके बाद पार्टी पर्यवेक्षक नरेंद्र सिंह तोमर ने उनके नाम की घोषणा की।



भूपेंद्र रजनीकांत पटेल
जन्म : 15 जुलाई, 1962

भूपेंद्र पटेल अहमदाबाद की घाटलोदिया विधानसभा सीट से विधायक हैं। वर्ष 2017 में वे पहली बार विधायक चुने गए। यह वही सीट है, जहां से पूर्व मुख्यमंत्री आनंदीबेन पटेल भी निर्वाचित होती रही थीं। वे कडवा पाटीदार समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा अपने सरल, सौम्य और मिलनसार स्वभाव के कारण प्रदेश की राजनीति में अजातशत्रु माने जाते हैं।

सिविल इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त भूपेंद्र पटेल राजनीति में सक्रिय होने से पहले अहमदाबाद शहरी विकास प्राधिकरण (AUDA) के अध्यक्ष रह चुके हैं। नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री काल में 1999 से 2001 तक वे अहमदाबाद नगरपालिका की स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष रहे। इसके बाद 2008 से 2010 तक नगरपालिका स्कूल बोर्ड के उपाध्यक्ष तथा 2010 से 2015 तक थलतेज वार्ड के पार्षद रहे।

2017 के विधानसभा चुनाव में आनंदीबेन पटेल के समर्थन से उन्हें घाटलोदिया से टिकट मिला। उन्होंने कांग्रेस के शशिकांत पटेल को एक लाख 17 हजार से अधिक मतों के बड़े अंतर से हराकर अपनी राजनीतिक पहचान मजबूत की।



कविता

## हम करें नयनाभिराम

भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव (मंडी)

**आंखें** देखती, बोलती, परखती हैं,
उन आंखों की हरकत, उनके सारे हाव भाव,
शब्दों की नुमाइश लगाए बगैर
और शब्दों का कचूमर निकाले बिना,
चश्मा रहित वह अपना बेगाना,
बोलती आंखों से कह जाता है बहुत कुछ,
वह दिलवाला समझता है,
इस दिल की सच्ची सीधी बात,
आंखों में झांककर क्योंकि होती है मुलाकात,
आंखें ही तो देखती हैं रंग-बिरंगी कायनात,
फिर आंखों में ही तो झलकते हैं काबू-बेकाबू जज्बात,
अच्छे- बुरे में है रहता विचलित मनोभाव का हाथ,
हम करें नयनाभिराम, आंखों आंखों में बात,
हम करें नयनाभिराम, आंखों-आंखों में बात।।

# अमेरिका व रूस ने बदले वैश्विक सामरिक समीकरण

सामरिक रिश्ते यानी दो या दो से अधिक मुल्कों के बीच सुरक्षा कूटनीति व सैन्य सहयोग तथा आर्थिक हितों के मद्देनजर बनाए गए गठबधंन। समय के अनुसार विश्व के ताकतवर देशों के सामरिक समीकरण इस कदर तब्दील हो रहे हैं कि दशकों तक आपस में दुश्मन रहे मुल्क दोस्त बन रहे हैं तथा दोस्त रहे देश अदावत के खूनी मजमून लिख रहे हैं।



प्रताप सिंह पटियाल
स्वतंत्र स्तंभकार

सामरिक समीकरण बदलने के साथ विश्व में आर्थिक, कूटनीतिक तथा सियासी गणित भी बदल रहे हैं। तशवीशनाक पहलू यह है कि महाशक्ति कहलाने वाले अमेरिका, रूस तथा चीन जैसे देशों के बदलते सामरिक समीकरण मुस्तकबिल के लिए एक खौफनाक मंजर पैदा कर रहे हैं। सन् 1950 के दशक में ईरान के साथ अमेरिका के मैत्रीपूर्ण ताल्लुकात थे। शीत युद्ध के दौरान मिडिल ईस्ट में सोवियत संघ के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका का दस्त-ओ-बाजू ईरान ही बना था। सन् 1950 के दौर में अमेरिका ने 'एक्टस फॉर पीस' मिशन के तहत ईरान के परमाणु अनुसंधान में भारी निवेश करके ईरान में पहला परमाणु रिएक्टर भी कायम किया था लेकिन सन् 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति ने मध्य पूर्व के सारे समीकरण तब्दील करके ईरान को कई मुल्कों का दुश्मन बना दिया। इस्लामिक क्रांति के बाद अमेरिका तथा ईरान के दरम्यान अदावत का एक खौफनाक दौर शुरू हुआ। मौजूदा दौर में अमेरिका की मिसाइलों की किलेबंदी से घिर चुका ईरान मिडिल ईस्ट की जंग का मरकज बना है। इसी प्रकार फर०वरी 2022 से यूक्रेन पर जारी रूस के सैन्य हमलों के बाद विश्व के सामरिक समीकरण बेहद खतरनाक दौर में जा चुके हैं।

अगस्त 1991 को यूक्रेन सोवियत संघ से अलग हुआ। सन् 1997 में रूस और यूक्रेन के बीच सहयोग और साझेदारी का 'बड़ी संधि' नामक समझौता भी हुआ था मगर यूक्रेन का यूरोपीय संघ व पश्चिमी देशों से करीबी रिश्ते बनाना तथा यूक्रेन के सदर व्लादिमीर जेलेंस्की की नाटो में शामिल होने की ख्वाहिश 'पुतिन' को नाग्वार गुजरी। रूस के सदर पुतिन का तर्क था कि यूक्रेन की मगरबी मुल्कों से रफाकत तथा नाटो देशों में शामिल होने की जहालत रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा को चुनौती पेश करेगी।

नतीजन सैन्य कारवाई को एकमात्र विकल्प मानकर पुतिन ने यूक्रेन पर हमला कर दिया। इतिहास के पन्ने खंगाले तो ज्ञात होगा कि रिपब्लिक ऑफ चाइना के संस्थापक चेयरमैन माओत्से तुंग तथा रूस



के प्रधानमंत्री जोसेफस्टालिन ने सन् 1950 के दशक 'साइनो-सोवियत ट्रीटी ऑफ फ्रेंडशिप अलायंश एंड म्यूचुयल असिस्टेंस' नामक रक्षा समझौता करके दोनों देशों के संबंध मजबूत किए थे। अपने जीवनकाल में केवल दो विदेशी यात्राएं करने वाला चेयरमैन माओ दो मर्तबा मास्को में ही तशरीफले गया था।

चीन के परमाणु कार्यक्रम का आगाज करने में सोवियत संघ ने अहम किरदार अदा किया था, लेकिन मार्च 1953 में प्रधानमंत्री जोसेफ स्टालिन की वफात के बाद 'निकिता खुश्चेव' रूस की सत्ता पर काबिज हुए। खुश्चेव के दौर में सोवियत संघ और चीन के रिश्ते बिगड़ने लगे। दोनों मुल्कों की गर्मजोशी जल्द ही अदावत में बदल गई। मार्च 1969 में 'झेनबाओ' नामक टापू पर सोवियत संघ की फौज ने चीन की पीपल लिबरेशन आर्मी 'पीएलए' के सैकड़ों सैनिकों को हलाक कर दिया। झेनबाओ का सैन्य टकराव परमाणु हथियारों की तैनाती तक पहुंच गया था। झेनबाओ पर नियंत्रण को लेकर हुए सैन्य नुकसान के बाद माओत्से तुंग को एहसास हुआ कि सोवियत संघ ड्रैगन के लिए एक बड़ा खतरा बन जाएगा।

अमेरिका और चीन के रिश्तों का एक दौर ऐसा भी था जब 1954 में जिनेवा सम्मेलन के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री जॉन फोस्टर डुलेस ने चीन के प्रधानमंत्री झोउ एनलाई से हाथ मिलाने से इंकार कर दिया था, मगर बदलते सामरिक समीकरणों को देखते हुए 1972 में राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन चीन पहुंचे और दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्तों की नई शुरुआत हुई। इसके बाद रूस और चीन ने अपने संबंध मजबूत कर अमेरिका के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी। 2025 में रूस ने तालिबान सरकार को मान्यता देकर अफगानिस्तान में अपनी सामरिक कूटनीति का संकेत दिया, जबकि अमेरिका 2001 में तालिबान के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद 2021 में उसी के हाथ सत्ता छोड़कर अफगानिस्तान से हट गया। ईरान के मुद्दे पर भी रूस खुलकर उसके समर्थन में खड़ा दिखाई दिया। रूस, चीन और उत्तर कोरिया का सामरिक गठजोड़ वैश्विक शक्ति संतुलन को नई दिशा दे रहा है।

आधुनिक सैन्य तकनीक, परमाणु क्षमता और रणनीतिक साझेदारियों के माध्यम से ये देश अमेरिका के प्रभाव को चुनौती दे रहे हैं, जिसके जवाब में अमेरिका मिडिल ईस्ट को अपना सामरिक केंद्र बना रहा है। आज प्रभाव क्षेत्र की कूटनीति वैश्विक राजनीति का प्रमुख आधार बन चुकी है, जहां सैन्य शक्ति, कूटनीति और व्यापारिक हित एक-दूसरे से जुड़े हैं। ऐसे में पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश जैसे पड़ोसी देशों को देखते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति भारत को भी अपने प्रभाव क्षेत्र और सामरिक नीति को अधिक सशक्त बनाकर बदलते वैश्विक समीकरणों के अनुरूप आगे बढ़ना होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# विकसित भारत के सपने की राह में शहरी अव्यवस्था की चुनौती

विकसित भारत 2027 बनने का सपना केवल सरकार का लक्ष्य नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की सामूहिक आकांक्षा है। यह सपना मजबूत अर्थव्यवस्था, आधुनिक शहरों, विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे और बेहतर जीवन गुणवत्ता का वादा करता है, किंतु हर मानसून इस दावे की वास्तविकता सामने ला देता है।



अजय कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

पानी में डूबी सड़कें, घंटों तक लगे ट्रैफिक जाम, उफनते सीवर, धंसती सड़कें और बदहाल नागरिक यह सवाल खड़ा करते हैं कि क्या हमारे शहर आज भी सामान्य मानसूनी बारिश झेलने के लिए तैयार नहीं हैं? इस वर्ष मानसून समय पर आया, जिससे किसानों को राहत मिली, लेकिन शहरों की समस्याएं फिर उजागर हो गईं। दिल्ली में कुछ घंटों की बारिश के बाद अंडरपास जलमग्न हो गए और प्रमुख मार्गों पर यातायात ठप हो गया। गुरुग्राम में भारी वर्षा ने एनएच-48 और अन्य मुख्य सड़कों पर घंटों जाम की स्थिति पैदा कर दी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ भी इससे अछूती नहीं रही। गोमती नगर, आशियाना, जानकीपुरम और अलीगंज जैसे क्षेत्रों में हर वर्ष जलभराव और उखड़ती सड़कें प्रशासनिक लापरवाही की कहानी दोहराती हैं। शहरों का विस्तार तो हुआ, लेकिन जलनिकासी व्यवस्था उसी गति से विकसित नहीं हो सकी। समस्या का मूल कारण केवल अधिक वर्षा नहीं, बल्कि अव्यवस्थित शहरी योजना है। भारत में सड़क बनने के कुछ ही समय बाद उसे सीवर, गैस पाइपलाइन, बिजली या फाइबर ऑप्टिक केबल बिछाने के लिए फिर खोद दिया जाता है। विभिन्न विभाग अपने-अपने स्तर पर कार्य करते हैं, पर समन्वित योजना का अभाव रहता है। परिणामस्वरूप करोड़ों रुपए की सार्वजनिक धनराशि खर्च होने के बावजूद सड़कें बार-बार क्षतिग्रस्त होती हैं और नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। विकसित देशों में पहले



भूमिगत उपयोगिताओं की समेकित योजना बनाई जाती है, उसके बाद सड़क निर्माण किया जाता है, जबकि भारत में अक्सर इसका उल्टा होता है।

इस पूरी व्यवस्था की सबसे बड़ी कमजोरी जवाबदेही का अभाव है। नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विकास प्राधिकरण और जल संस्थान अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का दावा करते हैं, लेकिन बारिश के समय सभी एक-दूसरे पर दोषारोपण करने लगते हैं। पहली ही बारिश में सड़क धंसने या जलभराव होने पर शायद ही किसी अधिकारी या ठेकेदार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई होती है। यही कारण है कि हर वर्ष वही समस्याएं दोहराई जाती हैं। भ्रष्टाचार भी इस संकट का प्रमुख कारण है। यदि दस वर्ष चलने वाली सड़क एक वर्ष में ही टूट जाए या करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी नालों की सफाई का परिणाम जलभराव के रूप में सामने आए, तो यह केवल तकनीकी विफलता नहीं, बल्कि सार्वजनिक धन की बर्बादी है। विश्व बैंक के अनुसार 2050 तक भारत की शहरी आबादी लगभग 95 करोड़ हो सकती है, जबकि आवश्यक शहरी बुनियादी ढांचे का बड़ा हिस्सा अभी विकसित होना बाकी है। जलवायु परिवर्तन के कारण कम समय में अत्यधिक वर्षा की घटनाएं बढ़ रही हैं और प्राकृतिक नालों, तालाबों तथा वर्षाजल मार्गों पर अतिक्रमण ने जलभराव की समस्या को और गंभीर बना दिया है।

विकसित भारत का अर्थ केवल बुलेट ट्रेन, मेट्रो या एक्सप्रेसवे नहीं, बल्कि ऐसे शहर हैं जहां बारिश के दौरान सड़कें सुरक्षित रहें, जलभराव न हो, एंबुलेंस समय पर पहुंचे और नागरिकों का सामान्य जीवन बाधित न हो। इसके लिए वैज्ञानिक ड्रेनेज मास्टर प्लान, विभागों के बीच समन्वय, गुणवत्तापूर्ण निर्माण, दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तथा पुराने जलस्रोतों का पुनर्जीवन आवश्यक है। यदि हर मानसून शहर ठहर जाते हैं, तो समस्या बारिश में नहीं, बल्कि हमारी नीतियों और कार्यप्रणाली में है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब विकास धरातल पर दिखाई देगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अल नीनो : मौसमी और प्राकृतिक घटना से सतर्कता बेहद अनिवार्य


अल नीनो (El Nino) एक प्राकृतिक और मौसमी जलवायु चक्र है जो प्रशांत महासागर में घटित होता है। स्पेनिश भाषा में इसका अर्थ 'छोटा बच्चा' या 'बाल ईसा' होता है। जब यह घटना होती है तब मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का तापमान सामान्य से काफी अधिक हो जाता है, जिससे दुनियाभर का मौसम प्रभावित होता है।



दिनेश दमाथीआ
स्वतंत्र लेखक

स्पेनिश में इसे क्राइस्ट चाइल्ड (Christ Child) भी कहा जाता है, क्योंकि यह घटना अक्सर क्रिसमस के आसपास शुरू होती थी। अल नीनो के कारण समुद्र की सतह गर्म हो जाती है जिससे हवाओं का रुख बदल जाता है और दुनिया के कुछ हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ आती है, जबकि अन्य हिस्सों (जैसे भारत और ऑस्ट्रेलिया) में सूखे की स्थिति बन जाती है। यह प्राकृतिक घटना आमतौर पर 2 से 7 साल के अंतराल में होती है और 9 से 12 महीने तक सक्रिय रहती है। अल नीनो भारत के लिए एक चिंता का विषय है, क्योंकि यह सीधे तौर पर भारतीय मानसून को कमजोर कर सकता है। इसके प्रभाव से भारत में सामान्य से कम बारिश (सूखा) होने की संभावना बढ़ जाती है। व्यापारिक पवन समुद्र के गर्म सतही जल को दक्षिण अमेरिकी तट से दूर ऑस्ट्रेलिया एवं फिलीपींस की ओर धकेलते हुए प्रशांत महासागर के किनारे-किनारे पश्चिम की ओर बहती है।

अल नीनो गर्म जलधारा है जिसके आगमन पर सागरीय जल का तापमान सामान्य से 3-4° बढ़ जाता है। पेरू के तट के पास जल ठंडा होता है एवं पोषक-तत्वों से समृद्ध होता है जो कि प्राथमिक उत्पादकों, विविध समुद्री पारिस्थितिक तंत्रों एवं प्रमुख मछलियों को जीवन प्रदान करता है। अल नीनो के दौरान व्यापारिक पवनें मध्य एवं पश्चिमी प्रशांत




महासागर में शांत होती है। इससे गर्म जल को सतह पर जमा होने में मदद मिलती है जिसके कारण ठंडे जल के जमाव के कारण पैदा हुए पोषक तत्वों को नीचे खिसकना पड़ता है और प्लवक जीवों एवं अन्य जलीय जीवों जैसे मछलियों का नाश होता है तथा अनेक समुद्री पक्षियों को भोजन की कमी होती है।

इसे अल नीनो प्रभाव कहा जाता है जो कि विश्वव्यापी मौसम पद्धतियों के विनाशकारी व्यवधानों के लिए जिम्मेदार है। एक बार शुरू होने पर यह प्रक्रिया कई सप्ताह या महीनों चलती है। अल नीनो अक्सर दस साल में दो बार आती है और कभी-कभी तीन बार भी। अल नीनो हवाओं के दिशा बदलने, कमजोर पड़ने तथा समुद्र के सतही जल के ताप में बढ़ोत्तरी की विशेष भूमिका निभाती है। अल नीनो का एक प्रभाव यह होता है कि वर्षा के प्रमुख क्षेत्र बदल जाते हैं। परिणामस्वरूप विश्व के ज्यादा वर्षा वाले क्षेत्रों में कम वर्षा और कम वर्षा वाले क्षेत्रों में ज्यादा वर्षा होने लगती है। कभी-कभी इसके विपरीत भी होता है। अल नीनो प्रशांत महासागर में घटित होने वाली एक प्राकृतिक एवं मौसमी जलवायु घटना है, जिसमें मध्य और पूर्वी भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है। स्पेनिश भाषा में इसका अर्थ 'छोटा बच्चा' या 'बाल ईसा' है। इस घटना के दौरान व्यापारिक पवनें कमजोर पड़ जाती हैं, जिससे समुद्र की गर्म जलधारा पूर्व की ओर बढ़ती है और पेरू के तट की ठंडी, पोषक तत्वों से भरपूर जलधारा प्रभावित होती है। इसका असर समुद्री पारिस्थितिकी, मत्स्य उत्पादन और वैश्विक मौसम पर पड़ता है। दक्षिण अमेरिका में भारी वर्षा और बाढ़ आती है, जबकि भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया में सूखे की आशंका बढ़ जाती है।

अल नीनो भारतीय दक्षिण-पश्चिम मानसून को कमजोर कर सकता है, जिससे वर्षा में कमी, कृषि उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव, सूखे जैसी स्थिति और खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि हो सकती है। वैज्ञानिकों ने 2026 में 'सुपर अल नीनो' की संभावना जताई है, जिसके कारण सामान्य से कमजोर मानसून की आशंका व्यक्त की गई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मिलावटी खाद्य पदार्थ : स्वास्थ्य और समाज के लिए गंभीर चुनौती

भारत अपनी समृद्ध खान-पान संस्कृति और विविध खाद्य परंपराओं के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। हमारे यहां भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि संस्कृति, स्वास्थ्य और जीवन का आधार माना जाता है। दुर्भाग्यवश आज यही भोजन मिलावटखोरों के लालच का शिकार बनता जा रहा है।



केशव शर्मा 'रसिक'
गांव कोटला, घुमारवीं

नकली और मिलावटी खाद्य पदार्थों का बढ़ता कारोबार न केवल उपभोक्ताओं की जेब पर डाका डाल रहा है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और जीवन के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। यह ऐसी समस्या है, जिस पर केवल औपचारिक कार्रवाई नहीं, बल्कि व्यापक और प्रभावी अभियान चलाने की आवश्यकता है। आज देश के अधिकांश हिस्सों में दूध, घी, सरसों का तेल, मसाले, शहद, मिठाइयां, चाय, कॉफी, दालें, आटा, सूखे मेवे तथा फल-सब्जियां भी मिलावट से अछूती नहीं हैं। कृत्रिम रंग, सिंथेटिक रसायन, यूरिया, डिटर्जेंट, स्टार्च और अन्य हानिकारक पदार्थ मिलाकर खाद्य सामग्री को असली जैसा दिखाया जाता है। आकर्षक पैकेजिंग और कम कीमत के कारण उपभोक्ता अनजाने में ऐसे उत्पाद खरीद लेते हैं, जबकि उनके भीतर छिपा खतरा लंबे समय तक दिखाई नहीं देता।

मिलावटी खाद्य पदार्थों का सबसे गंभीर प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ता है। इनके लगातार सेवन से कैंसर, किडनी एवं लीवर संबंधी रोग, हृदय रोग, हार्मोनल असंतुलन, एलर्जी तथा पाचन संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। जब भोजन ही विषाक्त हो जाए, तब स्वस्थ समाज की कल्पना करना कठिन हो जाता है।

त्योहारों के समय यह समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। मिठाइयों, खोया, पनीर, घी तथा खाद्य तेलों की बढ़ती मांग का लाभ उठाकर मिलावटखोर नकली उत्पादों की बि,ी बढ़ा देते हैं। यद्यपि प्रशासन समय-समय पर छापेमारी कर बड़ी मात्रा में मिलावटी सामग्री जब्त करता है, फिर भी यह कार्रवाई



अक्सर अस्थायी सिद्ध होती है। आवश्यकता इस बात की है कि पूरे वर्ष नियमित जांच अभियान चलाए जाएं और दोषियों को शीघ्र एवं कठोर दंड दिया जाए।

सरकार ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अनेक कानून बनाए हैं तथा खाद्य सुरक्षा विभाग नियमित रूप से नमूनों की जांच भी करता है। इसके बावजूद मिलावट का कारोबार जारी है। इसका मुख्य कारण निरीक्षण तंत्र की सीमाएं, संसाधनों की कमी, लंबी कानूनी प्रक्रिया तथा दोषियों के विरुद्ध समय पर कार्रवाई का अभाव है। जांच प्रणाली को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाना, प्रयोगशालाओं की संख्या बढ़ाना तथा कठोर आर्थिक दंड और प्रभावी कारावास की व्यवस्था लागू करना समय की आवश्यकता है। इस समस्या के समाधान में उपभोक्ताओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। केवल सस्ती वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय गुणवत्ता को प्राथमिकता देनी चाहिए। हमेशा विश्वसनीय दुकानों से ही खाद्य सामग्री खरीदें तथा पैकेजिंग पर निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि, गुणवत्ता प्रमाणन और निर्माता का विवरण अवश्य जांचें। किसी भी संदिग्ध उत्पाद की सूचना संबंधित विभाग को देना प्रत्येक जागरूक नागरिक का कर्तव्य है।

विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा मीडिया को भी खाद्य सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलानी चाहिए। आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को मिलावट की पहचान और उसके दुष्प्रभावों के बारे में शिक्षित किया जा सकता है। जागरूक समाज ही प्रभावी नियंत्रण स्थापित कर सकता है। एक स्वस्थ राष्ट्र की नींव स्वस्थ नागरिकों पर टिकी होती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# शिमला जिले के 5 प्रमुख मंदिर ट्रस्ट होंगे डिजिटल, घर बैठे मिलेंगी धार्मिक सेवाएं

## इसी माह लॉन्च होंगी वेबसाइटें, ऑनलाइन दान व पूजा बुकिंग संबंधी जानकारी मिलेगी एक क्लिक पर

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिमला जिले के पांच प्रमुख मंदिर ट्रस्ट अब डिजिटल युग में प्रवेश करने जा रहे हैं। श्रद्धालुओं को पारदर्शी, आधुनिक व सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन ट्रस्टों की वेबसाइटें इसी माह लॉन्च की जाएंगी।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने मंगलवार को आयोजित समीक्षा बैठक में वेबसाइट निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी वेबसाइटें तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह पहल मंदिर ट्रस्टों की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाने के साथ-साथ देश-विदेश में रहने वाले श्रद्धालुओं को घर बैठे मंदिरों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। वेबसाइटों के माध्यम से श्रद्धालु मंदिरों का इतिहास, धार्मिक महत्व, पूजा एवं आरती का समय, प्रमुख मेलों और उत्सवों की जानकारी, ऑनलाइन दान, विशेष पूजा और आरती की बुकिंग जैसी सुविधाओं का लाभ एक ही मंच पर उठा सकेंगे। उपायुक्त ने तकनीकी एजेंसी को निर्देश दिए कि वेबसाइटें पूरी तरह यूजर फ्रेंडली हों तथा हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में सभी आवश्यक जानकारियां उपलब्ध करवाई जाएं। उन्होंने साइबर सुरक्षा, नियमित अपडेट और डिजिटल पारदर्शिता को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

बैठक में मंदिर ट्रस्टों के प्रशासनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि पांचों मंदिर ट्रस्टों में रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन एक ही दिन जारी किया जाएगा। इसके लिए सभी मंदिर अधिकारी इस सप्ताह आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करें। साथ ही वेबसाइटों पर आय-व्यय का विवरण, संपर्क जानकारी, शिकायत एवं सुझाव पोर्टल तथा धार्मिक आयोजनों से संबंधित अद्यतन सूचनाएं भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया, जिससे श्रद्धालुओं का भरोसा और सहभागिता दोनों बढ़ सके।

### डिजिटल व्यवस्था से बढ़ेगी पारदर्शिता : डीसी



**उपायुक्त** अनुपम कश्यप ने कहा कि डिजिटल तकनीक के माध्यम से मंदिर ट्रस्टों की सेवाएं अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और प्रभावी बनेंगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों और तकनीकी एजेंसी को निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि इसी माह वेबसाइटों का शुभारंभ किया जा सके। समीक्षा बैठक में संबंधित मंदिर ट्रस्टों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे, जबकि एसडीएम शिमला ग्रामीण मंजीत शर्मा सहित कई मौजूद रहे।

# प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अब 60 साल तक करेंगे सेवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के हजारों चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की उस अपील को खारिज कर दिया है, जिसमें हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष की गई थी। अब हाई कोर्ट का फैसला अंतिम रूप से लागू रहेगा और प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी 60 वर्ष की आयु तक सेवा में बने रहेंगे। हाई कोर्ट ने 112 याचिकाओं का निपटारा करते हुए सरकार को निर्देश दिए थे कि अंतरिम आदेशों के कारण 58 वर्ष के बाद भी सेवा में रहे कर्मचारियों को 60 वर्ष तक जारी रखा जाए। अदालत ने 10 मई 2001 से पहले और बाद में नियुक्त कर्मचारियों को भी इस लाभ के दायरे में रखा था। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से कर्मचारियों को कानूनी संरक्षण मिला है और यह फैसला भविष्य के सेवा मामलों में महत्वपूर्ण नजीर माना जाएगा।

# शोघी में बनेगी आधुनिक फूड टेस्टिंग लैब

## शिमला जिले के 800 से अधिक खाद्य प्रतिष्ठान खाद्य सुरक्षा दायरे में

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक में खाद्य सुरक्षा मानकों के सख्ती से पालन, लाइसेंस एवं पंजीकरण की शत-प्रतिशत कवरेज, स्कूलों के आसपास बिकने वाले खाद्य पदार्थों की निगरानी और शोघी में आधुनिक फूड टेस्टिंग लैब स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि लोगों तक सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत अब तक की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया गया कि जिले में 800 पंजीकरण और 65 लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। वहीं चालू वित्त वर्ष में अब तक 172 नए पंजीकरण हुए हैं तथा 67 लाइसेंस जारी किए गए हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र खाद्य प्रतिष्ठान लाइसेंस और पंजीकरण से वंचित न रहे तथा अभियान को और तेज किया जाए।

मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के माध्यम से लोगों में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। हालांकि वर्तमान में विश्लेषक उपलब्ध नहीं होने के कारण मौके पर खाद्य नमूनों की जांच प्रभावित है, लेकिन अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएं, ताकि खाद्य व्यवसाय संचालक निर्धारित मानकों का पूरा पालन करें। उपायुक्त ने 'ईट राइट स्कूल' अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में नियमित निरीक्षण और खाद्य नमूनों की जांच सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से स्कूल परिसरों के बाहर बिकने वाली कुल्फी, चुस्की, आइसक्रीम और अन्य खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर लगातार नजर रखने को कहा गया ताकि बच्चों तक केवल सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ ही पहुंच सकें।

बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लिए गए कानूनी और प्रवर्तन नमूनों की भी समीक्षा की गई। शिमला ग्रामीण क्षेत्र से 28 नमूने एकत्र किए गए, जिनमें अधिकांश निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए। उपायुक्त ने होटलों, रेस्तरां, ढाबों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण जारी रखने तथा खाद्य गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश दिए।

### पौष्टिक व संतुलित भोजन अपनाने की अपील

**उपायुक्त** अनुपम कश्यप ने लोगों से भी पौष्टिक और संतुलित भोजन अपनाने की अपील करते हुए कहा कि स्वस्थ आहार ही स्वस्थ जीवन की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों को जंक फूड से दूर रखने और अच्छी गुणवत्ता वाले भोजन की आदत विकसित करने पर जोर दिया।

# पर्यावरण कानूनों की कांग्रेस सरकार कर रही अनदेखी : संदीपनी भारद्वाज

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर पर्यावरण कानूनों और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मौजूदा व्यवस्था कानून की मूल भावना के विपरीत है। उनका आरोप है कि सचिव (पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) को ही राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है, जिससे वही अधिकारी आदेश जारी करने के साथ-साथ उन्हीं आदेशों के खिलाफ अपील सुनने और दंड निर्धारण की प्रक्रिया में भी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने इसे प्राकृतिक न्याय के मूल सिद्धांतों का खुला उल्लंघन बताया।

संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 और वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत सदस्य सचिव और अपीलीय प्राधिकरण की भूमिकाएं अलग-अलग निर्धारित की गई हैं। उनका कहना है कि वर्तमान व्यवस्था में 'कोई भी व्यक्ति अपने ही मामले में न्यायाधीश नहीं हो सकता' जैसे स्थापित न्यायिक सिद्धांत की अवहेलना हो रही है, जिससे उद्योगों, नागरिकों और अन्य प्रभावित पक्षों के वैधानिक अधिकार प्रभावित हो सकते हैं।

◆ प्राकृतिक न्याय के उल्लंघन का लगाया आरोप

### कानून के अनुरूप नियुक्ति नहीं हुई तो भाजपा करेगी आंदोलन

**भाजपा** प्रवक्ता ने सरकार से मांग की कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में तत्काल पूर्णकालिक सदस्य सचिव की नियुक्ति की जाए तथा अपीलीय और न्यायनिर्णयन की प्रक्रिया को पूरी तरह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष बनाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो भाजपा इस मुद्दे को जनहित और कानून के शासन से जुड़े बड़े विषय के रूप में प्रदेशभर में प्रमुखता से उठाएगी।

# जुन्गा व कजेवड़ा में रोपे 250 औषधीय पौधे

## पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान, महिलाओं की रही उल्लेखनीय भागीदारी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पर्यावरण संरक्षण और हरित हिमाचल के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में मंगलवार को जुन्गा और चाखड़ा (कजेवड़ा) में व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया गया। नारी शक्ति ग्राम संगठन जुन्गा, स्थानीय पंचायत तथा पहाड़ी समाज पर्यावरण कवच संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान के दौरान देवदार, आंवला, दाड़ू, हरड़, बान, रीठा सहित विभिन्न प्रजातियों के 250 से अधिक औषधीय एवं पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधे रोपे गए। अभियान में महिलाओं, स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस बटालियन जुन्गा के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई। कार्यक्रम में लगाए गए पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखभाल का भी सामूहिक संकल्प लिया गया।

स्थानीय पंचायत के वार्ड सदस्य योगमाया शर्मा ने बताया कि पौधे पहाड़ी समाज पर्यावरण कवच संस्था के संचालक मेजर अतुल कौशिक द्वारा उपलब्ध कराए गए। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे प्रकृति के संतुलन, जल संरक्षण और स्वच्छ वातावरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं तथा प्रत्येक व्यक्ति को बरसात के मौसम में अपनी खाली भूमि पर पौधरोपण अवश्य करना चाहिए। मेजर अतुल कौशिक ने क्षेत्र के सभी महिला मंडलों से पौधरोपण अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का आग्रह करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इस अभियान से जुड़ने की अपील की।

पौधरोपण अभियान में पुलिस बटालियन जुन्गा के आदेशक भूपेन्द्र नेगी, पंचायत प्रधान रामलाल, एलआरपी सुमन सूद, संस्था प्रतिनिधि रवीना सहित पुलिस बटालियन के जवानों और नारी शक्ति ग्राम संगठन की ममता, रेखा, कल्पना, दीपा, अनिता शर्मा, मोनिका, अर्चना, रेखा कुमारी, मंजू, मीना, गीता, अनिता कौंडल, कांता, शीला, नीना, सुनीता, अनु, उषा, कांता ठाकुर सहित बड़ी संख्या में महिलाओं एवं स्थानीय लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने रोपे गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प भी लिया।




पौधरोपण अभियान में शामिल ग्रामीण, महिला मंडल सदस्य और पुलिस बटालियन के जवान। ◆ अनंत ज्ञान

# माई भारत से जुड़ेंगे युवा, 15 अगस्त तक चलेगा विशेष पंजीकरण अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिले में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें राष्ट्र निर्माण की गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से बुधवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में माई भारत (मेरा युवा भारत) जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 15 अगस्त 2026 तक विशेष युवा पंजीकरण अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया तथा उपायुक्त ने अभियान की औपचारिक शुरुआत भी की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं को माई भारत पोर्टल से जोड़कर उन्हें जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में बताया गया कि माई भारत अभियान के माध्यम से 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा नृत्य, रील एवं लघु फिल्म, मौलिक संगीत, नुक्कड़ नाटक, स्लैम पोएट्री, विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट और यंग भारत यंग लीडर डायलॉग-2026 जैसी प्रतियोगिताओं व कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं। इसके अलावा शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, उद्यमिता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, फिट इंडिया, डिजिटल साक्षरता, स्वच्छता, आपदा प्रबंधन, रक्तदान, महिला सशक्तिकरण और मतदाता जागरूकता जैसे क्षेत्रों में स्वयंसेवी गतिविधियों से जुड़ने का भी अवसर मिलेगा। उपायुक्त ने कहा कि यह अभियान युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। बैठक के दौरान माई भारत अभियान से जुड़े ओशिन शर्मा, दिव्यांशी, कनिष्क और तरुण शर्मा को अनुभव प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिला स्तर पर गठित समन्वय समिति की भूमिका पर भी चर्चा हुई, जो विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और युवा संगठनों के बीच समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करेगी।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में अब सख्ती से होगी निगरानी और लापरवाही पर कार्रवाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इनमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की जिम्मेदारियों, बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं और पोषण कार्यक्रमों को बेहतर तरीके से संचालित करने पर जोर दिया गया है। विभाग ने केंद्रों में साफ-सफाई, नियमित उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, प्री-स्कूल गतिविधियों और रिकॉर्ड के उचित रखरखाव को अनिवार्य बताया है। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। विभाग का उद्देश्य योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचाना है।


## निविदा आमंत्रण नोटिस

ग्राम पंचायत थाचाधार, विकास खण्ड बालीचौकी वित वर्ष 2026-27 में विकास कार्यो के निष्पादन के लिए ग्राम पंचायत को आवश्यक सामग्री की आपुर्ति हेतू इच्छुक आपुर्तिकर्ताओं से निविदाएं आमंत्रित करती है। इच्छुक आवेदनकर्ता ग्राम पंचायत थाचाधार से टेंडर फार्म प्राप्त कर सकते हैं। फार्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 25 जुलाई, 2026 शाम 4:00 बजे तक है। निविदाएं 26 जुलाई, 2026 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यलय में खोली जाएगी। निविदा में भाग लेने के लिए धरोहर राशि व टेंडर फार्म फीस व विभाग द्वारा जारी विभिन्न शपथ पत्र जारी दिए जाने अनिवार्य होगें। ग्राम पंचायत द्वारा जारी व हस्ताक्षरित टेंडर फार्म पर दी गई निविदाएं ही मान्य होगीं। विस्तृत शर्ते टेंडर फार्म के साथ संलग्न हैं।

**प्रधान, ग्राम पंचायत थाचाधार,**
**विकास खण्ड बालीचौकी, जिला मण्डी, हि0 प्र0 ।**

## ग्राम पंचायत हार विकास खण्ड देहरा, जिला काँगड़ा हि. प्र.

### निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायत हार द्वारा विभिन मदों के अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यो के लिए निम्न सामग्री क्रय की जानी है जिस का ब्यौरा निम्न है। 1. रेता धुला करलुही-प्रति घन फुट 2. रेता क्रशर-प्रति घन फूट 3. बजरी क्रेशर 10एमएम,20एमएम प्रति घन फूट 4. बजरी क्रेशर, 40एमएम,60एमएम-प्रति घन फूट 5. सोलिंग / स्टोन- प्रति घन फूट, 6. गटका स्टोन 40-75एमएम-प्रति घन फूट, 7. ईट अव्वल-प्रति हजार, 8. शटरिंग स्टील- प्रति वर्ग फूट, 9. शटरिंग लकड़ी- प्रति वर्ग फूट, 10. लोकल सामग्री दुलाई प्रति फेरा-प्रति फेरा,11. मिक्स्चर्ज तेल सहित ब पहुँच सहित- प्रति दिन, 12. पानी टेंकर लोकल ढुलाई सहित- प्रति टेंकर, 13. जे0 सी0 बी0-प्रति घंटा, 14. सिटिंग बेंच- प्रति बेंच, 15. सीमेंट किराया सिविल सप्लाई स्टोर से ग्राम पंचायत तक- Per Bag, 16. वाटर कूलर- प्रति लीटर, 17. साइन बोर्ड सिमेन्ट लिखाई सहित-प्रति बोर्ड, 18. दरवाजा/खिड़की लकड़ी / लोहा ब aluminum with fixing- प्रति वर्ग फुट 19. कूड़ेदान प्लास्टिक लोहा- प्रति piece. इच्छुक सप्लायर का GST नंबर होना अनिवार्य है जीएसटी क्रमांक की फोटो कॉपी भी सलगन करना सुनिशित करे । इछुक सप्लायर अपनी निविदाये बंद लिफाफे में स्वयं या डाक द्वारा ग्राम पंचायत हार कार्यालय में 22/07/2026 तक जमा करवा सकता है। निविदाए दिनांक 24/07/2026 समय 11:00 AM बजे विशेष पंचायत बैठक में सप्लायरो की उपस्थिति में खोली जाएगी सप्लायरो मे में यदि कोई अनुपस्थित होता है तो स्वयं जिम्मेवार होगा निविदाओ को स्वीकृत व रद करने काअधिकार ग्राम पंचायत का होगा पंचायत बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द कर सकती है पंचायत द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम होगा । आपूर्तिकर्ता को सामग्री कार्यस्थल पर पहुंचानी होगी। आपूर्तिकर्ता को रायल्टी wx फार्म निर्धारित प्रपत्र पर पंचायत को उपलब्ध करवाना जरूरी होगा ।

*प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत हार विकास खण्ड देहरा जिला काँगड़ा हि. प्र.*

## कार्यालय ग्राम पंचायत जेहमत (विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत जेहमत विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र. द्वारा वित् वर्ष 20026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाए (कुटेशने) आमंत्रित की जाती है। ये निविदाये दिनांक 23/07/2026 को 3 बजे दोपहर तक निविदा शुल्क 1000 रु के साथ ग्राम पंचायत के कार्यलय में पहुँच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदाये दिनांक 27/07/2026 को प्रातः 10:00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत जेहमत में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादातायों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत जेहमत के पास सुरक्षित होगा। इस दशा में सुचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सुचना ग्राम पंचायत के सुचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। शर्ते लागू। **सामग्री का विवरण-** रेत क्रशर प्रति घन मीटर, बजरी क्रशर 10mm,20mm,40mm प्रति घन मीटर, सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, पत्थर (कट स्टोन) प्रति पत्थर (6*8 इंच), इंट मिटटी के भठे की प्रति 1000, इंटरलॉक टाइल /पेवर्स 40mm, 50mm, 60mm व सीमेंट कंक्रीट पाथ टाइल प्रति पीस प्रति साइज, JCB मशीन द्वारा मिटटी कटान व ब्रेकर प्रति घन मीटर हार्ड सॉफ्ट रॉक प्रति घंटा, शटरिंग लोहा व लकड़ी प्रति फुट, हार्डवेयर Items (सरिया 8mm, 10mm,12mm,16mm एंगल, चैनलसाइज वार टाइल. पेट. रेलिंग लोहा building fiting, सैनिटरी फिटिंग्स व लेवर रेट etc) आइटम वार व प्रति किलो किवंटल प्रति पॉइंट, मिक्सर मशीन प्रति दिन प्रति घंटा, साइन बोर्ड वाल राइटिंग पेंटिंग साइज वार अन्य, स्टेशनरी विभिन रजिस्टर कागज इत्यादि सभी आइटम्स, अन्य सामग्री आइटम वार। **नियम व शर्ते-** 1. निविदाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण TIN NO/ CST /GST NO. होना आवश्यक है। 2. रेत बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी MIX FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होगे. M/X FORM उपलब्ध न करवाने पर बिल की अदायगी नही की जाएगी तथा साथ में सरकार द्वारा निर्धारित शपथ पत्र साथ जमा करवाना होगा। 3. सभी दरो का लेन देन सरकार के प्राबधानो अनुसार होगी 4. सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 5 रेत. बजरी, पत्थर ईटो इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सडक है तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पुरे क्षेत्राधिकार में एक ही रेट देय होगा। 6. अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनिकी कर्मचारी से करवानी होगी, अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 7. अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/ रद्द करने समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाये किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 9 सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य/ निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाताओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा। 10 पारित निविदादाताओं को मु. 20,000/- रुपय धरोहर सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम करबाने होंगे।

**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत जेहमत**
**(विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)**

## निविदा आमंत्रण नोटिस

ग्राम पंचायत घाट, विकास खण्ड बालीचौकी वित वर्ष 2026-27 में विकास कार्यो के निष्पादन के लिए ग्राम पंचायत को आवश्यक सामग्री की आपुर्ति हेतू इच्छुक आपुर्तिकर्ताओं से निविदाएं आमंत्रित करती है। इच्छुक आवेदनकर्ता ग्राम पंचायत घाट से टेंडर फार्म प्राप्त कर सकते हैं। फार्म जमा करवाने की अंतिम तिथि 24 जुलाई, 2026 शाम 4:00 बजे तक है। निविदाएं 25 जुलाई, 2026 को प्रातः 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यलय में खोली जाएगी। निविदा में भाग लेने के लिए धरोहर राशि व टेंडर फार्म फीस व विभाग द्वारा जारी विभिन्न शपथ पत्र जारी दिए जाने अनिवार्य होगें। ग्राम पंचायत द्वारा जारी व हस्ताक्षरित टेंडर फार्म पर दी गई निविदाएं ही मान्य होगीं। विस्तृत शर्ते टेंडर फार्म के साथ संलग्न हैं।

**प्रधान, ग्राम पंचायत घाट**
**विकास खण्ड बालीचौकी, जिला मण्डी, हि0 प्र0 ।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत घाड़
विकास खंड पालमपुर, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

यह कि बैठक में प्रस्तात रखा गया कि ग्राम पंचायत घाड़ वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों से किए जाने वाले विकास कार्यों हेतु सामग्री क्रय करने हेतु निविदाएं आमंत्रित की जानी हैं। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है। 1. क्रैशर रेत-प्रति घन फुट, 2. क्रैशर बजरी-प्रति घन फुट, 3. क्रैशर गटका-प्रति घन फुट, 4. बोल्डर-प्रति घन फुट, 5. फाडा पत्थर-प्रति घन फुट, 6. ईंट अब्बल- प्रति ईंट, 7. ईंट दोम- प्रति ईंट, 8. कट स्टोन-प्रति पथ्थर, 9. जेसीबी खुदाई कार्य-प्रति घंटा, 10. शटरिंग लकड़ी-प्रति वर्ग फुट, 11. शटरिंग लोहा-प्रति वर्ग फुट, 12. साईन बोर्ड सीमेंट लिखाई-प्रति वर्ग फुट, 13. दीवार पेंटिंग साईन बोर्ड-प्रति दीवार, 14. सीमेंट ढुलाई सरकारी सिद्धपुर से घाड़ सीमेंट स्टोर तक-प्रति बैग, 15. टाईल आईएसआई/पेवर टाईल व सीमेंट बैग लेवर लोडिंग व अनलोडिंग -प्रति बैग। स्टोर से कार्यस्थल तक। इच्छुक सप्लायर /फर्म दिनांक 21.07.26 तक शाम 5.00 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत घाड़ में पंचायत प्रधान/सचिव के पास कुटेशन सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत पत्र या स्वयं जमा करवाएं। सप्लायार/फर्म के पास अपना जीएसटी नं. होना चाहिए। रेट जीएसटी व FOR सहित होने चाहिए। सामग्री की मात्रा व गुणवत्ता सही होनी चाहिए। सप्लायर को सामग्री के साथ एम फार्म देने होंगे साथ में शपथ पत्र देना होगा। फर्म सप्लायर की दायगी एमबी (तकनीकी मूल्यांकन) होने पर ही की जाएगी। किसी भी वाद-विवाद की स्थिति में ग्राम पंचायत घाड़ का निर्णय अंतिम होगा। सप्लायर के द्वारा समय पर ही सामग्री सप्लाई की आपूर्ती ना करने पर बिना नोटिस के कुटेशन को रद्द करके फर्म/सप्लायर को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा। कुटेशन के साथ रू.25000/- अग्रिम राशि /एफडी पंचायत में जमा करवानी होगी। कुटेशन दिनांक 25.07.2026 को पंचायत बैठक में प्रातः 11.00 बजे कमेटी के समक्ष खोली जाएंगी। प्रस्ताव सर्वसहमती से पास हुआ।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत घाड़**
**विकास खंड पालमपुर, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जमनी (विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)

### निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत जमनी विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र. द्वारा वित् वर्ष 20026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्यकतानुसार अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद (सील्ड) निविदाएं (कुटेशने) आमंत्रित की जाती है। ये निविदाये दिनांक 22/07/2026 तक निविदा शुल्क 1000 रु के साथ ग्राम पंचायत के कार्यलय में पहुँच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदाये दिनांक 25/07/2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत में पदाधिकारियों की गणपूर्ति व निविदादातायो या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि में बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रदर्शित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी। शर्ते लागू। **सामग्री का विवरण-** रेत क्रशर प्रति घन मीटर, बजरी क्रशर 10mm,20mm,40mm प्रति घन मीटर, सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, पत्थर (कट स्टोन) प्रति पत्थर (6*8 इंच), इंट मिटटी के भठे की प्रति 1000, इंटरलॉक टाइल /पेवर्स 40mm, 50mm,60mm व सीमेंट कंक्रीट पाथ टाइल प्रति पीस प्रति साइज, JCB मशीन द्वारा मिटटी कटान व ब्रेकर प्रति घन मीटर हार्ड सॉफ्ट रॉक प्रति घंटा, शटरिंग लोहा व लकड़ी प्रति फुट, हार्डवेयर Items (सरिया 8mm, 10mm, 12mm,16mm एंगल, चैनलसाइज वार टाइल. पेट. रेलिंग लोहा building fiting, सैनिटरी फिटिंग्स व लेवर रेट etc) आइटम वार व प्रति किलो किवंटल प्रति पॉइंट, मिक्सर मशीनप्रति दिन प्रति घंटा, साइन बोर्ड वाल राइटिंग पेंटिंग साइज वार अन्य, स्टेशनरी विभिन रजिस्टर कागज इत्यादि सभी आइटम्स, अन्य सामग्री आइटम वार। **नियम व शर्ते** 1. निविदाता (आपूर्तिकर्ता) के पास अपना पंजीकरण TIN NO/ CST /GST NO. होना आवश्यक है। 2. रेत बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से जारी MIX FORM ग्राम पंचायत को प्रस्तुत करना होगे. M/X FORM उपलब्ध न करवाने पर बिल की अदायगी नही की जाएगी तथा साथ में सरकार द्वारा निर्धारित शपथ पत्र साथ जमा करवाना होगा। 3. सभी दरो का लेन देन सरकार के प्राबधानो अनुसार होगी 4. सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी। 5 रेत. बजरी, पत्थर ईटो इत्यादि की आपूर्ति कार्यस्थल जहाँ तक वाहन योग्य सडक है तक करवानी होगी तथा ग्राम पंचायत के पुरे क्षेत्राधिकार में एक ही रेट देय होगा। 6. अनुमोदित निविदादाता को सामग्री की आपूर्ति से पूर्व सामग्री की गुणवत्ता की जांच सक्षम तकनिकी कर्मचारी से करवानी होगी, अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 7. अनुमोदित निविदादाता यदि सामग्री की आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8. किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/ रद्द करने समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने सामग्री की गुणवत्ता के चयन तथा निविदाये किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। 9 सामग्री खरीद का अंतिम मूल्य/ निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाताओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा। 10 पारित निविदादाताओं को मु. 20,000/- रुपय धरोहर सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के नाम करबाने होंगे।

**प्रधान/सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत जमनी (विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत खौली
विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

आज की बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्ताव रखा गया कि वर्ष 26-27' के लिये विभिन्न प्रकार की सामग्री की कुटेशन आमंत्रित करने की आवश्यकता है। इस प्रस्ताब पर चर्चा हुई। चर्चा उपरान्त प्रस्ताव सर्वसमिति से पारित किया गया कि निम्न प्रकार की सामग्री की कुटेशन आमत्रित की जाती है; रेत (क्रशर), रेत (खड्डु), बजरी, सीमेंट ढलवान बालीचौकी गोदाम से पंचायत के स्टोर तक, इंट, लोकल स्टोन, सरिया, पेवर, sign बोर्ड (कंक्रीट), क्रेट वायर, लकड़ी के दरवाजे व खिड़की, लोहे के दरवाजे व खिड़की, ग्रील एंगल, ERW पाइप्स, बेंच, डस्टबिन, जीप कैरिज, GI शीट, शटरिंग, कार्यालय फर्नीचर, टाइलस बाथरूम व किचन बाली, रंग पेंट, JCB कटिंग कुबिक मीटर/प्रति घंटा, वाटर कूलर वाटर टैंक्स (स्टील) आदि । अन्य कुटेशन आवश्कयता अनुसार आमत्रित की जाएगी। **नियम व शर्ते** – 1. निविदाता के पास अपनी गाड़ी व GST नंबर का होना अति आवश्यक है। जिसकी स्वयं हस्ताक्षरित कॉपी कुटेशन के साथ लगायें। 2. आपूर्ति करता की खनन विभाग से M-FORM बिल के साथ जमा करना होगा। 3. CIB नरेगा गाइड अनुसार बनाने होंगे व कार्य स्थल में लगाने होंगे। 4. धरोहर राशि के रूप में 100000 रूपए का चेक कुटेशन के साथ लगायें। 5. कार्य में कोताही बरतने पर या समय पर वांछित सामग्री न पहुँचाने पर धरोहर राशि जब्त की जाएगी 6. सामग्री की गुणवता अच्छी होनी चाहिय। गुणवता के साथ कोई समझौता नहीं होगा। 7. अगर समय सीमा के भीतर सामग्री नही पहुंचाई जाति है तो बिना पूर्व सुचना के कुटेशन रद्द की जाएगी। तथा अगले वेंडर को सप्लाई ऑर्डर दिया जायेगा। 8. सविकृत निविदाता को पंचायत के साथ अनुबंध करना होगा। 9. कुटेशन बंद लिफाफे में डाक द्वारा दिनांक 24.07.26 को सायं 5 बजे तक पंचायत कार्यालय में पहुंचनी चाहिए । जो 25.07.26. को पंचायत पदाधिकारियो के समक्ष खोली जाएगी । निर्धारित अबधि के बाद कुटेशन मान्य नही होगी। 10. अन्य कुटेशन आवयश्कता अनुसार आमंत्रित की जाएगी।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत खौली**
**विकास खंड बालीचौकी , जिला मंडी (हि.प्र.)**

**ब अदालत कार्यकारी दण्डाधिकारी एंव नायव तहसीलदार भवारना जिला कांगड़ा हि. प्र ।**
किस्म मुकदमा :- जन्म/मृत्यु पंजीकरण
चम्पा देवी पुत्री श्री दरमेजा राम निवासी महाल चौगान डा0 डरोह उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0। ....... *प्रार्थीया*

**बनाम आम जनता**

.........*प्रत्यार्थी*

चम्पा देवी पुत्री श्री दरमेजा राम निवासी महाल चौगान डा0 डरोह उप-तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि उसका जन्म दिनांक 08-02-1952 को महाल चौगान डा0 डरोह उप तहसील भवारना जिला कांगड़ा हि0प्र0 में हुआ था। परन्तु अज्ञानता वश उस समय ग्राम पंचायत बसकेहड़ में जन्म पंजीकरण नंही करवाया जा सका है। अतः प्रार्थिया इस न्यायालय के माध्यम से अपने जन्म पंजीकरण करने का आदेश ग्राम पंचायत बसकेहड़ को जारी करवाना चाहता है। अतः आम जनता को इश्तेहार/मुश्त्रीमनादी के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस बारे यदि किसी को कोई उजर व एतराज हो तो वह दिनांक 5-8-2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकते है। अन्यथा उपरोक्त जन्म का पंजीकरण करने के आदेश पारित कर दिए जाएगें उसके उपरान्त कोई भी उजर व एतराज काबिले गौर न होगा। आज दिनांक 23-6-2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी भवारना**

अनंत Classifieds

## नाम परिवर्तन

**मैं, नंबर JC242145W Retd NB-RIS** खेम चंद पुत्र कर्म सिंह निवासी गांव जनलग डाकघर कठयाहुं उप तहसील रिवालसर तहसील बल्ह जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम दमयंती देवी (Demyanti Devi) गलत दर्ज किया गया है। मेरी पत्नी के सभी दस्तावेजों के अनुसार उसका सही नाम दमयंती (Damyanti Devi) है।

## बेदखली सूचना

**मैं, संजीव कुमार** पुत्र श्री योग राज जाट, गांव व डाकघर, धामंदरी, तहसील व जिला ऊना (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरी पत्नी शिखा देवी व उसका बेटा अक्षय कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। अतः मैं शिखा देवी व अक्षय कुमार को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## कार्यालय ग्राम पंचायत जफरकोट
विकास खंड बालीचौकी, जिला मंडी (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

आज की बैठक में वर्ष 206-27 के लिए निविदा आमन्त्रण वारे प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव पर बैठक में विचार-विमर्श किया गया तथा विचार-विमर्श के वाद सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि वर्ष 2026-27 के लिए निविदा आमंत्रित करनी उचित है। सभी इच्छुक निविदादाता/सेवा प्रदाता को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। सभी से निवेदन है कि दिनांक 24/07/2026 शाम 4 बजे तक निविदाएं सील बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत जुफरकोट में पहुंच जानी चाहिए । इस तिथि व समय के बाद किसी का आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा । सभी अपने आवेदन पंजीकृत डाक माध्यम से भेजें। हाथ दस्ती आवेदन प्राप्त नहीं होंगे। दिनांक 25/07/2026 को निविदादाओं को ग्राम पंचायत द्वारा अधिकृत समिति द्वारा खोला जाएगा। सामग्री का पूर्ण विवरण इस प्रकार से है :-1.रेत (Water Borne)- $m^2$ में 2. रेत (क्रशर)-$m^2$ में 3. बजरी (krusher)-$m^2$ में 4. लोकल पत्थर transportation-$m^2$ में 5. इंटें (मिटटी के भठे की)-दर प्रति ईंट 6. सीमेंट ढुलान बालीचौकी से-दर प्रति बैग 7. JCB Cutting और Stone breaking-$m^3$ में 8. sign Board- 2x3sq ft, 3x4sq ft 9. Steel साइज़ वार-प्रति किलो ग्राम 10. GI SHEET छत बाली-प्रति शीट 11. शटरिंग किराया- sq feet 12. ग्रिल लोहा-प्रति किलोग्राम 13. रेत बजरी सीमेंट खच्चर ढलवान-प्रति फुट/प्रति बैग/प्रति मीटर। **शर्तें:-**1. निविधादाताओं के पास अपनी गाड़ी होनी अनिवार्य है जिसकी RC आवेदन पत्र के साथ सलंग्र करनी आवश्यक है। 2. निविदादाता का अपना पंजीयन पैन संख्य GST नम्बर होना चाहिए । 3. GST या CGST निविदा के साथ व सामग्री के साथ मूल्य सहित स्पष्ट रूप से दर्शायें । 4. बिल वाउचर के साथ रूफॉर्म लगवाना आवश्यक है । 5. अनुमोदित निविदादाता को धरोहर राशि के तौर पर 5000 रूपये पंचायत कार्यालय में जमा करने होंगे । 6. सामग्री की गुणवता से कोई समझोता नहीं होगा । आवेदन को रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास सुरक्षित है। 7. अगर सामग्री की आपूर्ति समय पर नहीं की जाती है टो विना पूर्व सुचना के उसका अनुबंध रद्द किया जायेगा।

**प्रधान / सचिव ग्राम पंचायत जफरकोट**
**विकास खंड बालीचौकी , जिला मंडी (हि.प्र.)**

# मणिकर्ण घाटी की बदहाल सड़क पर फूटा जनाक्रोश, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

## लोगों ने 25 दिन का दिया अल्टीमेटम, कहा- मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा उग्र आंदोलन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** मणिकर्ण घाटी की वर्षों से बदहाल पड़ी भुंतर-मणिकर्ण सड़क को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय कुल्लू में जनाक्रोश खुलकर सामने आया। घाटी के युवाओं के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने धरना-प्रदर्शन कर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की तथा सड़क के शीघ्र निर्माण और सुधार की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मणिकर्ण घाटी प्रदेश का प्रमुख पर्यटन और धार्मिक क्षेत्र है, जहां हर वर्ष 25 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचते हैं। इसके बावजूद घाटी को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की हालत बेहद दयनीय बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर सरकार सड़क सुधार के नाम पर केवल आश्वासन देती रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नहीं हुआ। युवाओं ने कहा कि घाटी में बड़े-बड़े जलविद्युत परियोजनाएं संचालित हैं, जिनसे हर वर्ष करोड़ों रुपये का लाडा फंड प्राप्त होता है। इसके अलावा साडा के माध्यम से भी विकास के लिए करोड़ों रुपए आते हैं, लेकिन सड़क जैसी मूलभूत सुविधा आज भी बदहाल है। उन्होंने सवाल उठाया कि विकास के लिए मिलने वाली यह धनराशि आखिर खर्च कहां हो रही है। क्षेत्र के लोगों के साथ लगातार सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। खराब सड़क के कारण स्थानीय लोगों, कारोबारियों और पर्यटकों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि घाटी के लोगों को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ा है। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने सरकार और प्रशासन को 25 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि इस अवधि के भीतर सड़क सुधार को लेकर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो इससे भी बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। धरना-प्रदर्शन को एडवोकेट नीरज शर्मा, सीएम तोशी और घनश्याम ठाकुर सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि मणिकर्ण घाटी के लोगों के अधिकार और क्षेत्र के विकास के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने घाटी के सभी लोगों से आंदोलन में एकजुट होकर सहयोग करने का आह्वान किया।



कुल्लू में मणिकर्ण सड़क की खस्ताहालत को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य पुरस्कारों के लिए 31 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश सरकार के अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम सशक्तिकरण निदेशालय ने 'असीम' योजना के तहत वर्ष 2026-27 के दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला कल्याण अधिकारी कुल्लू गिरधारी लाल शर्मा ने संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों और इच्छुक व्यक्तियों से निर्धारित समय में आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पुरस्कार 3 दिसंबर 2026 को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार पांच श्रेणियों में दिए जाएंगे, जिनमें सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, दिव्यांग कर्मचारी, स्वरोजगारी दिव्यांगजन, दिव्यांग कल्याण के लिए कार्यरत संगठन और उत्कृष्ट कार्य करने वाला जिला शामिल हैं। विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान की जाएगी। इच्छुक आवेदक 31 जुलाई से पहले आवेदन पत्र और आवश्यक दस्तावेज जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में जमा करवाएं।

# राम मंदिर चंदा मामले में जिला कांग्रेस कमेटी ने निकाली पदयात्रा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** राम मंदिर चंदा मामले में कथित अनियमितताओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी कुल्लू ने मंगलवार को सड़कों पर उतरकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस पूरे मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर एक विशाल पदयात्रा निकाली।

जिला अध्यक्ष सेस राम आजाद की अध्यक्षता में निकाली गई। इस पदयात्रा में कुल्लू जिला कांग्रेस प्रभारी दीपक शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस विरोध प्रदर्शन और पदयात्रा की शुरुआत जिला कांग्रेस कार्यालय से हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां थामे और नारेबाजी करते हुए हनुमान मंदिर से होते हुए कोर्ट परिसर तक पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जमकर आवाज बुलंद की। पदयात्रा के दौरान जब कांग्रेस कार्यकर्ता हनुमान मंदिर परिसर पहुंचे, तो वहां उन्होंने अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराते हुए भजन-कीर्तन किया। प्रभारी दीपक शर्मा ने कहा कि धार्मिक भावनाओं और जन-आस्था से जुड़े किसी भी मामले में वित्तीय अनियमितता या हेरफेर को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि सच को सामने लाने के लिए इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होना बेहद जरूरी है। वहीं, मीडिया से बात करते हुए सेस राम आजाद ने कहा कि इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य जनता तक अपना विरोध संदेश पहुंचाना और मामले में जवाबदेही तय करना है। सेस राम आजाद की अगुवाई में एकजुट हुए कार्यकर्ता इस पूरे विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सेस राम आजाद ने किया। उनके साथ जिला कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


ढालपुर में राम मंदिर चंदा मामले में प्रदर्शन करते हुए।

# लाहौल-स्पीति कांग्रेस की बैठक में संगठन मजबूती पर मंथन, अयोध्या मामले को लेकर किया प्रदर्शन


राम मंदिर चंदे के दुरुपयोग को लेकर प्रदर्शन करती लाहौल-स्पीति जिला कांग्रेस।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** जिला कांग्रेस कमेटी (डीसीसी) लाहौल-स्पीति की महत्वपूर्ण बैठक उदयपुर उपमंडल में जिला अध्यक्ष दोर्जे अंगरूप लारजे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरिचंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इसके अलावा दोनों ब्लॉक अध्यक्ष अनिल ठाकुर और सुरेंद्र, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया। बैठक के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से श्रीराम मंदिर, अयोध्या से जुड़े चंदा घोटाले के आरोपों के विरोध में रैली और प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धालुओं द्वारा दिए गए चंदे के उपयोग में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने मामले में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग उठाई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े मामलों में पूरी पारदर्शिता आवश्यक है और यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। कार्यक्रम का समापन संगठन की मजबूती, जनहित के मुद्दों पर संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के संकल्प के साथ हुआ।

# किशोरी ठाकुर अध्यक्ष और खेम दास महंत बने महामंत्री

**अनंत ज्ञान भुंतर।** टेट प्रभावित शिक्षक मोर्चा हिमाचल प्रदेश की जिला कुल्लू इकाई का गठन कर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सर्वसम्मति से किशोरी ठाकुर को जिला अध्यक्ष तथा खेम दास महंत को जिला महासचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष किशोरी ठाकुर ने कहा कि टेट प्रभावित शिक्षकों के हितों की रक्षा, उनके अधिकारों के लिए संघर्ष तथा शिक्षकों को न्याय दिलाने के लिए संगठन पूरी मजबूती के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि टेट प्रभावित शिक्षकों की समस्याओं को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। महासचिव खेम दास महंत ने कहा पूर्वव्यापी कानून शिक्षकों पर क्यों थोपा जा रहा है। शिक्षक अन्याय की लड़ाई में पीछे नहीं हटेगा। शिक्षक के सम्मान की लड़ाई के लिए हम हमेशा तत्पर हैं। महंत ने कहा काले कानून टेट पर अति शीघ्र रणनीति तैयार की जाएगी और देश की सांसद तक हिमाचल के हजारों शिक्षकों की आवाज पहुंचाई जाएगी। घोषित जिला कार्यकारिणी में वेद प्रकाश शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, केहर सिंह प्रेमी को उपाध्यक्ष, खेम दास महंत को महासचिव, मीना कुमारी को कोषाध्यक्ष, दीपिका शर्मा को सह-कोषाध्यक्ष तथा गुरदेव ठाकुर को प्रवक्ता नियुक्त किया गया।नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से टेट प्रभावित शिक्षकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे तथा संगठन को जिला कुल्लू में और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

# पर्यटकों से गुलजार मनाली नगरी

## देश-विदेश से भारी संख्या में पहुंच रहे सैलानी; कारोबारियों के खिले चेहरे

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** मानसून सीजन की शुरुआत के बावजूद पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की रौनक कम होने का नाम नहीं ले रही है। जुलाई के महीने में भी यहां देश-विदेश से आए सैलानियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है, जिसने स्थानीय कारोबारियों को बड़ी राहत दी है। मौसम सुहावना होने के कारण चंडीगढ़ से मनाली होते हुए लेह तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह सुचारु है।

लाहौल-स्पीति हिमालयन एडवेंचर के संचालक रूप चंद नेगी ने बताया कि इस वर्ष मनाली में विदेशी ट्रैकर्स की आमद काफी अच्छी है। ये ट्रैकर मनाली से दारचा और बारालाचा होते हुए लेह की ओर रुख कर रहे हैं। इसके साथ ही, लाहौल घाटी के स्पीति की बर्फीली और ठंडी पहाड़ियों में भी ट्रैकिंग का जमकर आनंद लिया जा रहा है। मंगलवार को मनाली के प्रसिद्ध माल रोड पर पर्यटकों की भारी चहल-पहल देखी गई। होटल संचालकों के मुताबिक, वीकेंड पर होटलों के कमरे लगभग 40 से 50 प्रतिशत तक फुल चल रहे हैं। इसके साथ ही टैक्सी ऑपरेटरों, पैराग्लाइडिंग और रिवर राफ्टिंग से जुड़े स्थानीय युवाओं को भी अच्छा रोजगार मिल रहा है। व्यापार मण्डल मनाली के अध्यक्ष संजीव ठाकु का कहना है कि मनाली में बेहतर सुविधाओं और पुख्ता सुरक्षा इंतजामों के चलते पर्यटक यहां बेफिक्र होकर घूम रहे हैं। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है और पर्यटकों से मौसम के मिजाज को देखते हुए सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।



### आर्थिकी को मिलेगी मजबूती, व्यापारी खुश

**जुलाई** के महीने में पर्यटकों की इस बढ़ती आमद को देखकर स्थानीय व्यापारियों और पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों में भारी उत्साह है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार मानसून सीजन में भी मनाली का पर्यटन कारोबार शानदार रहेगा, जिससे स्थानीय लोगों की आर्थिकी को बड़ी मजबूती मिलेगी।

## हिम-आंचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन ने वाहन पासिंग के दौरान बांटे फल, जूस और पानी

**अनंत ज्ञान, मनाली।** सेवा भावना और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए हिम-आँचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन मनाली ने वाहन पासिंग के दिन विशेष सेवा शिविर लगाया। मनाली के पासिंग क्षेत्र में आयोजित इस शिविर में वाहन चालकों, परिचालकों और आम लोगों को फल, जूस तथा पीने का पानी वितरित किया गया। यूनियन महासचिव अमित चंकी ने बताया कि यह सेवा कार्य नियमित रूप से हर महीने वाहन पासिंग के दौरान किया जाता है। उन्होंने कहा कि दिनभर सड़कों पर मेहनत करने वाले चालकों को राहत पहुंचाना यूनियन का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि समाज सेवा के ऐसे कार्यों से यूनियन को आत्मिक संतोष मिलता है। उन्होंने कहा कि यूनियन भविष्य में भी जनहित और सामाजिक कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। पासिंग के लिए पहुंचे चालकों और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए यूनियन का आभार व्यक्त किया।

### नाबालिग से दुराचार और मानव तस्करी मामले में कोर्ट का ऐतिहासिक फैसला

# सगी मां सहित तीन दोषियों को 10-10 साल कारावास की सजा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** विशेष न्यायाधीश (सत्र न्यायाधीश) कुल्लू प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मानव तस्करी, जबरन वेश्यावृत्ति और पोक्सो अधिनियम के तहत गंभीर अपराधों में संलिप्त तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए कड़े कारावास और भारी जुर्माने की सजा सुनाई है।

दोषियों की पहचान शिव शंकर उर्फ सिंदिर (पुत्र सीता राम) निवासी लालगंज, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश वर्तमान में निवासी जीरकपुर, मोहाली; नितिन जैन उर्फ मन्नू (पुत्र विजय कुमार जैन, निवासी करनाल, हरियाणा) तथा पीड़ित बच्ची की मां के रूप में हुई है। इन तीनों को दोषी पाया गया है। शिव शंकर उर्फ सिकंदर (मुख्य आरोपी) को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और क्रमशः 20-20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। इसके अतिरिक्त,



5 वर्ष का कठोर कारावास व 5 हजार जुर्माना तथा 3 वर्ष का कठोर कारावास व 3 हजार रुपए जुर्माने की सुनाई गई है। नितिन जैन उर्फ मन्नू को भी अदालत ने 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। इसके अलावा, पो क्सो एक्ट की धारा 17 के तहत 7 वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार रुपए जुर्माना, धारा 370-ए (1) भारतीय दंड संहिता के तहत 5 वर्ष का कठोर कारावास व 5 हजार रुपए जुर्माना और धारा 506 भारतीय दंड संहिता के तहत 3 वर्ष का कठोर कारावास व 3 हजार रुपए जुर्माने की सजा दी गई है। अपनी ही बेटी को इस दलदल में धकेलने के संगीन जुर्म में अदालत ने मां को भी 10-10 वर्ष के कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई है। पोक्सो अधिनियम की धारा 17 के तहत 7 वर्ष का कठोर कारावास व 10 हजार जुर्माना और धारा 370- ए(1) भारतीय दंड संहिता के तहत 5 वर्ष के कठोर कारावास व 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा भुगतनी होगी। दोषी जुर्माना अदा नहीं करते हैं, तो उन्हें 3 महीने से लेकर 1 वर्ष तक का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा तथा सभी मुख्य सजाएं एक साथ चलेंगी। जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम ने बताया कि यह मामला 29 अप्रैल 2018 को सामने आया था, जब 'कंसुलर चाइल्ड हेल्प लाइन मनाली' की टीम पीड़ित बच्ची को लेकर पुलिस थाना मनाली पहुंची और शिकायत दर्ज करवाई। अभियोजन पक्ष ने आरोपों को साबित करने के लिए अदालत में 14 महत्वपूर्ण गवाह पेश किए, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय ने यह फैसला सुनाया है।

### अराजपत्रित कर्मचारियों संघ की कार्यकारिणी गठित

# सुनील कुमार को अध्यक्ष और शेष राम को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी


संघ की नवनियुक्त कार्यकारिणी।

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग जिला कुल्लू के अराजपत्रित कर्मचारियों संघ की एक विशेष बैठक में पुरानी कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ।

चुनाव प्रकिया नवीन कुमार, खाद्य आपूर्ति अधिकारी के कुशल मार्ग दर्शन में संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में कुल्लू के निरीक्षक सुनील कुमार को सर्वसम्मति से संघ का नया अध्यक्ष चुना गया तथा शेष राम को उपाध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस चुनाव में महासंघ के सचिव वीरेंद्र ठाकुर तथा मिनेंद्र सिंह संयुक्त/वित्त सचिव चुना गया। पूरी चुनाव प्रक्रिया पूर्ण रूप से शांतिपूर्ण रही और सभी पदाधिकारियों का चयन बिना किसी विरोध के सर्वसम्मति से किया गया।

# विभागाध्यक्षों की अनुपस्थिति से पंचायत समिति आनी की पहली त्रैमासिक बैठक स्थगित

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** नवनिर्वाचित पंचायत समिति आनी की पहली त्रैमासिक बैठक मंगलवार को पंचायत समिति अध्यक्ष सतपाल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई, लेकिन विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों और अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण बैठक को स्थगित करना पड़ा। बैठक स्थगित होने से क्षेत्र की जनसमस्याओं, विकास कार्यों, विभागीय योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की समीक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा नहीं हो सकी।

अधिकारियों की अनुपस्थिति पर पंचायत समिति अध्यक्ष सतपाल ठाकुर सहित सभी समिति सदस्यों ने कड़ा रोष व्यक्त किया। उन्होंने इसे जनहित और विकास कार्यों के प्रति गंभीर उदासीनता बताया। अध्यक्ष ने कहा कि पंचायत समिति की बैठकें केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं हैं, बल्कि विकास योजनाओं की समीक्षा, जनसमस्याओं के समाधान और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। सतपाल ठाकुर ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों का बैठक में उपस्थित न होना उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 से 2015 तक भी वे पंचायत समिति सदस्य रह चुके हैं और उस दौरान भी अधिकारियों का बैठकों के प्रति इसी तरह का रवैया देखने को मिला था। उन्होंने कहा कि इसी कारण कई जनसमस्याएं वर्षों बाद भी लंबित हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में संबंधित विभागों के अधिकारी पंचायत समिति की बैठकों में उपस्थित नहीं होंगे तो ऐसी बैठकों का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों का समाधान तभी संभव है, जब अधिकारी मौके पर मौजूद रहकर जवाब दें और आवश्यक निर्णय लें। अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि अधिकारियों की अनुपस्थिति का मामला उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से बैठकों को गंभीरता से लेने और विकास कार्यों में बेहतर तालमेल स्थापित करने की अपील की।


बैठक के दौरान गणमान्य उपस्थित लोग।

# स्पीति को 1 करोड़ 12 लाख के सांस्कृतिक रंगमंच की सौगात

- विधायक अनुराधा राणा ने किया भूमि पूजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** स्पीति मुख्यालय काजा में विधायक अनुराधा राणा ने सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए खुले सांस्कृतिक रंगमंच (ओपन कल्चरल स्टेज) के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। काजा में 1 करोड़ 12 लाख रूपये की लागत से सांस्कृतिक रंगमंच का निर्माण किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के अंतर्गत विकास खंड स्पीति की और से इस परियोजना का शुभारंभ किया गया। वहीं, कीह गोम्पा के प्रधान श्रद्धेय तेनजिंग लोबजंग दुल्दुप ने वैदिक एवं बौद्ध धार्मिक परंपराओं के अनुरूप विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न कराया।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, बौद्ध भिक्षु तथा क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे। विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि स्पीति की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि खुले सांस्कृतिक रंगमंच के निर्माण से स्थानीय कलाकारों, युवाओं तथा सांस्कृतिक संस्थाओं को अपनी लोक कला, संगीत, नृत्य एवं पारंपरिक आयोजनों के लिए बेहतर मंच उपलब्ध होगा। इससे क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को भी स्पीति की सांस्कृतिक पहचान से रू-ब-रू होने का अवसर मिलेगा। प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक अधोसंरचना को भी मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि खुले सांस्कृतिक मंच के निर्माण से स्पीति की पारंपरिक संस्कृति और लोक कलाओं के संरक्षण को नई दिशा मिलेगी तथा युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में भी मदद मिलेगी।

**खेलकूद** मयाड़ घाटी के विकास व बेहतर सड़क संपर्क के हरसंभव प्रयास जारी: रवि

# क्यारेलामो क्रिकेट ट्रॉफी-2026 का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने क्यारेलामो क्रिकेट ट्रॉफी-2026 के शुभारंभ अवसर पर मयाड़ घाटी पहुंचकर खिलाड़ियों, आयोजन समिति और स्थानीय लोगों से संवाद किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजन युवाओं की प्रतिभा को मंच देने के साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद युवाओं ने बेहतर आयोजन कर क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

रवि ने कहा कि मयाड़ घाटी प्राकृतिक सौंदर्य, पर्यटन और खेल गतिविधियों की अपार संभावनाओं से भरपूर है। उन्होंने बताया कि उनकी माताजी के विधायक कार्यकाल में मयाड़ नाला सड़क निर्माण की शुरुआत हुई थी और वर्ष 2016 में विधायक रहते हुए उन्होंने सड़क के लिए 6.50 करोड़ रुपये स्वीकृत करवाए थे। इसके बावजूद आज भी क्षेत्र में सड़क और पुलों की समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वे लंबे समय से मयाड़ घाटी की सड़क को सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के अधीन लाने और उदयपुर-थानपट्टन-मयाड़ घाटी होते हुए जांस्कर तक सर्वकालिक सड़क मार्ग बनाने की मांग उठा रहे हैं। इससे क्षेत्र में पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। रवि ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से चर्चा के दौरान क्षेत्र की लंबित समस्याओं और विकास प्रस्तावों को केंद्र सरकार के समक्ष रखने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली जाकर संबंधित मंत्रालयों से मुलाकात की जाएगी। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क मिलने से मयाड़ घाटी में पर्यटन, ट्रैकिंग, हस्तशिल्प, कृषि और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। साथ ही आईसीएमआर सेंटर फॉर हाई एल्टीट्यूड मेडिसिन एंड पब्लिक हेल्थ परियोजना क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



क्यारेलामो क्रिकेट ट्रॉफी-2026 का शुभारंभ करते हुए रवि ठाकुर।

# रवि ठाकुर ने किया मयाड़ घाटी में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

- बोले- स्थायी समाधान के लिए केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा मामला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि ठाकुर ने मंगलवार को मयाड़ घाटी का दौरा कर प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने भारी वर्षा के कारण बह गए पुलों, क्षतिग्रस्त सड़क मार्गों तथा प्रभावित स्थानों का जायजा लिया और स्थानीय ग्रामीणों एवं किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना।

रवि ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण मयाड़ घाटी के चार पुल बह जाने से क्षेत्र की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। वर्तमान में दो अस्थायी पुलों का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। बरसात के दौरान सड़क संपर्क बाधित होने से किसानों की आलू, मटर एवं अन्य नकदी फसलें समय पर बाजार तक नहीं पहुंच पा रही हैं। हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से हुई चर्चा के दौरान उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को लिखित रूप में भेजने का आग्रह किया है। मयाड़ घाटी से जुड़े सड़क, पुल एवं अन्य विकास संबंधी सभी मुद्दों को केंद्र सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। रवि ठाकुर ने पुनः मांग दोहराई कि उदयपुर से थानपट्टन होते हुए मयाड़ घाटी और आगे जांस्कर को जोड़ने वाले सर्वकालिक वैकल्पिक सड़क मार्ग का निर्माण शीघ्र किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग न केवल स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए, बल्कि पर्यटन, कृषि, सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास और सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार के सहयोग से मयाड़ घाटी की आधारभूत समस्याओं का स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे तथा क्षेत्र के विकास से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### राजगढ़ सहित कई क्षेत्रों में 15 जुलाई को बिजली रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ विद्युत उपमंडल राजगढ़ के अंतर्गत 33 केवी गोड़ा-राजगढ़ विद्युत लाइन पर आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते आज सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल राजगढ़ अंकित वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित शटडाउन के दौरान राजगढ़, खेरी, मछेर, बड़ू साहिब, हाब्बन, दीदग, मरयोग, चाड़ना, नोहराधार, बोगधार, पनोग, हरिपुरधार, रोनहाट, कुपवी सहित आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान संबंधित लाइन पर आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य किया जाएगा ताकि भविष्य में विद्युत आपूर्ति को अधिक सुचारु और सुरक्षित बनाया जा सके। सहायक अभियंता ने बताया कि यह शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा। यदि 15 जुलाई को मौसम प्रतिकूल रहता है या कार्य करना संभव नहीं हो पाता, तो यह शटडाउन 16 जुलाई को इसी समयावधि में लिया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की।

### शिव शक्ति बीएड कॉलेज में फेयरवेल समारोह कीर्ति, चंद्रपाल बने मिस एवं मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** शिव शक्ति बीएड कालेज राजगढ़ में नए प्रशिक्षुओं ने अन्तिम वर्ष के प्रशिक्षुओं के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ निखिल एवं उनके ग्रुप द्वारा सरस्वती वंदना तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नरेश, पंकज और तपेंद्र द्वारा पहाड़ी नाटी प्रस्तुत की गई। वरिष्ठ व कनिष्ठ प्रशिक्षुओं ने संयुक्त नाटी में सबका मनोरंजन किया। जिसमें 'चीड़ी र बाने आएले और दिले बसे शिमले री सबिना' जैसी लोकप्रिय पहाड़ी गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी गई। प्राची एवं अंक्षिता ने गिद्दा प्रस्तुत किया इसके बाद पासिंग द पार्सल एवं लेजी डांस जैसी मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। सीनियर छात्र चंद्रपाल ने पहाड़ी नाटी की शानदार प्रस्तुति देकर सभी स्टाफ सदस्यों को भी इसमें शामिल किया। समारोह का मुख्य आकर्षण मॉडलिंग रहा, जिसमें मिस फेयरवेल का खिताब मिस कीर्ति और मिस्टर फेयरवेल का खिताब मिस्टर चंद्रपाल ने जीता। अंत में प्रधानाचार्य ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से सभी विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### क्रीड़ा भारती की वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न, बुघार टीम बनी विजेता



**कृष्ण रघुवंशी, अर्की।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में क्रीड़ा भारती अर्की टोली द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट में आयोजित भव्य वॉलीबॉल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में उत्तर भारत के विभिन्न राज्यों की 22 टीमों ने भाग लिया और खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में राष्ट्रीय वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कंवर मुख्य अतिथि रहे। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रधानाचार्य सरताज राठौर और जिला परिषद सदस्य दिवांश चंदेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह-सेवा प्रमुख राजेंद्र ठाकुर ने मुख्य वक्ता के रूप में खिलाड़ियों को संबोधित किया। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों का हिमाचली टोपी, मफलर और श्रीमद्भगवत गीता भेंट कर सम्मान किया। फाइनल मुकाबले में बुघार की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को 11 हजार रुपए एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 7,100 रुपए और ट्रॉफी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि और वक्ताओं ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और राष्ट्रभक्ति का विकास करते हैं। उन्होंने क्रीड़ा भारती के इस आयोजन को ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने वाला सराहनीय प्रयास बताया।

### एनसीसी कैंप में डीएवी राजगढ़ के कैडेटों का शानदार प्रदर्शन, तीन ने जीते प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल राजगढ़ के एनसीसी कैडेटों ने एटीसी-232 एनसीसी कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। 5 से 14 जुलाई 2026 तक डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी (सोलन) में आयोजित इस दिवसीय कैंप में विद्यालय के 26 कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप के दौरान कैडेटों को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, शारीरिक दक्षता, ड्रिल, फायरिंग तथा टीमवर्क का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से उनमें आत्मविश्वास, दृढ़ता, नेतृत्व कौशल और देशभक्ति की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया गया। प्रतियोगिताओं में डीएवी राजगढ़ के तीन कैडेटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। कैडेट अरुण शर्मा ने ड्रिल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कैडेट दिया शर्मा ने भी ड्रिल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कैडेट सुगंधा ने फायरिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधन ने इन उपलब्धियों का श्रेय कैडेटों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण को दिया। साथ ही विद्यालय के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी विनोद के कुशल मार्गदर्शन, निरंतर प्रेरणा और उत्कृष्ट प्रशिक्षण की विशेष सराहना की, जिनकी देखरेख में कैडेटों ने यह सफलता अर्जित की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभाशी कैडेटों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल सैन्य प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, सेवा भावना और राष्ट्र प्रेम विकसित करने का सशक्त मंच है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों का भी बच्चों को निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन देने के लिए आभार व्यक्त किया।

# ग्रीन पंचायत योजना के तहत ममलीग में सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन

## सरकार शहरों की तर्ज पर गांवों में भी देना चाहती सुविधाएं : मुख्यमंत्री

अनंत ज्ञान



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू वर्चुअल माध्यम से ममलीग में ग्रीन पंचायत का उद्घाटन करते हुए। अनंत ज्ञान

**सोलन।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला से वर्चुअल माध्यम से जिला सोलन की ग्राम पंचायत ममलीग में ग्रीन पंचायत योजना के अंतर्गत स्थापित 500 किलोवाट क्षमता की ग्राउंड माउंटेड सौर ऊर्जा परियोजना का उद्घाटन किया। लगभग दो करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस परियोजना का कार्य 23 दिसंबर, 2024 को आरंभ किया गया था तथा 24 फरवरी, 2026 को इसे विद्युत ग्रिड से जोड़ दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की दिशा में प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। वर्तमान में इससे प्रतिदिन लगभग 3000 यूनिट स्वच्छ विद्युत का उत्पादन हो रहा है, जबकि वार्षिक उत्पादन करीब आठ लाख यूनिट रहने का अनुमान है। विद्युत खरीद समझौते के अनुसार हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड इस बिजली को 3.50 रुपये प्रति यूनिट की दर से खरीदेगा। इससे प्रदेश को स्वच्छ ऊर्जा के साथ-साथ दीर्घकालिक और स्थिर राजस्व भी प्राप्त होगा।

सीएम ने कहा कि इस परियोजना से प्राप्त आय का 25 प्रतिशत ग्राम पंचायत के विकास कार्यों, 25 प्रतिशत अनाथों एवं विधवाओं के कल्याण, 20 प्रतिशत प्रदेश सरकार, 20 प्रतिशत हिमऊर्जा तथा 10 प्रतिशत संचालन एवं रखरखाव पर व्यय किया जाएगा। इस व्यवस्था से स्थानीय समुदाय को प्रत्यक्ष आर्थिक एवं सामाजिक लाभ मिलेगा तथा ग्राम पंचायत को प्रतिवर्ष लगभग 14 लाख की आय प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 वर्ष की आयु वाली यह सौर ऊर्जा परियोजना स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, ग्रामीण विकास व सामाजिक समृद्धि का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में ऐसी परियोजनाओं की स्थापना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हों।

इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्रों में लगातार सुधार कर रही सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों के 80 प्रतिशत से अधिक पद भरे जा चुके हैं तथा एमआरआई, श्री टेस्ला और रोबोटिक सर्जरी जैसी आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इस अवसर पर विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां भी शिमला में उपस्थित थे

### राज्यपाल से भाजपा ने मांगा हस्तक्षेप

### तीन नगर निगमों की अधिसूचना में देरी पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल ने सोलन, धर्मशाला और मंडी नगर निगमों के महापौर एवं उपमहापौर की अधिसूचनाएं जारी करने में हो रही देरी को लेकर महामहिम राज्यपाल से हस्तक्षेप की मांग की है। शहरी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में इस मुद्दे को लोकतांत्रिक प्रक्रिया और प्रशासनिक निष्पक्षता से जुड़ा गंभीर विषय बताया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के चारों नगर निगमों के चुनाव 17 मई को एक साथ संपन्न हुए थे और परिणाम 31 मई को घोषित किए गए। चारों नगर निगमों में महापौर और उपमहापौर का निर्वाचन भी पूरा हो चुका है। इसके बावजूद भाजपा समर्थित सोलन, धर्मशाला और मंडी नगर निगमों में अब तक अधिसूचनाएं जारी नहीं की गई हैं, जबकि कांग्रेस समर्थित पालमपुर नगर निगम में सभी औपचारिकताएं पूरी कर 6 जुलाई को सामान्य सभा भी आयोजित की जा चुकी है। भाजपा का आरोप है कि अधिसूचना जारी न होने से तीनों नगर निगमों के निर्वाचित महापौर और उपमहापौर अपने वैधानिक अधिकारों का पूर्ण उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

# गलू-पलगेड़ लिंक रोड पर एचआरटीसी बस का सफल ट्रायल, ग्रामीण में खुशी

## लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आभार जताया

अनंत ज्ञान

**शिमला।** शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नवनिर्मित गलू-पलगेड़ लिंक सड़क पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस का सफल ट्रायल किया गया। ट्रायल बाद ग्राम पंचायत ओगली, हिमरी और धरोगड़ा के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। दुर्गम गांव पलगेड़ व अन्य गांव के ग्रामीणों को उम्मीद है कि इस मार्ग पर जल्द ही नियमित बस सेवा शुरू होगी।

ग्राम पंचायत धरोगड़ा की प्रधान पुष्पा ठाकुर ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नियमित बस सेवा शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों, कर्मचारियों, बुजुर्गों व आम लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने सड़क निर्माण में ग्राम पंचायत हिमरी के पूर्व प्रधान जगदीश वर्मा के योगदान की भी सराहना की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत धरोगड़ा की प्रधान पुष्पा ठाकुर, ग्राम पंचायत हिमरी के प्रधान मोहन लाल, ग्राम पंचायत ओगली की प्रधान अरुणा सहित तीनों पंचायतों के जनप्रतिनिधि, उपमंडलाधिकारी



(सुन्नी), नायब तहसीलदार जलोग, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सोलन में कांग्रेस की पदयात्रा राम मंदिर चंदा मामले को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अयोध्या राम मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित चंदे में कथित अनियमितताओं के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी सोलन ने मंगलवार को शहर में पदयात्रा निकाली। पदयात्रा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सनातन धर्म सभा मंदिर पहुंचकर भजन-कीर्तन किया और भगवान श्रीराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष वर्मानी ने कहा कि यह केवल चंदे की चोरी का मामला नहीं है, बल्कि भाजपा द्वारा करोड़ों राम भक्तों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम आस्था के प्रतीक हैं और उनके नाम पर जुटाए गए चंदे में यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी हुई है तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए व दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# पेयजल संकट के स्थायी समाधान को लेकर सौंपा गया विस्तृत ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**सोलन।** सोलन शहर की पेयजल व्यवस्था को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप मजबूत बनाने के लिए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कुल राकेश पंत और पूर्व महासचिव व्यापार मंडल

**◆ सोलन की पेयजल व्यवस्था को आधुनिक और टिकाऊ बनाने की पहल**

मनोज गुप्ता ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल को सुझाव-पत्र सौंपा। इसमें सेवानिवृत्त अभियंता-प्रमुख जोगिंदर सिंह चौहान द्वारा विभागीय अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों से चर्चा के बाद तैयार सुझाव शामिल किए गए हैं। ज्ञापन में धर्मपुर-कसौली पेयजल योजना को जल्द पूरा करने, सोलन जलापूर्ति योजना पर दबाव कम करने, लिफ्टिंग व्यवस्था को दो चरणों में विकसित करने और नए जल भंडारण टैंकों के निर्माण की सिफारिश की गई है।

साथ ही 30 प्रतिशत नॉन-रेवेन्यू वाटर को कम करने, शहर को जल आपूर्ति जोन में बांटने और करगानू क्षेत्र में गाद की समस्या के समाधान के लिए नए गहरे कुएं बनाने का सुझाव दिया गया है। गिरी नदी में जलस्तर घटने की स्थिति से निपटने के लिए स्थायी बैराज और भविष्य में रेणुका बांध क्षेत्र से अतिरिक्त जल उपलब्ध कराने की योजना पर भी जोर दिया गया है।

# विधायक विनय कुमार विकास पर दें ध्यान, श्रेय की राजनीति न करें : रावत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने रेणुका के कांग्रेस विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार पर विकास कार्यों को लेकर भ्रामक दावे करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि विधायक को झूठे दावे करने के बजाय क्षेत्र के विकास पर ध्यान देना चाहिए, अन्यथा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें जवाब देगी। रावत ने कहा कि हाल ही में शिली महल क्षेत्र की ग्राम पंचायत सत्ताहन में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान विनय कुमार ने जिस मंच पर कार्यक्रम हुआ, उसके निर्माण के लिए विधायक निधि से दो लाख रुपए देने का दावा किया। भाजपा प्रवक्ता के अनुसार यह मंच भाजपा सांसद सुरेश कश्यप द्वारा स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं के आग्रह पर उपलब्ध कराई गई दो लाख रुपए की राशि से बनाया गया था। ऐसे में विधायक द्वारा इसका श्रेय लेना उचित नहीं है।



उन्होंने आरोप लगाया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गाता मंडवाच भवन का शिलान्यास लगभग तीन वर्ष पहले हो चुका है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। रावत ने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल में गाताधार में खोला गया जल शक्ति विभाग का कनिष्ठ अभियंता कार्यालय वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया, जिसे विधायक अब तक बहाल नहीं करवा सके। भाजपा प्रवक्ता ने सांगना-सत्ताहन सड़क मार्ग की खराब स्थिति का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने विधायक से क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देने की मांग की।

### लक्ष्य पब्लिक स्कूल अर्की में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान, अर्की।** लक्ष्य पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अर्की में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तहत आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। समापन समारोह में ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर, ब्लॉक अर्की हेमेंद्र सलारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से किया गया। मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवियों को स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा के प्रति निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की उप-प्रधानाचार्य वीना पंवार ने बताया कि शिविर के दौरान योग, व्यायाम, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, रैलियां, समूह चर्चाएं और सामाजिक विषयों पर गतिविधियां आयोजित की गईं।

# सिरमौर में विद्युत ढांचे के सुदृढ़ीकरण को केंद्र ने दिए 194.42 करोड़ : डॉ. बिंदल

## सच्चाई छुपाकर श्रेय लेने में जुटी प्रदेश की कांग्रेस सरकार

एसपी जैरथ



**नाहन।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि जिला सिरमौर में विद्युत व्यवस्था को आधुनिक और मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार की रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत 194.42 करोड़ रुपए की महत्वपूर्ण परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसकी नोडल एजेंसी पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन है और इसी के माध्यम से प्रदेश में विद्युत सुधार कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। डॉ. बिंदल ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत नाहन विधानसभा क्षेत्र में 86.75 करोड़, पांवटा साहिब क्षेत्र में 70.50 करोड़ और राजगढ़ क्षेत्र में 37.17 करोड़ की लागत से बिजली ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह योजना सिरमौर जिले की विद्युत व्यवस्था को भविष्य की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत खैरी पावर हाउस को मोगीनंद ग्रिड से जोड़ने, अंधेरी पावर हाउस को खैरी एवं मोगीनंद से जोड़ने, नए विद्युत ढांचे के निर्माण और नाहन शहर को दो अलग-अलग स्रोतों से 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध करवाने के कार्य किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कालाअंब, धौलाकुआं, नाहन, दोसड़का, धाटी और पांवटा साहिब औद्योगिक क्षेत्र में भी बिजली वितरण प्रणाली के आधुनिकीकरण का कार्य प्रगति पर है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आरडीएसएस योजना का बड़ा लाभ हिमाचल प्रदेश को मिला है। उन्होंने दावा किया कि सिरमौर जिले में चल रहे प्रमुख विद्युत सुधार कार्य केंद्र सरकार की शत-प्रतिशत वित्त पोषित योजना के तहत किए जा रहे हैं।

डॉ. बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार केवल कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य कर रही है, जबकि परियोजनाओं के लिए आर्थिक सहायता केंद्र सरकार उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ के लिए तथ्यों को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है।

### बारिश में बच्चों को मिलेगी राहत: समाजसेवी ज्ञान ठाकुर की अनोखी पहल

# प्रथम चरण में पहली से 5वीं, दूसरे चरण में छठी से प्लस-टू के विद्यार्थियों को मिलेंगे छाते

अनंत ज्ञान



पंजेहरा के प्राइमरी स्कूल के बच्चों को छाते वितरित करते जिप सदस्य ज्ञान ठाकुर। अनंत ज्ञान

**नालागढ़।** सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की सुविधा के लिए समाजसेवी ज्ञान ठाकुर ने छाता वितरण अभियान की अनोखी पहल शुरू की। जिसके तहत नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के 5 हजार सरकारी स्कूल के बच्चों को धूप व बारिश से बचने के लिए छाते वितरित किए जाएंगे। पहले चरण में पहली से पांचवीं और दूसरे चरण में छठी से जमा दो के बच्चों को छाते उपलब्ध करवाए जाएंगे। इसी कड़ी के तहत मंगलवार को पंजेहरा व नालागढ़ के विभिन्न प्राइमरी स्कूल के बच्चों को छाते वितरित करने की शुरुआत की गई। समाजसेवी ज्ञान ठाकुर ने बताया कि गर्मी व बरसात के मौसम में बच्चों को स्कूल आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया है। उनका लक्ष्य नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत करीब 5,000 छात्रों तक छाते पहुंचाना है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों की सुरक्षा और सुविधा भी प्राथमिकता है। यदि बच्चे बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से विद्यालय पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आगे आकर सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए ज्ञान ठाकुर का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उनके साथ अमित राणा, कश्मीरी लाल धीमान व अन्य स्थानीय उपस्थित लोगों ने कहा कि यह प्रयास विद्यार्थियों के हित में एक सराहनीय और प्रेरणादायक कदम है, जिससे हजारों बच्चों को बरसात के मौसम में राहत मिलेगी।

### नमस्ते अभियान के तहत नगर निगम सोलन में कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** केंद्रीय सरकार के 'नमस्ते अभियान' के तहत मंगलवार को नगर निगम हाल सोलन में अर्बन मैनेजमेंट सेंटर सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, विशेषकर स्वच्छता कर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान सुरक्षित एवं मशीनीकृत सफाई, सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान सुरक्षा मानकों, श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण तथा आधुनिक उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान आयुक्त राजदीप सिंह ने कहा कि 'नमस्ते' अभियान का उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध करवाना और मशीनीकृत सफाई को बढ़ावा देना है। उन्होंने कर्मचारियों से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए आमजन को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया।

**सौगात** खेल और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा हिमाचल: रोहित ठाकुर

# शिलाई में छात्राओं को मिला कबड्डी खेल छात्रावास

अनंत ज्ञान



कार्यक्रम में पहुंचे शिक्षा मंत्री और उद्योग मंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

**नाहन।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने उद्योग, संसदीय मामले एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान की उपस्थिति में पीएम श्री राजकीय शिलाई में छात्रा कबड्डी खेल छात्रावास का लोकार्पण किया। दोनों मंत्रियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिलाई पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ उनका स्वागत किया।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि छात्रावास शुरू होने से क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटियों को बेहतर प्रशिक्षण और आवासीय सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि शिलाई की चार बेटियों ने अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्रदेश सरकार खेल अधोसंरचना के विकास, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि तथा सरकारी नौकरियों में खेल कोटे के माध्यम से अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने शिक्षा मंत्री के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में हुए सुधारों की सराहना करते हुए बताया कि शिलाई क्षेत्र में लगभग 80 शिक्षकों के पद भरे गए हैं।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि यह छात्रावास सिरमौर की कबड्डी परंपरा को नई दिशा देगा और भविष्य में उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के खेल छात्रावासों में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए बढ़ाई गई सम्मान राशि, डाइट मनी और यात्रा सुविधाओं का भी उल्लेख किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने अब तक लगभग 8 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की है तथा 3 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 150 सीबीएसई स्कूल शुरू किए गए हैं, जिनमें शिलाई, काफोटा और सतौन भी शामिल हैं। उन्होंने सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा शुरू करने की जानकारी देते हुए पीएम श्री स्कूल शिलाई की मरम्मत के लिए 10 लाख रुपए तथा सांस्कृतिक दल को 10 हजार रुपए देने की घोषणा की।

# पंजावर में बन रहा हिमकोफेड केंद्र देगा सहकारिता को नई रफ्तार : विक्रम शर्मा

## चेयरमैन ने लिया निर्माण कार्य का जायजा, प्रशिक्षण सुविधाओं को बताया महत्वपूर्ण

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (हिमकोफेड) के चेयरमैन विक्रम शर्मा डिक्की सोमवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गांव पंजावर में निर्माणाधीन हिमकोफेड कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी ली और परियोजना को निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।


चेयरमैन विक्रम शर्मा निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

निरीक्षण के दौरान चेयरमैन विक्रम शर्मा डिक्की ने कहा कि हिमकोफेड प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। पंजावर में बन रहा कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण परियोजना साबित होगा। इसके शुरू होने से सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, कर्मचारियों और युवाओं को प्रशिक्षण की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे सहकारिता गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। भवन निर्माण के प्रत्येक चरण की नियमित निगरानी की जाए तथा सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है और जनहित से जुड़ी सभी परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। इससे पूर्व गांव पंजावर पहुंचने पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विक्रम शर्मा डिक्की का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्र के विकास और सहकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर सतीश बिट्टू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव रणजीत राणा, हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक मंडल सदस्य अशोक ठाकुर, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश पराशर,वरिंदर मनकोटिया, सतविंदर सिंह, प्रदेश युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अखिल अग्निहोत्री, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत राय सहित कई उपस्थित रहे।

# अनुसूचित जाति आयोग चलाएगा जागरूकता अभियान

## आज से 15 अगस्त तक होंगे कार्यक्रम, विश्रुत भारती ने संभाला सदस्य सचिव का कार्यभार

अनंत ज्ञान


विश्रुत भारती ने संभाला सदस्य सचिव का कार्यभार। अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार धीमान की अध्यक्षता में आयोग कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोग की ओर से पिछले एक माह के दौरान किए गए कार्यों एवं विभिन्न मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही 15 जुलाई से 15 अगस्त 2026 तक प्रदेशभर में आयोजित किए जाने वाले जागरूकता एवं समीक्षा कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी एक माह के दौरान अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों तक विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा शिकायत निवारण व्यवस्था की जानकारी पहुंचाने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान विभिन्न जिलों में समीक्षा बैठकें आयोजित कर अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की समस्याओं का उसी समय समाधान किया जाएगा। बैठक के दौरान वर्ष 2016 बैच के हिमाचल प्रशासनिक सेवा (एचएएस) अधिकारी विश्रुत भारती ने हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य सचिव का कार्यभार संभाला। आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने उनका स्वागत करते हुए उम्मीद जताई की कि उनके अनुभव और कार्यशैली से आयोग के कार्यों को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा आम लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध होंगी।

इस अवसर पर आयोग के पूर्व सदस्य सचिव विनय मोदी को विदाई दी गई। आयोग के अध्यक्ष कुलदीप धीमान और सभी सदस्यों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने एक वर्ष से अधिक समय तक सदस्य सचिव के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया और आयोग के कार्यों को आगे बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

बैठक में हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य अधिवक्ता दिग्विजय मल्होत्रा, सदस्य अधिवक्ता डॉ. विजय डोगरा, सदस्य अधिवक्ता शालिनी सहित आयोग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शादी के नाम पर ठगी के शक से अंबोटा गांव में हड़कंप

## फेरे के कुछ घंटों बाद घर से निकली दुल्हन, नकली गहनों से दूल्हा पक्ष ने टाली वारदात

अनंत ज्ञान

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के गगरेट उपमंडल के अम्बोटा गांव में शादी के नाम पर कथित ठगी का एक और मामला सामने आया है। दो दिन पहले नकदी और आभूषण लेकर फरार हुई दुल्हन का मामला अभी सुलझा भी नहीं था कि उसी गांव में पंजाब से विवाह कर लाई गई एक अन्य दुल्हन शादी के कुछ घंटों बाद ही घर से निकल गई। हालांकि इस बार दूल्हा पक्ष की सतर्कता के चलते संभावित ठगी टल गई और दुल्हन को उसकी मां के साथ रास्ते में पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।



◆ **अंबोटा गांव में दूसरा मामला सामने आने से लोगों में बढ़ी चिंता, सत्यापन की अपील**

जानकारी के अनुसार, जालंधर से आई दुल्हन के साथ सभी वैवाहिक रस्में और फेरे विधिवत संपन्न हुए। देर रात जब घर में अन्य रस्में चल रही थीं, तभी वह चुपचाप घर से बाहर निकल गई। इसकी जानकारी मिलते ही दूल्हा पक्ष ने उसकी तलाश शुरू की और कुछ दूरी पर पैदल जा रही दुल्हन तथा उसकी मां को पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस थाना में पूछताछ के दौरान दुल्हन अपने पति के साथ न रहने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बता सकी। उसने केवल इतना कहा कि वह यहां नहीं रहना चाहती। बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति से समझौता हो गया, जिसके बाद मामला शांत हो गया।

दूल्हा पक्ष का आरोप है कि कुछ दिन पहले गांव में हुई पहली घटना से सबक लेते हुए उन्होंने दुल्हन को असली आभूषणों की जगह कृत्रिम (आर्टिफिशियल) गहने पहनाए थे। उनका कहना है कि दुल्हन बार-बार गहनों के असली होने के बारे में पूछ रही थी और कुछ समय बाद ही घर से निकल गई। इससे उन्हें संदेह है कि उसका उद्देश्य वैवाहिक जीवन शुरू करना नहीं, बल्कि नकदी और गहने लेकर फरार होना था। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले इसी गांव में अमृतसर से विवाह कर लाई गई एक दुल्हन करीब 70 हजार रुपये नकद और आभूषण लेकर फरार हो गई थी। उस मामले की जांच अभी जारी है। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं के बाद स्थानीय लोगों में आशंका है कि शादी के नाम पर भोले-भाले परिवारों को निशाना बनाने वाला कोई संगठित गिरोह सक्रिय हो सकता है। लोगों ने पूरे मामले की गहन जांच कर ऐसे नेटवर्क का पर्दाफाश करने की मांग की है।

डीएसपी अनिल पटियाल ने लोगों से अपील की है कि विवाह तय करने से पहले संबंधित परिवार और बिचौलियों का पूरा सत्यापन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के माध्यम से रिश्ता तय करने से बचें और केवल विश्वसनीय स्रोतों के जरिए ही विवाह संबंध स्थापित करें, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# सिस इंडिया लिमिटेड में भरे जाएंगे सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के 50 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सिस इंडिया लिमिटेड, आरटीए हमीरपुर द्वारा पुरुष वर्ग में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 50 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 16 जुलाई को सुबह 10.30 बजे उप रोजगार कार्यालय हरोली में आयोजित किए जा रहे हैं। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण व अनुत्तीर्ण, आयु सीमा 19 से 40 वर्ष और वेतन 17,500 से 24 हजार रूपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि एक महीने की ट्रेनिंग के उपरांत अभ्यर्थियों की नियुक्ति एटीएम, अस्पतालों, औद्योगिक क्षेत्र, मॉल सहित अन्य संस्थानों में की जाएगी।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपनी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। प्रमाण पत्र मूल रूप से प्रस्तुत करना होगा। अधिक जानकारी के लिए 78072-22237 पर सम्पर्क किया जा सकता है। साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

# संगीत व नुक्कड़ नाटकों से बताईं सरकारी योजनाएं

## हरोली के जोड़ियां और जननी में जन जागरूकता अभियान का दूसरा चरण शुरू

अनंत ज्ञान



**ऊना।** हिमाचल सरकार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र परिवारों को पक्का मकान बनाने के लिए स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत 1.50 लाख रुपये की आर्थिक मदद प्रदान कर रही है। यह सहायता उन्हीं लोगों को दी जाती है जिनके नाम पर भूमि पंजीकृत हो और जिनकी वार्षिक आय 50 हजार रुपये से अधिक न हो। लाभार्थियों को अपने आवेदन तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करवाने होते हैं।

यह जानकारी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध नाट्यदल पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा ने दी। नाट्य दल ने आज (मंगलवार) से शुरू हुए जागरूकता अभियान के दूसरे चरण में हरोली उपमंडल के तहत जोडियां और जननी गांवों में गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के जरिए ग्रामीणों को विभिन्न जनहितकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। कलाकारों ने बताया कि स्वर्ण जयंती आश्रय योजना उन गरीब परिवारों के सपनों को साकार कर रही है, जिनके पास खुद की जमीन तो है, लेकिन सीमित संसाधनों के कारण वे पक्का मकान नहीं बना पाते।

इसके साथ ही ग्रामीणों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना और नशा निवारण जैसे विषयों पर भी जानकारी दी गई। कलाकारों ने नशे को एक गंभीर सामाजिक बुराई बताते हुए लोगों से नशे से दूर रहने और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है। इन्हें गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सांस्कृतिक दलों के माध्यम से विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया है। पूर्वी कलां मंच जलग्रां टब्बा द्वारा 15 जुलाई को हरोली के जंगल पंजावर और भदसाली थोलियां, 16 को ऊना के बटूही और लमलेहड़ी अप्परली, 17 को ऊना के जखेड़ा और बहडाला लोअर तथा 18 जुलाई को परोइयां कलां और पनसाई में गीत संगीत व नुकड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को मनोरंजन के साथ जनहित में संचालित योजनाओं बारे जानकारी दी जाएगी।

# डिपुओं से राशन गायब, जनता परेशान : चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारजपा जिला बिलासपुर के जिलाध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल ने सरकारी उचित मूल्य की दुकानों (डिपुओं) में राशन की कमी को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई डिपुओं में आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध नहीं है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चंदेल ने कहा कि कुछ स्थानों पर मिलने वाले आटे की गुणवत्ता को लेकर भी शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि गरीब और जरूरतमंद परिवार राशन लेने के लिए डिपुओं के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, लेकिन कई बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार जनता की मूलभूत जरूरतों की अनदेखी कर रही है। महंगाई के दौर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली आम लोगों के लिए महत्वपूर्ण सहारा है, जिसे सुचारू रखना सरकार की जिम्मेदारी है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने मांग की कि सभी डिपुओं में पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तायुक्त राशन उपलब्ध कराया जाए और खराब आटे की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो भाजपा इस मुद्दे को जनता के बीच प्रमुखता से उठाएगी।



# डीसी ने किया आधुनिक फिटनेस सेंटर उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय के लुहणू खेल परिसर में एनटीपीसी कोलडैम के सीएसआर फंड से 33 लाख रुपए की लागत से नवीनीकृत प्रिवेंटिव हेल्थ फिटनेस सेंटर एवं जिम का उद्घाटन उपायुक्त राहुल कुमार ने किया। पुराने जिम भवन का मरम्मत व आधुनिकीकरण कर अत्याधुनिक फिटनेस उपकरण स्थापित किए गए हैं, जिससे खेल परिसर व साई हॉस्टल के खिलाड़ियों को लाभ मिलेगा। इस मौके पर डीसी ने कहा कि यह केंद्र युवाओं को खेलों से जोड़कर चिट्टे जैसे नशे से दूर रखने में प्रभावी माध्यम बनेगा। उन्होंने युवाओं से सकारात्मक गतिविधियों में समय बिताने की अपील की। एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख एसएस राव, अतिरिक्त उपायुक्त रूपिंद्र कौर, एसडीएम राजकुमार सहित अन्य अधिकारी व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत कोटला में विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत उपप्रधान अंकुश दुर्भाषा ने की। कार्यक्रम में मेहंदी और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं करवाई गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कौशल ने बढ़ती जनसंख्या के प्रभाव, परिवार नियोजन, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और छोटे परिवार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य विभाग की परिवार नियोजन सेवाओं का लाभ उठाने और जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

# तलाई में 'एक से श्रेष्ठ' केंद्रों के बच्चे सम्मानित

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र की नगर पंचायत तलाई में 'एक से श्रेष्ठ' केंद्रों का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आचार्य प्रमोद पुंज, पंकज कतना, नीरज कतना, महिला मंडल प्रधान सरोज बाला और पूर्व प्रधान राम कृष्ण सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। 'एक से श्रेष्ठ' केंद्रों के विजेता बच्चों को मुख्यातिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उपस्थित लोगों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रयास संस्था के समन्वयक झंडूता राम कृष्ण, केंद्रों से आए बच्चों और अभिभावकों ने सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया।

# प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा पहुंची रंगस, शिक्षकों ने उठाई मांगें

अनंत ज्ञान




**घुमारवीं।** प्राथमिक शिक्षक संघ हिमाचल प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा बचाओ न्याय यात्रा रंगस से हमीरपुर के लिए रवाना हुई। रंगस पहुंचने पर स्थानीय प्राथमिक शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े लोगों ने राज्य अध्यक्ष रमेश शर्मा और उनके साथ चल रहे दल का गर्मजोशी से स्वागत किया। यात्रा बाजार से नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में गुजरी।

संघ ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग से सवाल उठाया कि पिछले दो वर्षों से बंद प्राथमिक स्तर की खेल गतिविधियां अब तक शुरू क्यों नहीं की गईं। संघ का कहना है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने छह महीने पहले इन्हें दोबारा शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन विभाग की ओर से अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। यात्रा में शिक्षा खंड गगरेट के अध्यक्ष और दिव्यांग शिक्षक कुलदीप सिंह कंग व्हीलचेयर पर शामिल हुए। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा के मौजूदा ढांचे को बनाए रखते हुए इसे और मजबूत करने की मांग की।

प्राथमिक शिक्षक संघ न्यू कॉम्प्लेक्स सिस्टम समेत 25 मांगों को लेकर यह पदयात्रा निकाल रहा है। यात्रा 25 जुलाई को शिमला पहुंचेगी, जहां 26 जुलाई को चौड़ा मैदान में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यात्रा में राज्य अध्यक्ष रमेश शर्मा के साथ पूर्व प्रदेशाध्यक्ष देवेंद्र केवला, बिलासपुर जिलाध्यक्ष राकेश पटियाल, संजीव शर्मा, कुशल शर्मा, दिनेश राणा, सुनील राणा, शशि भूषण, मोहिंद्र जंबाल, होशियार सिंह, संजय अवस्थी और विजय समेत कई पदाधिकारी शामिल हैं।

# एचआरटीसी की लापरवाही से ठप हुई ग्रामीणों की जीवनरेखा

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। घुमारवीं से प्रतिदिन सुबह 9:15 बजे और शाम 4:15 बजे चलने वाली एकमात्र लोकल बस सेवा अचानक बंद होने से दर्जनों गांवों के लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। 13 जुलाई की शाम से बस सेवा ठप है और 14 जुलाई की सुबह भी बस निर्धारित समय पर नहीं पहुंची, जिससे यात्रियों में रोष फैल गया।

> **यह** बस सेवा इस क्षेत्र के लोगों की जीवनरेखा है। इसे बिना वैकल्पिक व्यवस्था के बंद करना पूरी तरह अनुचित है। विद्यार्थियों, कर्मचारियों, मरीजों और ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायत दर्ज करवा दी गई है। परिवहन विभाग को जनहित को प्राथमिकता देते हुए इस बस सेवा को तत्काल पूर्ववत शुरू करना चाहिए।
> -लग्नेश कुमार, अधिवक्ता

◆ **घुमारवीं की एकमात्र लोकल बस बंद, जनता परेशान**

ग्रामीणों के अनुसार यह इस रूट की इकलौती नियमित बस थी, जिस पर विद्यार्थी, कर्मचारी, बुजुर्ग, महिलाएं और मरीज पूरी तरह निर्भर थे। बस बंद होने से लोगों की दैनिक आवाजाही प्रभावित हो गई है। जब लोगों ने बस अड्डा प्रभारी से कारण पूछा तो बताया गया कि डिपो की करीब छह बसें बंद हैं और टायर सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की कमी के चलते कई रूटों पर बस संचालन रोक दिया गया है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि यदि निगम के पास बसों के संचालन के लिए आवश्यक संसाधन ही नहीं हैं तो आम जनता को इसकी सजा क्यों भुगतनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों की परिवहन व्यवस्था पहले से ही सीमित है और अब एकमात्र बस भी बंद होने से हालात और गंभीर हो गए हैं। मामला मुख्यमंत्री शिकायत प्रकोष्ठ तक पहुंच चुका है। ग्रामीणों ने सरकार और परिवहन विभाग से मांग की है कि बस सेवा को तुरंत पूर्ववत बहाल किया जाए।

# बंदला में निशुल्क चिकित्सा शिविर आज

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश सहकारी विकास संघ (हिमकोफैड) के निदेशक आशीष ठाकुर ने बताया कि सदर विधानसभा क्षेत्र की बंदला पंचायत भवन में 15 जुलाई को निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे और परामर्श देंगे। इसके अलावा सभी आवश्यक दवाइयां और जांच निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी।

# मंदिरों में चढ़ावे की पारदर्शी जांच हो : हीरा पाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी और जम्मू-कश्मीर प्रभारी हीरा पाल सिंह ठाकुर ने देश के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा दिए जाने वाले दान और आभूषणों के प्रबंधन में पारदर्शिता की मांग की है। उन्होंने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर, केदारनाथ, बद्रीनाथ सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर प्राप्त दान, आभूषण और निर्माण कार्यों का नियमित ऑडिट होना चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं का विश्वास कायम रहे। हीरा पाल ने कहा कि हाल के मामलों ने मंदिरों की संपत्तियों और दान के उपयोग को लेकर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने मांग की कि किसी भी तरह की अनियमितता सामने आने पर निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिर केवल धार्मिक आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं से जुड़े हैं। इसलिए दान और संपत्ति के उपयोग का पूरा विवरण सार्वजनिक होना चाहिए, जिससे व्यवस्था में जवाबदेही और विश्वास बना रहे।



# बिलासपुर में 23 जुलाई को कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर युवाओं के लिए रोजगार के दो अवसर लेकर आया है। 23 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में आईटीआई अभ्यर्थियों के लिए कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। एम/एस प्राइवेट लिमिटेड, बद्दी की ओर से 50 पदों के लिए यह इंटरव्यू होगा। फिटर, इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, टूल एंड डाई मेकर/मशीनिस्ट और टर्नर ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण 18 से 30 वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवार इसमें भाग ले सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 14,060 रुपए प्रतिमाह वेतन के साथ अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। वहीं, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने स्टाफ नर्स के 71 पद अधिसूचित किए हैं। जीएनएम और बीएससी नर्सिंग उत्तीर्ण पात्र अभ्यर्थियों को 20 जुलाई 2026 तक जिला रोजगार कार्यालय में अपना पंजीकरण या सत्यापन करवाना होगा, ताकि उनके नाम भर्ती प्रक्रिया के लिए भेजे जा सकें। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-222450 पर संपर्क कर सकते हैं।

# सुरेंद्र मिन्हास को मिला 'शान-ए-बिलासपुर' सम्मान




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल एकता मंच व सिंदूर फाउंडेशन ने जिला परिषद भवन में 'शान ए बिलासपुर' सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीप लाल भारद्वाज ने की व मुख्यातिथि हिमुडा निदेशक जितेंद्र चंदेल रहे। इस अवसर पर आधा दर्जन से अधिक विभूतियों को सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से वरिष्ठ संपादक, साहित्यकार व कल्याण कला मंच के निदेशक सुरेन्द्र मिन्हास कहलूरी को बिलासपुर की संस्कृति, विरासत के संरक्षण तथा जिले के कलाकारों व विशेषकर महिलाओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच देने के योगदान के लिए 'शान ए बिलासपुर' से अलंकृत किया गया। गौरतलब है कि मिन्हास ने 1996 से बिलासपुर लेखक संघ में सक्रिय रहकर ग्रामीण छिपी प्रतिभाओं को पहचाना, समाजसेवियों को सम्मानित किया तथा कहलूरी बोली के प्रचार-प्रसार का बीड़ा उठाया। उनके प्रयासों से कई गुमनाम कलाकार आज पहचान बना चुके हैं। पूर्व में भी उन्हें अनेक राज्य एवं राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं।

# राम मंदिर चंदा मामले पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** राम मंदिर निर्माण के लिए एकत्र चंदे में कथित वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को बिलासपुर शहर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लक्ष्मी नारायण मंदिर से हनुमान मंदिर तक रोष रैली निकाली और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान भजन-कीर्तन के साथ भाजपा के खिलाफ नारेबाजी भी की गई।

रैली में पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अंजना धीमान, प्रदेश प्रभारी रमेश चौहान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए रामलाल ठाकुर ने कहा कि भगवान राम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं, इसलिए उनके नाम पर एकत्र धन के उपयोग में पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चंदे के इस्तेमाल को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब जनता के सामने रखा जाना चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

अंजना धीमान ने कहा कि कांग्रेस धार्मिक आस्था का सम्मान करती है, लेकिन आर्थिक पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को आगे भी उठाती रहेगी और निष्पक्ष जांच की मांग करेगी। नेताओं ने स्पष्ट किया कि प्रदर्शन का उद्देश्य आस्था पर सवाल उठाना नहीं, बल्कि पारदर्शिता सुनिश्चित करना है।



# जंडोरी में 13 .39 ग्राम हेरोइन के साथ दो दबोचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कोट कैहलूर की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गांव जंडोरी के समीप गश्त के दौरान एक मोटरसाइकिल (संख्या एचपी20बी5305) को रोककर तलाशी ली, तो उसमें से 13.39 ग्राम चिट्टा/हेरोइन, एक इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन व अन्य संबंधित सामान बरामद किया। मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनपत उर्फ गोल्डी पुत्र तेजू राम और रोहित कुमार उर्फ रोतू पुत्र विधि चंद के रूप में हुई है। दोनों गांव बरोठा डवाला, डाकघर तरसूह, तहसील श्री नयना देवी जी, जिला बिलासपुर के मूल निवासी हैं। थाना कोट कैहलूर में इनके विरुद्ध धारा 21 एवं 29 एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक धीमान ने स्पष्ट किया है कि नशा तस्करी के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी इसी प्रकार सख्ती से जारी रहेगा और किसी भी तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा।

# एचएएस अधिकारी राजकुमार ने संभाला एसडीएम सदर का कार्यभार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचएएस) के 2023 बैच के अधिकारी राजकुमार ने सोमवार को उपमंडलाधिकारी (एसडीएम) सदर, बिलासपुर के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। राजकुमार इससे पूर्व सहायक आयुक्त बिलासपुर के पद पर कार्यरत थे। इससे पहले वे एसडीएम नालागढ़, एसडीएम करसोग तथा एसडीएम सुजानपुर के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं।



कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत राजकुमार ने कहा कि आमजन को सरल, पारदर्शी, जवाबदेह एवं समयबद्ध प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि बिलासपुर सदर उपमंडल के अंतर्गत चल रही रेलवे परियोजना तथा मटौर-शिमला फोरलेन से संबंधित भूमि अधिग्रहण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर और अधिक गति प्रदान की जाएगी।

इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की।

# शिक्षा व्यवस्था पर चुप्पी क्यों?, सोनम वांगचुक की बिगड़ती सेहत पर सरकार करे संवाद: सरीन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं वर्ष 2022 के डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी मनीष सरीन ने शिक्षा सुधारक एवं मैग्सेसे पुरस्कार विजेता सोनम वांगचुक के आमरण अनशन के दौरान लगातार बिगड़ते स्वास्थ्य पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से तत्काल सार्थक संवाद शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षा व्यवस्था और करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े प्रश्न उठ रहे हों, तब सरकार का दायित्व है कि वह संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ आगे आए।



मनीष सरीन ने कहा कि सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी के अनुसार सोनम वांगचुक पिछले 17 दिन से आमरण अनशन पर हैं और उनका स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है। यदि स्थिति गंभीर होती जा रही है, तो केवल प्रतीक्षा करने के बजाय सरकार को पहल करते हुए वार्ता का रास्ता अपनाना चाहिए। लोकतंत्र में संवाद ही सबसे प्रभावी समाधान होता है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति के अनशन का विषय नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता और देश के करोड़ों विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। यदि युवाओं के मन में व्यवस्था को लेकर सवाल हैं, तो उनका समाधान निष्पक्ष जांच, संस्थागत सुधार और पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से किया जाना चाहिए। मनीष सरीन ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनभावनाओं की अनदेखी किसी भी सरकार के लिए उचित नहीं मानी जा सकती। सरकार को चाहिए कि वह शिक्षा सुधार से जुड़े सभी पक्षों के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित कर ऐसा समाधान निकाले, जिससे विद्यार्थियों का विश्वास और लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख दोनों मजबूत हों।

## भाजपा ने चुनाव प्रकोष्ठ को दिए संगठनात्मक मजबूती के मंत्र

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, चंबा।** भाजपा ने संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करते हुए जिला कार्यालय चंबा में जिला चुनाव प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक को प्रदेश चुनाव प्रकोष्ठ अध्यक्ष जेसी शर्मा ने संबोधित करते हुए चुनाव प्रबंधन, संगठनात्मक समन्वय और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में चंबा-कांगड़ा के सह संयोजक रमेश राणा, जिला संयोजक लक्ष्मण, सह संयोजक शिशु गुप्ता, विक्रम जरयाल सहित आदि उपस्थित थे।

# युवाओं में बढ़ी टीएवीआर की मांग, विशेषज्ञों ने दी सतर्क रहने की सलाह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एक अध्ययन के अनुसार 50 वर्ष से कम उम्र के मरीजों में ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह प्रक्रिया सिकुड़े हुए एओर्टिक वाल्व के इलाज के लिए ओपन-हार्ट सर्जरी का कम चीर-फाड़ वाला विकल्प है।

सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रजनीश कपूर के अध्ययन में 2020 से मार्च 2026 तक 305 गंभीर एओर्टिक वाल्व स्टेनोसिस मरीजों का विश्लेषण किया गया। अध्ययन में पाया गया कि 2020-24 के दौरान 50 वर्ष से कम उम्र के मरीजों की संख्या केवल 1 प्रतिशत थी, जो 2024 से मार्च 2026 के बीच लगभग सात गुना बढ़ गई। डॉ. कपूर ने बताया कि कई युवा और कम जोखिम वाले मरीज इंटरनेट, सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से प्रभावित होकर खुद टीएवीआर की मांग कर रहे हैं, जबकि कई मामलों में उम्र और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार ओपन-हार्ट सर्जरी अधिक उपयुक्त विकल्प हो सकती है।

उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग विशेषज्ञों से बेहतर जानकारी हासिल करने के लिए किया जाना चाहिए, न कि खुद इलाज चुनने के लिए। सही उपचार मरीज की उम्र, शरीर की स्थिति और जोखिम के आधार पर विशेषज्ञ की सलाह से तय होना चाहिए।

# 'चलो चंबा' नहीं, 'संवारो चंबा' बने प्राथमिकता: नवनीत चौफला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित नवनीत चौफला ने 'चलो चंबा' अभियान के तहत आयोजित गतिविधियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पर्यटन विकास के नाम पर केवल रैलियां, औपचारिक कार्यक्रम और सेमिनार पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक धन को स्थायी पर्यटन अवसंरचना और विरासत संरक्षण पर खर्च किया जाना चाहिए, ताकि चंबा को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। चौफला ने कहा कि चंबा की असली ताकत उसकी प्राचीन संस्कृति, ऐतिहासिक मंदिरों, लोक परंपराओं और प्राकृतिक सौंदर्य में है। उन्होंने 'चिनार चंबा' अभियान शुरू कर प्रमुख मार्गों पर छायादार पौधों के रोपण का सुझाव दिया। साथ ही सुल्तानपुर चौक, मंजरी गार्डन और भरमौर चौक के ऐतिहासिक स्वरूप को बहाल करने की मांग की। उन्होंने हेरिटेज वॉक, पर्यटक सूचना केंद्र, रावी तट सौंदर्यीकरण, बेहतर पार्किंग और स्वच्छ सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। चौफला ने चंबा रूमाल, मिंजर मेला, संग्रहालयों और मंदिरों के व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता बताई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत डोल खरियाना
विकास खंड सुरानी, तह. खुंडियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के लिए ग्राम पंचायत डोल खरियाना द्वारा विभिन मदों के अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यों के लिए निम्न सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक सप्लायर का जीएसटी नंबर व एम-फॉर्म होना अनिवार्य है। जीएसटी बिल में अलग वर्शनण अनिवार्य है। जीएसटी कमांक की फोटो कॉपी भी सचगंन करना सुनिश्चित करें। इच्छुक सप्लायर अपनी निविदाएं बंद लिफाफे में स्वयं या डाक द्वारा ग्राम पंचायत डोल खरियाना कार्यालय में 20/07/2026 तक जमा करवा सकता है। निविदाएं दिनांक 22/07/2026 समय प्रातः 11:00 बजे पंचायत बैठक में सपलायरों की उपस्थिति में खोली जाएंगी। सपलायरों में से यदि कोई अनुपस्थित होता है, तो स्वयं जिम्मेवार होगा। निविदाओं को स्वीकृत व रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। पंचायत बिना कोई कारण बताये किसी भी निविदा को रद्द कर सकती है। पंचायत द्वारा लिया गया निर्णय ही अंतिम होगा। **सामग्री का विवरण** 1. रेता धुला करलुही-प्रति घन फुट, 2. रेता क्रैशर-प्रति घन फुट, 3. रेता स्टोन डस्ट-प्रति घन फुट, 4. बजरी कैशर 10 एमएम, 20एमएम, 40एमएम, 60एमएम-प्रति घन फुट, 5. सेलिंग/स्टोन-प्रति घन फुट, 6. मटका स्टोन 40-75 एमएम प्रति धन फुट, 7. इंट अब्बल-प्रति हजार, 8. शटरिंग स्टील-प्रति वर्ग फुट, 9. शटरिंग लकड़ी, 10 लोकल सामग्री ढुलाई-प्रति फेरा, 11. मिक्कर तेल सहित- प्रति दिन, 12. पानी टेंकर लोकल ढुलाई सहित-प्रति टेंकर, 13. जे.सी.बी. प्रति घंटा, 14. सिटिंग बेंच प्रति बेंच 15. इंटरलॉक टाइल्स अईएसआई अप्रूव्ड 40एमएम प्रति टाइल, 16. इंटरलोक टाइल्स आईएसआई अपूड 60एमएम प्रति टाइल, 17. इंटरलोक टाइल्स आईएसआई अपूड 80एमएम प्रति टाइल, 18. सीमेंट किराया सिविल सप्लाई स्टोर से ग्राम पंचायत तक प्रति बैग, 19. वाटर कूलर प्रति लीटर इत्यादि।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत डोल खरियाना**
**विकास खंड सुरानी, तह. खुंडियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत काबा कलां
विकास खंड सोलन, जिला सोलन (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

**सर्व** साधारण को सूचित किया है जाता है कि ग्राम पंचायत काबा-कलां वित्तिय वर्ष 2026-27 हेतू सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए निविदाएं आमंत्रित करती है। इच्छुक सप्लायर रेत, बजरी, ईन्ट JCB मशीन, मिकचर, शैटरिंग इत्यादि की दरें निर्धारित कर दिनांक 24.7.026 तक पंचायत कार्यालय में निविदाएं प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदाएं दिनांक 25.7.2026 को प्रातः 11 बजे खोली जाएंगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत काबा कलां विकास खंड सोलन, जिला सोलन (हि.प्र.)**

## ग्राम पंचायत नलबागी विकास खंड बाली चौकी जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश)

हिमाचल प्रदेश ग्राम पंचायत नलबागी में वित्त वर्ष 2026 27 हेतु कोटेशन आमंत्रित करने की आवश्यकता है ताकि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की सामग्री क्रय कर किया जा सके सामग्री का विवरण ; CIB with installation, dustbin, शटरिंग प्रति फूट कार्य स्थल, सरिया प्रति किलोग्राम, कटाई हेतु जेसीबी (Hard) प्रति फुट/ नॉर्मल कटिंग अलग-अलग दर्शाई जाए सीमेंट ट्रांसपोर्टेशन बाली चौकी से शनकवाह with loading & unloading, चादरें CI, लोहे का एंगल

1. कुटेशन डाक द्वारा ही प्राप्त की जाएगी। 2. कुटेशनदाता के पास GST No. होना चाहिए। 3. धरोहर राशी मुबलिक 100000/-(एक लाख रुपए) ग्राम पंचायत को केवल FD के माध्यम से जमा करनी होगी FD जमा न करने पर कुटेशन स्वीकृत नहीं होगी 1100000/- कवल रेत,बजरी, के लिए होगा बाकि अन्य सामग्री हेतु 25000/- की FD पंचायत में जमा करनी होगी। 4. कुटेशनदाता अपनी कुटेशन को दो बंद लिफाफे में देगा एक लिफाफे में 100000/- व् 25000/- की धरोहर राशी व् दुसरे लिफाफे में कोटेशन होनी चाहिए। 5. कुटेशन उपरोक्त फॉर्मेट के अनुसार होना चाहिए यदि उपरोक्त फॉर्मेट में नहीं होगी तो कुटेशन स्वीकृत नहीं होगी। 6. पंचायत के आदेश के अनुसार सामग्री की आपूर्ति करनी होगी जिसकी आदायगी उसको बाद में होगी 8. कुटेशन दिनाक 25-07-2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत नलबागी में प्रातः 11:00 खोली जाएगी। 9. कुटेशन की तिथि 14-07-2026 से 24-07-2026 तक शाम 05:00 बजे तक प्राप्त की जाएगी इसके बाद प्राप्त कुटेशन सवीकृत नहीं की जाएगी। 10. अगर कोटेशनदाता पंचायत के आदेश के मुताविक सामग्री की आपूर्ति नहीं करता है तो उसकी कोटेशन को रद्द किया जा सकता हैं FD नहीं वापिस होगी। 11. कोटशनदाता पंचायत पदाधिकरिओं का निज़ी सम्बन्धी नहीं होना चाहिए। 12. कुटेशनदाताअपने फर्म के Printed लैंटर हेड पर कुटेशन आवेदन करें।

**प्रधान/ सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत दुराह
विकास खंड निरमंड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

**सर्व** साधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दुराह विकास खंड निरमंड जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के लिए निर्माण एवं आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति हेतु पात्र, अनुभवी एवं आपूर्तिकर्ताओं/फार्मों से मुहरबंद निविदाएं (Sealed Tenders) आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

रेत, बजरी (प्रति फुट) लोकल व क्रेशर, गटका, विभिन्न प्रकार की टाईलें, पत्थर, ईंट, आर सी सी पाईप 6,8,10,12 ईंच, एंगल, चैनल, शटरिंग, जे सी बी मशीन, पी वीसी पाईप, जी आई पाईप और शीट्स, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक सामान, इमारती लकड़ी, फर्नीचर, सीमेंट ढुलान, नागरिक सूचना बोर्ड 3×4 निर्माण व लिखाई, दीवार लेखन, रंग पेंट व कार्यालय प्रयोग हेतु विभिन्न प्रकार की स्टेशनरी इत्यादि।

अतः इच्छुक व्यक्ति (वेंडर) अपनी निविदा (कुटेशन) सील बन्द लिफाफे में द्वारा डाक दिनांक 31-07-2027 तक कार्यालय ग्राम पंचायत दुराह में सांय 5:00 बजे तक जमा करवाएं। इसके बाद कोई निविदा (कुटेशन) नहीं ली जाएगी। निविदा (कुटेशन) पंचायत कार्यालय दुराह में दिनांक 05-08-2026 को 1:00 बजे अपराह्न कमेटी द्वारा खोली जाएगी।

**निविदा की मुख्य शर्ते :-** 1. निविदा दाता के पास GST नं0 का होना अनिवार्य है। 2. गाड़ी की RC की छाया प्रति सलंग्न करना अनिवार्य है। 3. M Form के बिना कोई भी बिल मान्य नहीं होगा। 4. निविदा (कुटेशन) साफ व स्पष्ट शब्दों में होनी चाहिए। 5. निविदाता पंचायत का देनदार न हो। 6. जिस निविदाता की निविदा (कुटेशन) रेट सबसे कम हो वही मान्य होगी। 7. सामान दर व किसी विवाद हेतु निविदा को रद्द करने का पंचायत का पूर्ण अधिकार रहेगा। 8. अधूरी निविदा (कुटेशन) मान्य नहीं होगी। 9. सामग्री की आपूर्ति पंचायत द्वारा जारी Supply Order के अनुसार निर्धारित समय में करनी होगी। 10. टेंडर/निविदा फार्म पंचायत कार्यालय से दिनांक 30-07-2026 से पहले प्राप्त करें।

**सचिव/प्रधान**
**ग्राम पंचायत दुराह, विकास खंड निरमंड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत शिल्ली
विकास खंड निरमंड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

**सर्व** साधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शिल्ली विकास खंड निरमंड जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के लिए निर्माण एवं आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति हेतु पात्र, अनुभवी एवं आपूर्तिकर्ताओं/फार्मों से मुहरबंद निविदाएं (Sealed Tenders) आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है।

रेत, बजरी (प्रति फुट) लोकल व क्रेशर, गटका, विभिन्न प्रकार की टाईलें, पत्थर, ईंट, आर सी सी पाईप 6,8,10,12 ईंच, एंगल, चैनल, शटरिंग, जे सी बी मशीन, पी वीसी पाईप, जी आई पाईप और शीट्स, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक सामान, इमारती लकड़ी, फर्नीचर, सीमेंट ढुलान, नागरिक सूचना बोर्ड 3×4 निर्माण व लिखाई, दीवार लेखन, रंग पेंट व कार्यालय प्रयोग हेतु विभिन्न प्रकार की स्टेशनरी इत्यादि।

अतः इच्छुक व्यक्ति (वेंडर) अपनी निविदा (कुटेशन) सील बन्द लिफाफे में द्वारा डाक दिनांक 31-07-2027 तक कार्यालय ग्राम पंचायत दुराह में सांय 5:00 बजे तक जमा करवाएं। इसके बाद कोई निविदा (कुटेशन) नहीं ली जाएगी। निविदा (कुटेशन) पंचायत कार्यालय दुराह में दिनांक 08-08-2026 को 1:00 बजे अपराह्न कमेटी द्वारा खोली जाएगी।

**निविदा की मुख्य शर्ते :-** 1. निविदा दाता के पास GST नं0 का होना अनिवार्य है। 2. गाड़ी की RC की छाया प्रति सलंग्न करना अनिवार्य है। 3. M Form के बिना कोई भी बिल मान्य नहीं होगा। 4. निविदा (कुटेशन) साफ व स्पष्ट शब्दों में होनी चाहिए। 5. निविदाता पंचायत का देनदार न हो। 6. जिस निविदाता की निविदा (कुटेशन) रेट सबसे कम हो वही मान्य होगी। 7. सामान दर व किसी विवाद हेतु निविदा को रद्द करने का पंचायत का पूर्ण अधिकार रहेगा। 8. अधूरी निविदा (कुटेशन) मान्य नहीं होगी। 9. सामग्री की आपूर्ति पंचायत द्वारा जारी Supply Order के अनुसार निर्धारित समय में करनी होगी। 10. टेंडर/निविदा फार्म पंचायत कार्यालय से दिनांक 30-07-2026 से पहले प्राप्त करें।

**सचिव/प्रधान**
**ग्राम पंचायत शिल्ली, विकास खंड निरमंड, जिला कुल्लू (हि.प्र.)**

## कार्यालय कार्यकारी दण्डाधिकारी (नायब तहसीलदार) उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर (हि. प्र.)

*किसम मुकदमा मृत्यु तिथि पंजीकरण*
*आगामी तारीख पेशी 04.08.2026*

श्रीमति बसां देवी पुत्री श्री ब्रहम दास वासी गांव झमरेहड़ा डा. चमनेड़ उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर हि. प्र. ... *प्रार्थीगण*

***बनाम***

***आम जनता***

उपरोक्त अनवान वाला में आपको लिखा जाता है कि श्रीमति बसां देवी पुत्री श्री ब्रहम दास वासी गांव झमरेहड़ा डा. चमनेड़ उप-तहसील लम्बलू जिला हमीरपुर हि. प्र. ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र दायर किया है। जिसमें प्रार्थी ने प्रार्थना की है कि इनका जन्म दिनांक 16. 12.1963 को महाल झमरेहड़ा में हुआ है। परन्तु जन्म तिथि का इन्द्राज रजिस्टर जन्म/मृत्यु में दर्ज नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत चमनेड़ में दर्ज नहीं हुआ है। अतः दर्ज किये जाने प्रार्थना की है।

अतः आम जनता को बजरिया मुश्त्री मुन्यादी/अखबार इस्तहार सूचित किया जाता है कि उक्त इन्द्राज वारे कोई उजर/एतराज है तो वह असालतन/वकालतन दिनांक 04.08.2026 को प्रातः 11:00 बजे हाजिर न्यायालय आकर उजर कर सकता है अन्यथा एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। आज दिनांक 10.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत द्वारा जारी हुआ।

**कार्यकारी दण्डाधिकारी**
**लम्बलू, जिला हमीरपुर, (हि. प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रोपड़ी कलैहड़
(विकास खंड चौंतड़ा तहसील लड़ भडोल जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)

**प्रस्ताव संख्या (03):- वर्ष 2026-27 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारे :-**
आज दिनांक 07/07/2026 को सर्वसम्मती से प्रस्ताव पारित गया कि ग्राम पंचायत रोपड़ी कलैहड़, विकास खंड चौन्तड़ा, तहसील जोगिन्दर नगर, जिला मंडी (हि.प्र.) के वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों के कार्यों की सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जानी है, जिसमें वस्तुओं/सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है :-
1.क्रशर रेत (धुली हुई) PER CUM. 2). प्लस्टर क्रशर रेत (धुली हुई) PER CUM. 3). क्रशर एग्रीगेट [illegible]

समान दरों की स्थिति में चयन का अधिकार पंचायत के पास रहेगा 4. सफल निविदाकर्ता यदि निर्माण सामग्री समय पर नहीं देता है तो उसकी निविदा को रद कर सकती है. उसके द्वारा धरोहर राशी को जब्त करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। अगले निविदाकर्ता को सप्लाई दी जा सकती है या नया विज्ञापन दिया जा सकता है। 5. सामग्री का राशी का भुगतान तकनीकी सहायक/कनिष्ठ अभियंता की अस्सेस्मेंट के बाद ही किया जायेगा।
अतः इच्छुक व्यक्ति /फर्म दिनांक 21/07/2026 तक निविदाएं सील बंद लिफाफे में पंचायत सचिव/प्रधान से जमा करवा दें। 22/07/2026 को पंचायत बैठक में 11 बजे निविदाएं खोली जाएगी। सफल निविदिकर्ता को रू. 25000/- की धरोहर राशी पंचायत के नाम धरोहर राशी के नाम से जमा करनी होगी, धरोहर राशी जमा नहीं करने पर अगले निविदाकर्ता की निविदा मान्य होगी। निविदा फीस रुपये 500/- है, जो non-refundable है, निविदा फॉर्म सचिव के पास उपलब्ध है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत रोपड़ी कलैहड़, विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी, हि.प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पिहड़ बेंडलू
(विकास खंड चौंतड़ा तहसील लड़ भडोल जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)

**प्रस्ताव संख्या (03):- वर्ष 2026-27 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारे :-**
आज दिनांक 07/07/2026 को सर्वसम्मती से प्रस्ताव पारित गया कि ग्राम पंचायत पिहड़ बेंडलू विकास खंड चौन्तड़ा, तहसील जोगिन्दर नगर, जिला मंडी (हि.प्र.) के वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न मदों के कार्यों की सामग्री आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जानी है, जिसमें वस्तुओं/सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है :-
1.क्रशर रेत (धुली हुई) PER CUM. 2). प्लस्टर क्रशर रेत (धुली हुई) PER CUM. 3). क्रशर एग्रीगेट 10/20/40 मिमी मिक्स (धुला हुआ) PER CUM. 4). ईंटें (1st & 2nd class) (EACH). 5). पत्थर [illegible]

समान दरों की स्थिति में चयन का अधिकार पंचायत के पास रहेगा 4. सफल निविदाकर्ता यदि निर्माण सामग्री समय पर नहीं देता है तो उसकी निविदा को रद कर सकती है. उसके द्वारा धरोहर राशी को जब्त करने का अधिकार पंचायत के पास होगा। अगले निविदाकर्ता को सप्लाई दी जा सकती है या नया विज्ञापन दिया जा सकता है। 5. सामग्री का राशी का भुगतान तकनीकी सहायक/कनिष्ठ अभियंता की अस्सेस्मेंट के बाद ही किया जायेगा।
अतः इच्छुक व्यक्ति /फर्म दिनांक 21/07/2026 तक निविदाएं सील बंद लिफाफे में पंचायत सचिव/प्रधान से जमा करवा दें। 22/07/2026 को पंचायत बैठक में 11 बजे निविदाएं खोली जाएगी। सफल निविदिकर्ता को रू. 25000/- की धरोहर राशी पंचायत के नाम धरोहर राशी के नाम से जमा करनी होगी, धरोहर राशी जमा नहीं करने पर अगले निविदाकर्ता की निविदा मान्य होगी। निविदा फीस रुपये 500/- है, जो non-refundable है, निविदा फॉर्म सचिव के पास उपलब्ध है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत रोपड़ी पिहड़ बेंहडू, विकास खंड चौंतड़ा, जिला मंडी, हि.प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सठवीं
विकास खण्ड बिझड़ी जिला हमीरपुर (हि. प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सठवीं विकास खण्ड बिझड़ी, जिला हमीरपुर हि.प्र., पिन कोड 176049 में वित्तीय वर्ष 2026-27 (01-04-2026 से 31-03-2027) में होने वाले विभिन्न मदों के अंतर्गत विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक **28-07-2026** शाम 5:00 बजे तक सम्बंधित ग्राम पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से या व्यक्तिगत रुप से जमा करवाएं। निविदाएं पंचायत कार्यालय में दिनांक **29-07-2026** सुबह 11:00 बजे निविदा खोलने के लिए गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी जिसमें निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति का उपस्थित होना अनिवार्य है। निर्धारित फार्म सम्बंधित पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते हैं। **सामग्री विवरण** :- 1.रेत क्रशर प्रति घन मीटर, 2.रेत प्लांट (धुला रेत) प्रति घन [illegible]

**प्रधान/सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कशौड
विकास खण्ड बाली चौकी जिला मंडी हि.प्र.

**प्रस्ताव संख्या 27-वित वर्ष 2026-27 हेतू कुटेशन आमंत्रित करने बारे :-**
आज की बैठक में प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव रखा कि हमारी ग्राम पंचायत कशौड को वित वर्ष 2026-27 हेतू कुटेशन आमंत्रित करने की अवशयकता है। ताकि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की सामग्री क्रय कर सके चर्चा उपरान्त प्रस्ताव सर्वसहमती से पारित किया और ग्राम पंचायत कशौड निम्न कुटेशन आमंत्रित करती है :-
**सामग्री का विवरण** :-1. रेत- प्रति फुट 2. बजरी-प्रति फुट 3. ईंट-प्रति एक 4. पत्थर- Per cum 5. JCB Cutting-Per cum 6. CIB-प्रति एक 2x3 7. GI Sheet -3.5X12 Foot 8. खच्चर ढुलवान बार्ड कशौड 1.2.3.4 और 5-प्रति फुट 9. Cement Transpotation Balichowki to FOR GP Kashaud -प्रति बैग
**शर्तें :-** 1. कुटेशन डाक द्वारा ही प्राप्त की जाएगी। 2. कुटेशनदाता के पास GST No. होना चाहिए। 3. धरोहर राशी मुबलिक 50000 /- (पचास हज़ार) की FD प्रधान ग्राम पंचायत कशौड के पक्ष में Pledge करनीहोगी! FD जमा न करने पर कुटेशन विचार नहीं किया जाएगा। 4.कुटेशन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 30/07/2026 शाम 05:00 बजे तक प्राप्त की जाएगी इसके बाद प्राप्त कुटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा। 5. कुटेशन दिनाक 31-07-2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत कशौड में प्रातः 11:00 खोली जाएगी। 6. कुटेशनदाता अपने के Printed लैटर हेड पर कुटेशन आवेदन करें। 7. रेत बजरी की पूर्ति M Form के साथ देनी होगी। 08. निविदा दाता अगर सामग्री समय पर नहीं देता तो उसकी धरोहर राशि बापिस नहीं की जाएगी और इसे ग्राम पंचायत को खर्च करने का अधिकार होगा। 09 सामग्री की पूर्ति F.O.R होगी। 10 कुटेशनदाता को अपनी फर्म की गाड़ी की RC देनी होगी और इसके अतिरिक्त इस पर अध्यक्ष महोदय का विशेषधिकार रहेगा। 11 किसी कारणवश से कुटेशन खुलने की तिथि को परिवर्तन करने में अध्यक्ष महोदया का विशेष अधिकार रहेगा। आगामी तिथि के बारे में आपको सूचित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदया के पास और भी विशेष अधिकार सुरक्षित है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पचायत कशौड, विकास खंड बाली चौकी, जिला मंडी, हि.प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत खोलानाल
विकास खण्ड बाली चौकी जिला मंडी हि.प्र.

**प्रस्ताव संख्या 27-वित वर्ष 2026-27 हेतू कुटेशन आमंत्रित करने बारे :-**
आज की बैठक में प्रस्ताव अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव रखा कि हमारी ग्राम पंचायत खोलानाल को वित वर्ष 2026-27 हेतू कुटेशन आमंत्रित करने की अवशयकता है। ताकि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों की सामग्री क्रय कर सके चर्चा उपरान्त प्रस्ताव सर्वसहमती से पारित किया और ग्राम पंचायत खोलानाल निम्न कुटेशन आमंत्रित करती है :-
**सामग्री का विवरण** :-1. रेत- प्रति फुट 2. बजरी-प्रति फुट 3. ईंट-प्रति एक 4. पत्थर- Per cum 5. JCB Cutting-Per cum 6. CIB-प्रति एक 2x3 7. GI Sheet -3.5X12 Foot 8. खच्चर ढुलवान बार्ड कशौड 1.2.3.4 और 5-प्रति फुट 9. Cement Transpotation Balichowki to FOR GP Kholanal -प्रति बैग
**शर्तें :-** 1. कुटेशन डाक द्वारा ही प्राप्त की जाएगी। 2. कुटेशनदाता के पास GST No. होना चाहिए। 3. धरोहर राशी मुबलिक 50000 /- (पचास हज़ार) की FD प्रधान ग्राम पंचायत कशौड के पक्ष में Pledge करनीहोगी! FD जमा न करने पर कुटेशन विचार नहीं किया जाएगा। 4.कुटेशन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 29/07/2026 शाम 05:00 बजे तक प्राप्त की जाएगी इसके बाद प्राप्त कुटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा। 5. कुटेशन दिनाक 31-07-2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत कशौड में प्रातः 11:00 खोली जाएगी। 6. कुटेशनदाता अपने के Printed लैटर हेड पर कुटेशन आवेदन करें। 7. रेत बजरी की पूर्ति M Form के साथ देनी होगी। 08. निविदा दाता अगर सामग्री समय पर नहीं देता तो उसकी धरोहर राशि बापिस नहीं की जाएगी और इसे ग्राम पंचायत को खर्च करने का अधिकार होगा। 09 सामग्री की पूर्ति F.O.R होगी। 10 कुटेशनदाता को अपनी फर्म की गाड़ी की RC देनी होगी और इसके अतिरिक्त इस पर अध्यक्ष महोदय का विशेषधिकार रहेगा। 11 किसी कारणवश से कुटेशन खुलने की तिथि को परिवर्तन करने में अध्यक्ष महोदया का विशेष अधिकार रहेगा। आगामी तिथि के बारे में आपको सूचित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदया के पास और भी विशेष अधिकार सुरक्षित है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पचायत खोलानाल, विकास खंड बाली चौकी, जिला मंडी, हि.प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत लझयाणी
विकास खंड भोरंज जिला हमीरपुर, हि.प्र.

[illegible]

सामग्री रेट कम पाए जायगे, उसी फर्म/अभ्यर्थी की कुटेशने पंचायत द्वारा मान्य होगी। 4) जिस फर्म/अभ्यर्थी का जी.एस.टी. नंबर (GST NO.) होगा उसी को पंचायत द्वारा मान्यता दी जायगी। 5) जिस फर्म/अभ्यर्थी की कुटेशन पास होगी वह एक ही दर पर सामग्री को पंचायत के समस्त वार्ड में फेकेगा। 6) इच्छुक फर्में ग्राम पंचायत लझयाणी द्वारा जारी प्रफोर्मा (अनुलगनक क) पर अपनी निविदाएं निश्चित अवधि के भीतर कार्यालय पंचायत लझयाणी में जमा करवा सकते हैं। 7) जिस भी फर्म की कुटेशन पास होगी उसे 25000 /- की एफडीआर सिक्योरिटी के रूप में प्रधान ग्राम पंचायत लझयाणी के नाम से कुटेशन पास होने के एक सप्ताह के भीतर कार्यालय ग्राम पंचायत लझयाणी में जमा करवानी होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत लझयाणी, विकास खंड भोरंज जिला हमीरपुर, हि.प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोटखास
विकास खंड श्री नयना देवी जी, स्थित स्वारघाट, जिला बिलासपुर, (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोटखास द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु विकास कार्यों हेतु (रेत, क्रशर व प्लांट ऊना, बजरी क्रशर 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम से 90 एमएम, सोलिंग) प्रति घन फुट, शटरिंग दीवार, स्लैब, रास्ता/प्रति स्क्वेयर फीट, पक्की ईंट द्वितीय श्रेणी/प्रति ईंट, JCB hard rock, soft rock/प्रति घंटा, सीमेंट ढुलान मजदूरी सहित श्री नयना देवी जी से कोटखास स्टोर तक/प्रति बैग तथा स्टोर से कार्य स्थल तक 0 कि.मी. से 2 कि.मी. तक प्रति चक्कर व 2 कि.मी. से 05 कि.मी. तक तथा 05 कि.मी. से अधिक पंचायत क्षेत्र तक प्रति चक्कर हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक निविदादाता अपनी-अपनी निविदा दिनांक 24.07.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत कोटखास में शाम 5:00 बजे तक जमा करवा सकते हैं। निविदा का आबंटन दिनांक 25.07.2026 को समय 1:00 बजे पंचायत की मासिक बैठक में किया जाएगा। सामग्री अच्छी किस्म की होनी चाहिए। सामग्री की अदायगी मूल्यांकन अनुसार की जाएगी। सामग्री की सप्लाई जहां तक गाड़ा जाती हो वहां तक करनी होगी। निविदा की दरें 31.03.2027 तक या आगामी निविदाओं की प्राप्ति तक प्रभावी रहेंगी। ग्राम पंचायत के पास निविदाओं को रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। निविदादाता जीएसटी धारक लैटरपैड पर ही सामग्री की दर व GST extra में दें तथा निविदा पर कटिंग मान्य नहीं होगी तथा बंद लिफाफे में ही निविदा मान्य होगी। सामग्री का एम फार्म बिल के साथ देना होगा। सामग्री की दरें negotiation करने के उपरांत पंचायत द्वारा निर्धारित की जाएंगी। जमानत राशि 25000/- रु. है। यदि वेंडर समय पर सामग्री उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो पंचायत नए सिरे से कुटेशन आमंत्रित कर सकती है व जमा सिक्योरिटी वापस नहीं होगी।

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत कोटखास**
**विकास खंड नयना देवी जी, जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सलोआ
विकास खंड श्री नैना देवी जी (स्थित स्वारघाट), जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सलोआ द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु विकास कार्यों हेतु (रेत, क्रशर व प्लांट ऊना, बजरी क्रशर 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम से 90 एमएम, सोलिंग) प्रति घन फुट, शटरिंग दीवार, स्लैब, रास्ता/प्रति स्क्वेयर फीट, पक्की ईंट द्वितीय श्रेणी/प्रति ईंट, JCB hard rock, soft rock/प्रति घंटा, सीमेंट ढुलान मजदूरी सहित श्री नयना देवी जी से माकड़ी स्टोर तक/प्रति बैग तथा स्टोर से कार्य स्थल तक 0 कि.मी. से 2 कि.मी. तक प्रति चक्कर व 2 कि.मी. से 05 कि.मी. तक तथा 05 कि.मी. से अधिक पंचायत क्षेत्र तक प्रति चक्कर हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक निविदादाता अपनी-अपनी निविदा दिनांक 22.07.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत सलोआ में प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक जमा करवा सकते हैं। इसक पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा दिनांक 24.07.2026 कार्यालय ग्राम पंचायत सलोआ में कोर्म द्वारा दोपहर 1 बजे खोली जाएंगी। सामग्री अच्छी किस्म की होनी चाहिए। सामग्री की अदायगी मूल्यांकन अनुसार की जाएगी। सामग्री की सप्लाई जहां तक गाड़ी जाती हो वहां तक करनी होगी। निविदा की दरें 31.03.2027 तक या आगामी निविदाओं की प्राप्ति तक प्रभावी रहेंगी। ग्राम पंचायत के पास निविदाओं को रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। निविदादाता जीएसटी धारक लैटरपैड पर ही सामग्री की दर व GST extra में दें तथा निविदा पर कटिंग मान्य नहीं होगी तथा बंद लिफाफे में ही निविदा मान्य होगी। सामग्री का एम फार्म बिल के साथ देना होगा। सामग्री की दरें negotiation करने के उपरांत पंचायत द्वारा निर्धारित की जाएंगी। जमानत राशि 25000/- रु. है। यदि वेंडर समय पर सामग्री की उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो पंचायत नए सिरे से कुटेशन आमंत्रित कर सकती है व जमा सिक्योरिटी वापिस नहीं होगी।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सलोआ**
**वि.खं. श्री नैना देवी जी (स्थित स्वारघाट) बिलासपुर हि.प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत माकड़ी
विकास खंड श्री नैना देवी जी (स्थित स्वारघाट), जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत माकड़ी द्वारा वर्ष 2026-27 हेतु विकास कार्यों हेतु (रेत, क्रशर व प्लांट ऊना, बजरी क्रशर 10 एमएम, 20 एमएम, 40 एमएम से 90 एमएम, सोलिंग) प्रति घन फुट, शटरिंग दीवार, स्लैब, रास्ता/प्रति स्क्वेयर फीट, पक्की ईंट द्वितीय श्रेणी/प्रति ईंट, JCB hard rock, soft rock/प्रति घंटा, सीमेंट ढुलान मजदूरी सहित श्री नयना देवी जी से माकड़ी स्टोर तक/प्रति बैग तथा स्टोर से कार्य स्थल तक 0 कि.मी. से 2 कि.मी. तक प्रति चक्कर व 2 कि.मी. से 05 कि.मी. तक तथा 05 कि.मी. से अधिक पंचायत क्षेत्र तक प्रति चक्कर हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अतः इच्छुक निविदादाता अपनी-अपनी निविदा दिनांक 21.07.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत माकड़ी में प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 4 बजे तक जमा करवा सकते हैं। इसक पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा दिनांक 23.07.2026 कार्यालय ग्राम पंचायत माकड़ी में कोर्म द्वारा दोपहर 1 बजे खोली जाएंगी। सामग्री अच्छी किस्म की होनी चाहिए। सामग्री की अदायगी मूल्यांकन अनुसार की जाएगी। सामग्री की सप्लाई जहां तक गाड़ी जाती हो वहां तक करनी होगी। निविदा की दरें 31.03.2027 तक या आगामी निविदाओं की प्राप्ति तक प्रभावी रहेंगी। ग्राम पंचायत के पास निविदाओं को रद्द करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। निविदादाता जीएसटी धारक लैटरपैड पर ही सामग्री की दर व GST extra में दें तथा निविदा पर कटिंग मान्य नहीं होगी तथा बंद लिफाफे में ही निविदा मान्य होगी। सामग्री का एम फार्म बिल के साथ देना होगा। सामग्री की दरें negotiation करने के उपरांत पंचायत द्वारा निर्धारित की जाएंगी। जमानत राशि 25000/- रु. है। यदि वेंडर समय पर सामग्री की उपलब्ध करवाने में असमर्थ रहता है तो पंचायत नए सिरे से कुटेशन आमंत्रित कर सकती है व जमा सिक्योरिटी वापिस नहीं होगी।

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत माकड़ी**
**वि.खं. श्री नैना देवी जी (स्थित स्वारघाट) बिलासपुर हि.प्र.**

## कार्यालय ग्राम पंचायत टिक्कर
विकास खंड गोपालपुर, तहसील सरकाघाट, जिला मंडी (हि.प्र.)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत टिक्कर की मासिक बैठक में सर्व सम्मति से प्रस्ताव रखा गया है कि पंचायत के विकास कार्यों के लिए Sand Crusher, Aggrigate, Boulder, Pukki Eat (Bricks), Samgri Dhulan (Cement), JCB, Shattering, Shattering Slab, Sand Khadd, Agg. Khadd, Sand Plant, Cut Stone, JCB Breaker, Sign Board के लिए वर्ष 2026-27 के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी है। इच्छुक सप्लायरों द्वारा निविदाएं पंचायत कार्यालय में 16/07/2026 सांय 5:00 बजे तक जमा करवानी होगी। सभी निविदाएं आगामी पंचायत बैठक में उपस्थित सदस्यों के समक्ष खोली जाएंगी। अतः प्रस्ताव सर्व सहमति से पारित व पास है। **नियम व शर्तेः-** (1) निविदा देने वाले के पास अपना जीएसटी नं. होना चाहिए। (2) सामग्री गाड़ी में जहाँ तक जा सकती है पहुंचानी होगी। (3) पंचायत के सप्लाई आदेश पर ही सामग्री दी जायेगी। (4) यदि सामग्री में सही गुणवता नहीं पाई जाती है या समय पर पर सप्लाई नहीं दी जाती जिसके कार जिसके कारण यदि कार्य में बाधा पैदा होती या पैदा होती है तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा एक माह का नोटिस देने पर किसी भी समय निविदा रददं की जा सकती है (5) निविदा स्वीकृत या रदद करने का अधिकार निविदा कमेटी को होगा (6) यदि निविदा किसी व्यक्ति या फर्म की स्वीकृत होती है तो उस व्यक्ति या फर्म को निविदा 20000/- रूपये धरोहर राशि के रूप में पंचायत में जमा करवाने होगें। (7) निविदा खुलने वाली तिथि को जिस भी व्यक्ति या फर्म ने निविदा हेतू अपना आवेदन पंचायत को किया है निविदा खुलते समय उपस्थित होना अनिवार्य है। (8) निविदा में मांगी गई प्रत्येक सामग्री वस्तु का मूल्य व जीएसटी प्रत्येक सामग्री में निर्धारित दर से अलग बिल में दर्शाना होगा। (9) निविदा स्वीकृत होने पर निविदाकर्ता को सप्लाई की गई सामग्री (वस्तु) के साथ एम-फार्म जमा करवाना अनिवार्य है। (10) निविदा स्वीकृत होने पर व्यक्ति या फर्म को अपने दस्तावेज जैसे- जीएसटी न0, आधार कार्ड, बैंक पास बुक की फोटो कापी जमा करवानी होगी।

**पंचायत /सचिव**
**ग्राम पंचायत टिक्कर विकास खंड गोपालपुर, जिला**

## कार्यालय ग्राम पंचायत थाटा
(विकास खण्ड बालीचौकी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत थाटा विकास खण्ड बालीचौकी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबंद (sealed) निविदाएं/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। ये निविदाएं दिनांक 26.7.2026 तक ग्राम पंचायत थाटा के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदाओं को ग्राम पंचायत थाटा में दिनांक 27.7.2026 को प्रातः 11:00 बजे पदाधिकारी की गणपूर्ति व निविदाओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जाएगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि को बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रसारित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचनापट पर ही प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी:- **सामग्री का विवरण:-** 1. रेत क्रशर/WATER BORNE-प्रति फुट 2. बजरी क्रशर- 3. सोलिंग/बोल्डर पत्थर-प्रति चैटा (6*6) फीट 4. पत्थर (कट स्टोन) / लोकल पत्थर-प्रति चैटा (6*8) फीट/CUB MET 5. ईंट मिट्टी के भट्ठे की-प्रति 1000 6. JCB Machine Excavator द्वारा मिट्टी व ब्रेकर-प्रति घन मीटर (हार्ड/सॉफ्ट रॉक) प्रति घंटा 7. सामग्री ढुलान (सीमेंट बालीचौकी से (पंचायत क्षेत्र जहाँ तक सड़क)-प्रति किलोमीटर / प्रति फेरा / प्रति बैग 8. शटरिंग लोहा व लकड़ी-प्रति फुट 9. लकड़ी लोहा व एलुमिनियम फिटिंग व डोर विन्डो-आइटम बार प्रति फुट 10. प्लाई बोर्ड शीट OTHER फैंसी सीलिंग/पैलिंग PVC फॉर SHEETS-आइटम बार साइज बार 11. लेबर रेट पेंटिंग PVC बुशन-प्रति स्क्वायर फीट 12. हार्डवेयर सरिया एंगल चैनल साइज बार, कंटीली लोहे की तार टाइल पेंट रेलिंग लोहा पाइप विभिन्न साइज सैनिटरी फिटिंग व लेबर रेट-आइटम बार व प्रति किलो/प्रति क्विंटल प्रति पीस 13. कलर कोटिड रूफ शीट्स/प्लेन रूफ शीट आदि व सीलिंग शीट्स आदि-प्रति शीट साइज बार 14. RCC कलवर्ट PIPE-साइज बार 15. FURNITURE ITEMS (सभी प्रकार के फर्नीचर वस्तुएं)-प्रति आइटम पूर्ण विवरण सहित 16. वेल्डिंग वर्क्स-प्रति किलो/ प्रति क्विंटल 17. मिक्सर मशीन-प्रति दिन प्रति घंटा 18. पेंट/दीवार लेखन-प्रति दिन / स्क्वायर फीट 19. साइन बोर्ड/दीवार लेखन/पेंटिंग-साइज बार/अन्य 20. पंचवटी पार्क हेतु बेंच इत्यादि-आइटम बार 21. स्वच्छता प्रबंधन हेतु विभिन्न आइटम (प्लास्टिक कचरा संग्रहण शेड आदि)- आइटम बार व साइज बार 22. ढलान घोड़े खच्चर द्वारा रेत बजरी सीमेंट ईंट पत्थर-दूरी अनुसार 23. अन्य सामग्री जो पंचायत के कार्य में प्रयुक्त होनी है उपर दर्शाई हो-आइटम बार। **शर्ते** - निविदादाता (आपूर्ति कर्ता) के पास अपना पंजीकरण, TIN NO/CST/GST NO. होना आवश्यक है और रेत/बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग M/X FORM तथा गाड़ी की RC प्रति पंचायत को प्रस्तुत करना होगा व PWD लैब से प्रमाणिकता का प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा और साथ में GST Return Copy व MX FORM उपलब्ध करवाना आवश्यक होगा निविदा पर दर स्पष्ट अंकित होनी चाहिए। निविदादाता को धरोहर राशी निविदा पारित होने के 2 दिन के भीतर जमा करनी होगी जिसे कमेटी द्वारा पारित किया जाएगा। OVERWRITING होने की दशा में निविदा रद्द की जाएगी। सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/रद्द करने, सामान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता का चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। सामग्री खरीद की अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत थाटा (विकास खण्ड बालीचौकी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत खलवाहण
(विकास खण्ड बालीचौकी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ग्राम पंचायत खलवाहण विकास खण्ड बालीचौकी जिला मंडी हिमाचल प्रदेश द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से मोहरबंद (sealed) निविदाएं/कोटेशन आमंत्रित की जाती है। ये निविदाएं दिनांक 24.7.2026 तक ग्राम पंचायत खलवाहण के कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। इस तिथि तक प्राप्त निविदाओं को कार्यालय ग्राम पंचायत खलवाहण में दिनांक 25.7.2026 को प्रातः 11:00 बजे पदाधिकारी की गणपूर्ति व निविदाओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जाएगी। प्रशासकीय कारणों से इस तिथि को बदलाव करने का अधिकार ग्राम पंचायत खलवाहण के पास सुरक्षित रहेगा। इस दशा में सूचना समाचार पत्रों में प्रसारित नहीं की जाएगी। सूचना ग्राम पंचायत के सूचनापट पर ही प्रदर्शित की जाएगी। ग्राम पंचायत को इस अवधि हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता रहेगी:- **सामग्री का विवरण:-** 1. रेत क्रशर/WATER BORNE-प्रति फुट 2. बजरी क्रशर- 3. सोलिंग/बोल्डर पत्थर-प्रति चैटा (6*6) फीट 4. पत्थर (कट स्टोन) / लोकल पत्थर-प्रति चैटा (6*8) फीट/CUB MET 5. ईंट मिट्टी के भट्ठे की-प्रति 1000 6. JCB Machine Excavator द्वारा मिट्टी व ब्रेकर-प्रति घन मीटर (हार्ड/सॉफ्ट रॉक) प्रति घंटा 7. सामग्री ढुलान (सीमेंट बालीचौकी से (पंचायत क्षेत्र जहाँ तक सड़क)-प्रति किलोमीटर / प्रति फेरा / प्रति बैग 8. शटरिंग लोहा व लकड़ी-प्रति फुट 9. लकड़ी लोहा व एलुमिनियम फिटिंग व डोर विन्डो-आइटम बार प्रति फुट 10. प्लाई बोर्ड शीट OTHER फैंसी सीलिंग/पैलिंग PVC फॉर SHEETS-आइटम बार साइज बार 11. लेबर रेट पेंटिंग PVC बुशन-प्रति स्क्वायर फीट 12. हार्डवेयर सरिया एंगल चैनल साइज बार, कंटीली लोहे की तार टाइल पेंट रेलिंग लोहा पाइप विभिन्न साइज सैनिटरी फिटिंग व लेबर रेट-आइटम बार व प्रति किलो/प्रति क्विंटल प्रति पीस 13. कलर कोटिड रूफ शीट्स/प्लेन रूफ शीट आदि व सीलिंग शीट्स आदि-प्रति शीट साइज बार 14. RCC कलवर्ट PIPE-साइज बार 15. FURNITURE ITEMS (सभी प्रकार के फर्नीचर वस्तुएं)-प्रति आइटम पूर्ण विवरण सहित 16. वेल्डिंग वर्क्स-प्रति किलो/ प्रति क्विंटल 17. मिक्सर मशीन-प्रति दिन प्रति घंटा 18. पेंट/दीवार लेखन-प्रति दिन / स्क्वायर फीट 19. साइन बोर्ड/दीवार लेखन/पेंटिंग-साइज बार/अन्य 20. पंचवटी पार्क हेतु बेंच इत्यादि-आइटम बार 21. स्वच्छता प्रबंधन हेतु विभिन्न आइटम (प्लास्टिक कचरा संग्रहण शेड आदि)- आइटम बार व साइज बार 22. ढलान घोड़े खच्चर द्वारा रेत बजरी सीमेंट ईंट पत्थर-दूरी अनुसार 23. अन्य सामग्री जो पंचायत के कार्य में प्रयुक्त होनी है उपर दर्शाई हो-आइटम बार। **शर्ते** - निविदादाता (आपूर्ति कर्ता) के पास अपना पंजीकरण, TIN NO/CST/GST NO. होना आवश्यक है और रेत/बजरी व पत्थर आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग M/X FORM तथा गाड़ी की RC प्रति पंचायत को प्रस्तुत करना होगा व PWD लैब से प्रमाणिकता का प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा और साथ में GST Return Copy व MX FORM उपलब्ध करवाना आवश्यक होगा निविदा पर दर स्पष्ट अंकित होनी चाहिए। निविदादाता को धरोहर राशी निविदा पारित होने के 2 दिन के भीतर जमा करनी होगी जिसे कमेटी द्वारा पारित किया जाएगा। OVERWRITING होने की दशा में निविदा रद्द की जाएगी। सामग्री की आपूर्ति HPPWD की SPECIFICATION के अनुरूप होगी किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत/रद्द करने, सामान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाओं के लिए आपूर्ति आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवत्ता का चयन तथा निविदाएं किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा। सामग्री खरीद की अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की JUSTIFICATION व अनुमोदित निविदाओं के साथ NEGOTITION अनुसार ही किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत खलवाहण विकास खण्ड बालीचौकी जिला मण्डी (हि0प्र0)**

## एंड्रिया बोटेज का खूबसूरत अंदाज

**कनाडा।** एंड्रिया बोटेज एक कनाडाई शतरंज खिलाड़ी, कंटेंट क्रिएटर, डीजे और ट्विच स्ट्रीमर हैं। वह चैंपियन शतरंज खिलाड़ी एलेक्जेंड्रा बोटेज की बहन भी हैं।



फीफा वर्ल्ड कप सेमीफाइनल

अटलांटा स्टेडियम में फिर जीवंत होगी पुरानी प्रतिद्वंद्विता, अर्लिंग्टन में होगा फुटबॉल का रोमांच

# मेस्सी का जादू चलेगा या केन का करिश्मा

**एजेंसी, अटलांटा**

विश्व फुटबॉल की सबसे चर्चित प्रतिद्वंद्विताओं में शुमार अर्जेंटीना और इंग्लैंड बुधवार को विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। मुकाबले का सबसे बड़ा आकर्षण लियोनेल मेस्सी और हैरी केन की टक्कर होगी। मौजूदा टूर्नामेंट में मेस्सी आठ और केन छह गोल कर चुके हैं। दोनों दिग्गज पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे, क्योंकि दोनों देशों के बीच 2005 के बाद कोई मुकाबला नहीं हुआ।



इंग्लैंड के लिए मेस्सी को रोकना सबसे बड़ी चुनौती होगी, जबकि अर्जेंटीना की रक्षापंक्ति को केन और शानदार फॉर्म में चल रहे जूड बेलिंगहम से सतर्क रहना होगा। बेलिंगहम भी छह गोल कर चुके हैं और क्वार्टर फाइनल में नॉर्वे के खिलाफ दो गोल दागकर टीम को जीत दिलाई थी।

दोनों देशों के बीच फुटबॉल प्रतिद्वंद्विता का इतिहास बेहद तीखा रहा है। 1966 विश्व कप में अर्जेंटीना के कप्तान एंटोनियो रैटिन को रेड कार्ड, 1982 के फॉकलैंड संघर्ष, 1986 में डिएगो माराडोना का चर्चित "हैंड ऑफ गॉड" गोल और 1998 में डेविड बेकहम का रेड कार्ड इस मुकाबले को हमेशा खास बनाते रहे हैं।

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना लगातार 12 विश्व कप मैचों से अजेय है। हालांकि नॉकआउट चरण में उसे केप वर्दे, मिस्र और स्विट्जरलैंड के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। दूसरी ओर इंग्लैंड ने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद मैक्सिको और नॉर्वे को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

इंग्लैंड की चिंता राइट-बैक पोजीशन है। जेरेल क्वांसा निलंबित हैं, जबकि रीस जेम्स की फिटनेस सवालों में है। ऐसे में एजरी कॉन्सा या जेड स्पेंस को जिम्मेदारी मिल सकती है। अर्जेंटीना के सभी खिलाड़ी उपलब्ध हैं और कोच लियोनेल स्कालोनी को मेस्सी के साथ जूलियन अल्वारेज या लोटारो मार्टिनेज में से किसी एक का चयन करना होगा।

अब तक दोनों टीमों के बीच पांच मुकाबले हुए हैं, जिनमें इंग्लैंड ने तीन और अर्जेंटीना ने दो जीते हैं। विश्व कप में दोनों का रिकॉर्ड 2-2 से बराबर है। ऐसे में यह मुकाबला सिर्फ फाइनल का टिकट नहीं, बल्कि प्रतिष्ठा की जंग भी होगा। (अनंत ज्ञान)

## फ्रांस मारेगा लगातार तीसरे फाइनल में एंट्री या स्पेन खत्म करेगा 16 साल का सूखा?

**एजेंसी, अर्लिंग्टन**



फीफा वर्ल्ड कप के पहले सेमीफाइनल में स्पेन और फ्रांस की भिड़ंत होने वाली है। 16 साल के बाद स्पेन ने अंतिम-4 में जगह बनाई है। तो वहीं 2 बार की चैंपियन फ्रेंच टीम के भी हौसले बुलंद हैं। इस मुकाबले में सिर्फ मैदान पर खिलाड़ियों की नहीं बल्कि फुटबॉल की 2 महाशक्तियों की भिड़ंत होने वाली है। एकतरफ से लामिन यामाल होंगे तो दूसरी ओर उन्हें रोकने के लिए किलीयन एम्बाप्पे ताल ठोकेंगे। यानी फैंस को एक दम पैसा वसूल टक्कर देखने को मिलने वाली है। भारतीय समयानुसार मैच की शुरुआत 14 जुलाई को देर रात 12:30 बजे होने वाली है।

पहले सेमीफाइनल का मेला डलास में सजने वाला है। 14 जुलाई को भारतीय समयानुसार देर रात 12 बजकर 30 मिनट पर मुकाबले की शुरुआत होने वाली है। फ्रांस और स्पेन इस वर्ल्ड कप की सबसे मजबूत टीमों में से एक हैं। फ्रेंच टीम ने ग्रुप स्टेज में सेनेगल, इराक और नॉर्वे को मात दी। फिर राउंड ऑफ 32 में स्वीडन को 3-0 से हराया, अगले चरण में पैराग्वे को 1-0 से मात दी। क्वार्टर फाइनल में मोरक्को को 2-0 से धूल चटाकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

दूसरी ओर स्पेन का दबदबा भी कायम रहा। केप वर्डे के खिलाफ पहला मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद टीम ने अपनी असली रफ्तार पकड़ी। दूसरे मैच में साउदी अरब को 4-0 से मात दी। उरुग्वे को 1-0 से हराया। राउंड ऑफ 32 में ऑस्ट्रिया के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की। पुर्तगाल को राउंड ऑफ 16 में बाहर किया। वहीं आखिरी मैच में बेल्जियम को 2-1 से हराकर अंतिम-4 में जगह बनाई। (अनंत ज्ञान)

स्पोर्ट्स विंडो

## संतुलित आक्रामकता भारत की टेस्ट मैच में सफलता का राज: मजूमदार

**एजेंसी, लंदन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में मिली 270 रन की शानदार जीत का श्रेय संतुलित आक्रामकता और अनुशासित प्रदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने बुनियादी बातों पर अमल करते हुए टीम को यादगार जीत दिलाई। मजूमदार ने दूसरी पारी में 113 रन की शानदार पारी खेलने वाली यास्तिका भाटिया की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि चोट से वापसी के बाद लॉर्ड्स जैसे ऐतिहासिक मैदान पर शतक लगाना विशेष उपलब्धि है। उनके अनुसार यास्तिका का शॉट चयन और पारी को संभालने का तरीका बेहतरीन रहा। तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने मैच में सात विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में पांच और दूसरी में दो विकेट लेने वाली क्रांति की लाइन-लेंथ की सराहना करते हुए मजूमदार ने कहा कि उन्होंने अनुशासित गेंदबाजी से लगातार दबाव बनाए रखा। मजूमदार ने भारतीय बल्लेबाजी को टीम की सबसे बड़ी ताकत बताया और स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, हरमनप्रीत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष को विश्व स्तरीय बल्लेबाज करार दिया। (अनंत ज्ञान)

## टेस्ट कोच पद गंवाने के बाद मैकुलम ने मांगी माफी

**एजेंसी, बर्मिंघम।** ब्रेंडन मैकुलम ने राष्ट्रीय टेस्ट कोच के तौर पर अपने नतीजों के लिए इंग्लैंड के क्रिकेट प्रशंसकों से माफी मांगी है और माना कि 'अब किसी और को मौका देने का समय आ गया है।' मैकुलम सीमित ओवरों की टीम के प्रभारी बने रहेंगे लेकिन रविवार को उन्हें टेस्ट क्रिकेट में इस भूमिका से हटा दिया गया जो वह 2022 से संभाल रहे थे। न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी ने पुष्टि की कि उन्हें हटाया गया था और उन्होंने खुद पद नहीं छोड़ा था जैसा कि इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने एक बयान में कहा था। एजबेस्टन में सोमवार को उन्होंने कहा, "हां, मुझे पद से हटा दिया गया। मैं निराश था लेकिन साथ ही मैं इस फैसले का पूरा सम्मान करता हूं। हम नतीजों पर आधारित खेल में हैं और असल में हमारे नतीजे उतने अच्छे नहीं थे। अब किसी और को मौका देने का समय आ गया है।" इंग्लैंड के टेस्ट कोच के तौर पर मैकुलम का रिकॉर्ड 27 जीत, दो ड्रॉ और 20 हार का रहा। कप्तान बेन स्टोक्स के साथ उनके कार्यकाल को 'बैजबॉल' नाम दिया गया था। आक्रामक खेल ने टेस्ट क्रिकेट में नई जान फूंकी और शानदार नतीजे दिए। (अनंत ज्ञान)

## एशियाई अंडर-19 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में नौ भारतीय फाइनल में पहुंचे

**एजेंसी, जकार्ता।** एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी है। अंडर-19 पुरुष और महिला वर्ग में भारत के नौ मुक्केबाजों ने फाइनल में जगह बनाई, जबकि सेमीफाइनल में हारने वाले छह खिलाड़ियों ने कांस्य पदक अपने नाम किए। अंडर-19 महिला वर्ग में भारत की सभी आठ मुक्केबाज फाइनल में पहुंचीं। चाहत (60 किग्रा), अंशिका (75 किग्रा) और प्राची टोकस (+81 किग्रा) ने चीनी ताइपे की प्रतिद्वंद्वियों को हराया, जबकि मेघा श्योकंद (80 किग्रा) प्रतिद्वंद्वी के मुकाबला जारी नहीं रख पाने के कारण फाइनल में पहुंचीं। पुरुष वर्ग में आदित्य (55 किग्रा) और शुभम राजपूत (90 किग्रा) ने जीत दर्ज कर फाइनल का टिकट कटाया। वहीं, छह भारतीय मुक्केबाजों को सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक मिला। अंडर-23 वर्ग में भारत ने सात कांस्य पदक भी अपने नाम किए, जिससे चैंपियनशिप में उसका दबदबा लगातार कायम है। (अनंत ज्ञान)

## सिंधू जापान ओपन के दूसरे दौर में

**एजेंसी, टोक्यो**



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मंगलवार को यहां मलेशिया की वोंग लिंग चिंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में नंबर 10 पर काबिज सिंधू ने अपने सहज खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में विश्व रैंकिंग में नंबर 37 पर काबिज वोंग को 21-14 21-11 से हराया।

भारत के ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो ने भी अपने मिश्रित युगल मुकाबले में स्कॉटलैंड के एलेक्जेंडर डन और जूली मैकफर्सन को 21-16, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। हालांकि, रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे पहले ही दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 11-21, 10-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

सिंधू ने शुरुआत से ही खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा और रैलियों की गति को नियंत्रित करते हुए 7-4 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि वोंग ने संघर्ष जारी रखने की कोशिश की, लेकिन उनकी गलतियों ने भारतीय खिलाड़ी को लगातार आगे बढ़ने का मौका दिया। सिंधू ने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी रैलियों में सहज दिख रही थीं और उन्होंने अपने स्ट्रोक्स को प्रभावी ढंग से लगाकर अपनी बढ़त को 14-9 तक पहुंचा दिया। उनके बैकहैंड नेट ड्रिबल, ड्रॉप शॉट और हाफ-स्मैश सटीक रहे।

एक सीधे शॉट से सिंधू को सात गेम प्वाइंट मिले, और उन्होंने दूसरे पर पहला गेम अपने नाम कर लिया। सिंधू ने दूसरे गेम में भी शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया और मलेशिया की खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। भारतीय खिलाड़ी ने जल्द ही 8-2 की बढ़त हासिल कर ली। सिंधू इंटरवल तक 11-3 से आगे थी। इसके बाद भी उन्होंने बड़ा अंतर बनाए रखा और फिर 10 मैच प्वाइंट हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे मैच प्वाइंट पर मैच अपने नाम कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज की बराबर

**एजेंसी, प्रोविडेंस (गयाना)**



बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स ने 19 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ कम स्कोर वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच विकेट से जीत हासिल करके सीरीज बराबर कर ली। वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय बिना किसी नुकसान के 63 रन था, लेकिन आखिर में उसकी टीम 36 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई।

न्यूजीलैंड के लिए भी टर्न लेती पिच पर छोटे लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं रहा। उसका स्कोर भी एक समय पांच विकेट पर 96 रन था। उसके बाद टॉम लैथम (नाबाद 37) ने मार्क ब्रैसवेल (नाबाद 24) के साथ 37 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को 104 गेंद शेष रहते लक्ष्य तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड ने 32.4 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बनाए। न्यूजीलैंड की यह वनडे में 400वीं जीत थी जिससे उसने पांच मैचों की सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया। वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात विकेट से जीता था।

लेनोक्स ने 31 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद अपने सातवें वनडे में पहली बार पांच विकेट लिए। उन्होंने एक ऐसे पतन की शुरुआत की जिससे जॉन कैंपबेल (43) और अकीम ऑगस्ट (18) के बीच पहले विकेट की अच्छी साझेदारी के बावजूद वेस्टइंडीज ने 65 रन के अंदर अपने सभी 10 विकेट गंवा दिए। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंचे। इनमें आमिर जांगू भी शामिल थे जिन्होंने 24 रन बनाए।

हेनरी निकोल्स (17) और विल यंग (28) ने न्यूजीलैंड को तेज शुरुआत दी तथा पहले विकेट के लिए लगभग पांच रन प्रति ओवर की दर से 35 रन जोड़े। न्यूजीलैंड ने यंग और मार्क चैपमैन (00) के विकेट जल्दी-जल्दी गंवा दिए। निकोल्स के आउट होने से स्कोर तीन विकेट पर विकेट पर 52 रन हो गया। डैरिल मिचेल (28) और लैथम ने चौथे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। पांच मैचों की सीरीज का तीसरा मैच वीरवार को गयाना में ही खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## यूथ हॉकी5एस एशिया कप के लिए भारतीय पुरुष-महिला टीमों का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हॉकी इंडिया ने 20 से 25 जुलाई तक ओमान के मस्कट में होने वाली पहली यूथ हॉकी5एस एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय सब-जूनियर पुरुष और महिला टीमों की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट पहली बार आयोजित हो रहे एफआईएच अंडर-18 यूथ हॉकी5एस विश्व कप का एशियाई क्वालिफायर भी है।

पुरुष वर्ग में भारत के साथ मेजबान ओमान, पाकिस्तान, ईरान, इराक, सऊदी अरब और बांग्लादेश हिस्सा लेंगे। महिला वर्ग में भारत, पाकिस्तान, ओमान, चीन, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान और ईरान की टीमें चुनौती पेश करेंगी।

महिला टीम की कप्तानी स्वीटी कुजूर करेंगी। टीम में गोलकीपर खिली कुमारी और महक परिहार, डिफेंस में नीलम टोपनो और किरण एक्का, जबकि मिडफील्ड में दिया, पुष्पा मांझी और श्रुति कुमारी को जगह मिली है। आक्रमण की जिम्मेदारी नौशीन नाज, संदीपा कुमारी और कप्तान स्वीटी संभालेंगी। पुरुष टीम की कमान केतन कुशवाहा के हाथों में होगी। टीम में गोलकीपर सावन कुमार और आयुष रजक, डिफेंस में करण गौतम और आशीष तानी पुरती, मिडफील्ड में राहुल यादव और रोमित पाल, जबकि फॉरवर्ड लाइन में केतन, प्रह्लाद राजभर, अर्शदीप सिंह और शाहरुख अली शामिल हैं। महिला टीम की कोच रानी और पुरुष टीम के कोच सरदार सिंह ने विश्वास जताया कि युवा खिलाड़ी हॉकी5एस के तेज रफ्तार प्रारूप में दमदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी छाप छोड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

## ब्रिटेन में मंदिर की जगह मुस्लिमों को बेचने पर विवाद, हिंदू समाज पहुंचा हाईकोर्ट

**एजेंसी, लंदन।** लंदन से 120 किमी दूर पीटरबरो में 40 साल पुराने मंदिर और कम्युनिटी सेंटर की बिक्री को पर विवाद हो गया है। पीटरबरो सिटी काउंसिल ने न्यू इंग्लैंड कॉम्प्लेक्स को नीलामी के बाद एक मुस्लिम संस्था, यूनाइटेड किंगडम इस्लामिक मिशन, को बेचने का फैसला किया है। इसी परिसर में भारत हिंदू समाज का मंदिर चलता है, जो शहर और आसपास रहने वाले हजारों हिंदुओं का प्रमुख पूजा और सांस्कृतिक केंद्र है। फैसले से नाराज भारत हिंदू समाज ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर बिक्री प्रक्रिया को चुनौती दी है।

भारत हिंदू समाज संगठन का आरोप है कि काउंसिल ने मंदिर की करीब 40 साल पुरानी धार्मिक और सामुदायिक भूमिका को नजरअंदाज किया। नीलामी के मूल्यांकन में भी गंभीर खामियां रहीं। बता दें कि फरवरी 2026 में हाईकोर्ट ने अंतरिम रोक लगाते हुए काउंसिल को बिक्री पूरी करने जैसे किसी भी कदम से रोक दिया था। अब न्यायिक समीक्षा में यह जांच हो रही है कि फैसला की प्रक्रिया कानून के मुताबिक थी या नहीं। मंदिर प्रबंधन ने साफ किया है कि उसका विरोध मुस्लिम संस्था से नहीं, बल्कि काउंसिल के फैसले और प्रक्रिया से है। अब कोर्ट जांच करेगा कि संपत्ति बेचने का फैसला कानून और समानता के नियमों के मुताबिक लिया गया था या नहीं। भारत हिंदू समाज का कहना है कि पीटरबरो का यह मंदिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि इलाके के 4,000 हिंदुओं का एकमात्र सामाजिक-सांस्कृतिक केंद्र भी है। यदि यह परिसर बंद होता है, तो हिंदुओं को पूजा-अर्चना व त्योहारों के लिए निकटतम मंदिर (कैंब्रिज-56 किमी) या (लेस्टर-64 किमी) का रुख करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

## वियतनाम नौका हादसा: चेन्नई लाए गए दो मृतकों के पार्थिव शरीर

**एजेंसी, चेन्नई**



वियतनाम में हुए नौका हादसे में जान गंवाने वाले तमिलनाडु के दो लोगों के पार्थिव शरीर मंगलवार सुबह चेन्नई पहुंचे। तिरुवन्नामलई निवासी रविशंकर और वेल्लोर निवासी विनय कुमार के शवों पर टीवीके विधायक विनोद कन्नन ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिजनों को सांत्वना दी। हादसा उस समय हुआ, जब एक मोबाइल कंपनी की ओर से आयोजित पर्यटन एवं व्यावसायिक यात्रा के दौरान भारतीय प्रतिभागियों को नौका से एक द्वीप ले जाया जा रहा था। अचानक नौका पलटने से 15 भारतीयों की मौत हो गई। इनमें तमिलनाडु के 10, आंध्र प्रदेश के तीन और केरल के दो लोग शामिल हैं।

भारतीय दूतावास और तमिलनाडु सरकार के प्रयासों से सभी मृतकों के पार्थिव शरीर सोमवार रात विशेष विमान से मुंबई लाए गए। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद राज्यों के अधिकारियों को शव सौंपे गए।

मंगलवार सुबह रविशंकर और विनय कुमार के पार्थिव शरीर चेन्नई पहुंचे। विनय कुमार के परिजन शव लेने हवाई अड्डे पहुंचे, जबकि रविशंकर के परिजन नहीं पहुंच सके, जिसके बाद जिला प्रशासन ने शव को तिरुवन्नामलई भेजने की व्यवस्था की।

अधिकारियों के अनुसार चेन्नई और तिरुवल्लूर के दो अन्य मृतकों के पार्थिव शरीर भी चेन्नई लाए जाएंगे, जबकि छह अन्य शव कोयंबटूर के रास्ते उनके गृह जिलों तक पहुंचाए जाएंगे। मृतकों के परिजनों ने सरकार और अधिकारियों की सहायता के लिए आभार जताया। (अनंत ज्ञान)

## काली गंडकी और सेती नदी का जलस्तर बढ़ने से दर्शन बंद

# नेपाल में बाढ़ से जलमग्न हुई विश्व की सबसे बड़ी शालिग्राम शिला

**एजेंसी, काठमांडू**



नेपाल में लगातार दो दिन से हो रही बारिश ने जनजीवन के साथ धार्मिक स्थलों को भी प्रभावित किया है। पर्वत, स्याङ्जा और गुल्मी जिलों के संगम पर स्थित दुनिया की सबसे बड़ी शालिग्राम शिला काली गण्डकी और सेती नदी के उफान के कारण पूरी तरह जलमग्न हो गई है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं के प्रवेश और दर्शन पर फिलहाल रोक लगा दी है।

शालिग्राम विद्याश्रम के संरक्षक कुलराज तिवारी ने बताया कि बढ़ते जलस्तर के कारण शिला तक जाने वाला मार्ग, परिक्रमा स्थल और सत्संग भी पानी में डूब गए हैं। सुरक्षा कारणों से पुजारियों और सेवा में लगे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज बहाव से शिला के आसपास की सुरक्षा संरचनाएं, तटबंध और गेबियन जाल भी जलमग्न हो गए हैं। हालांकि फिलहाल आसपास की बस्तियों को तत्काल खतरा नहीं है, लेकिन सेतीबेनी बाजार में बाढ़ की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि काली गंडकी 'ए' जलविद्युत परियोजना के बांध के कारण हर वर्ष बाढ़ का खतरा बढ़ जाता है। करीब 200 व्यापारी और स्थानीय निवासी संभावित जलभराव को लेकर चिंतित हैं। जनप्रतिनिधियों ने शालिग्राम शिला की सुरक्षा के लिए नदी के प्रवाह का वैज्ञानिक समाधान निकालने की मांग की है।

पर्वत जिला पुलिस ने लगातार बारिश के बीच नदियों और नालों के किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने तथा भूस्खलन और बाढ़ के खतरे को देखते हुए अनावश्यक आवाजाही से बचने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

## हरियाणा और आंध्र प्रदेश की एसआईआर तिथियों में बदलाव

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने हरियाणा और आंध्र प्रदेश से जुड़ी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़ी कुछ तिथियों में बदलाव किया है। हालांकि दोनों राज्यों में मसौदा और अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित किए जाने की तिथियों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

चुनाव आयोग ने इस संबंध में दोनों राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने उनकी ओर से प्राप्त अनुरोध की जानकारी देते हुए नई तिथियां घोषित की हैं। इसके अनुसार अब बूथ स्तर के अधिकारियों की घर-घर जाने की तिथियां 15 जून से बढ़कर 24 जुलाई कर दी गई है। मतदाता केंद्रों की पुनर्व्यवस्था 24 जुलाई तक पूरी की जाएगी और 31 जुलाई तक मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित होगी। इसके अलावा 31 जुलाई से 30 अगस्त के बीच में दावे और आपत्तियां दाखिल की जा सकती हैं। 31 जुलाई से 28 सितंबर तक दावों का निस्तारण किया जाएगा और अंतिम मतदाता सूची 3 अक्तूबर को प्रकाशित की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स 561 अंक गिरा निफ्टी 24,052 पर बंद



**एजेंसी, मुंबई**

शेयर बाजार में 14 जुलाई मंगलवार को गिरावट रही। सेंसेक्स 561 अंक की गिरावट के साथ 77,055 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 159 अंक की गिरावट रही, ये 24,052 पर बंद हुआ। ऑटो, आईटी, रियल्टी और बैंकिंग शेयर्स में ज्यादा बिकवाली रही। वहीं फार्मा, हेल्थ केयर और मेटल में ज्यादा खरीदारी रही।

कच्चे तेल की कीमतें 2 प्रतिशत चढ़कर दोबारा 85 डॉलर के करीब पहुंच गई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि ईरान के साथ हुआ समझौता अब खत्म हो चुका है। इससे कच्चे तेल के दाम में फिर से तेजी देखने को मिल रही है। (अनंत ज्ञान)

### सोना 476 रुपए घटा और चांदी 2.19 लाख रुपए किलो पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने के दाम में आज यानी 14 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 476 रुपए घटकर 1.42 लाख रुपए पर आ गया है। वहीं, एक किलो चांदी 849 रुपए बढ़कर 2.19 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 34 हजार रुपए सस्ता हो चुका है। (अनंत ज्ञान)



## जम्मू-कश्मीर के सांबा में खेत से मिला ड्रोन

**एजेंसी, सांबा।** जम्मू-कश्मीर के सांबा में एक ड्रोन मिला है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को सांबा जिले के एक खेत से ड्रोन मिला। यह ड्रोन चक सलारिया के एक निवासी को देवक के पास खेत में पड़ा मिला। उन्होंने सुबह इसे देखा था। उन्होंने बताया कि उस व्यक्ति ने तुरंत पास की आर्मी यूनिट को सूचना दी और इसके बाद ड्रोन को जब्त कर लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि ड्रोन को फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह कहां से आया है। इसकी तकनीकी खासियत क्या है और क्या इसका इस्तेमाल सीमा पार की किसी गतिविधि के लिए किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि सेना ने तुरंत अपना एंटी-ड्रोन प्रोटोकॉल एक्टिवेट किया और संदिग्ध ड्रोन के खिलाफ जैमिंग की कार्रवाई शुरू की। (अनंत ज्ञान)